मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 66

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com | जयपुर, बुधवार, 28 जनवरी, 2026 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित





**राज्य स्तरीय समारोह : उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस**

# 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' के निर्माण में सभी निभाएं सक्रिय भूमिका : बागड़े

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, गणमान्यजन उपस्थित रहे। राज्यपाल ने झंडा फहराने के बाद परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। राज्यपाल ने इस दौरान गणतंत्र दिवस पर 'विकसित भारत- विकसित राजस्थान' के निर्माण में सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान की महान परंपरा, उसके मूल तत्व और उसके आदर्शों में अटूट आस्था व्यक्त करने का अवसर है। राज्यपाल ने राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में हुए अभूतपूर्व विकास की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश को 2029 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, सड़क और औद्योगिक विकास जैसे बुनियादी क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। जनहितैषी नीतियों और पारदर्शी शासन व्यवस्था से आमजन का विश्वास



सुदृढ़ हुआ है तथा प्रशासनिक जवाबदेही को हर स्तर पर सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और सीमाओं पर चौकस प्रहरियों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि उनकी बदौलत ही आज भारत विश्व पटल पर आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है।

### राज्यपाल ने शहीदों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

इससे पहले राज्यपाल ने सवाई मानसिंह स्टेडियम के समीप अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया और मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां से रखी पुस्तिका में अपनी ओर से शहीदों के प्रति शब्द कृतज्ञता भी अंकित की।

### परेड और लोक कला का हुआ प्रदर्शन

राज्यपाल ने इस अवसर पर पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक क्षेत्र आदि में विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में लोक कलाकारों एवं छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही घुड़सवारी शो, जर्मन ड्रिल, बैंड वादन, आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जिनके माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा रंग-बिरंगे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया।



## लोकभवन में एट होम का आयोजन

**सीएम, दोनों डिप्टी सीएम विधानसभा अध्यक्ष, सिविल लाइंस विधायक सहित गणमान्यों ने शिरकत की**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के सान्निध्य में सोमवार को लोकभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एट होम का आयोजन हुआ। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, मुख्य सचिव वी श्रीनिवास सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियां एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



राज्यपाल को शुभकामनाएं देते विधायक गोपाल शर्मा।

**भारत-यूरोपियन यूनियन में हुआ ऐतिहासिक समझौता, पीएम मोदी ने कहा-**

# 'यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का रोडमैप'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) हो गया। भारत और ईयू के नेताओं ने 16वें भारत-ईयू समिट के दौरान इसका ऐलान किया।

पीएम मोदी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी एफटीए के साथ-साथ हम मोबिलिटी के लिए भी एक नया फ्रेमवर्क बना रहे हैं। इससे भारत के स्टूडेंट्स, वर्कर्स और प्रोफेशनल्स के लिए ईयू में नए अवसर खुलेंगे। साइंस एंड टेक्नॉलजी में हमारा लंबे समय से एक व्यापक सहयोग रहा है। आज हमने इन महत्वपूर्ण लिकेंज को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग किसी भी स्ट्रटीजिक पाटर्नरशिप की नीव होती है। और, आज हम इसे सिक्योरिटी एंड डिफेंस पार्टनरशिप के जरिए औपचारिक रूप दे रहे हैं। इससे काउन्टर-टेररिज्म, मैरीटाइम, और साइबर सिक्योरिटी में हमारी साझेदारी और गहरी होगी। यह रूल्स-बेस्ट इंटरनेशनल ऑर्डर के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को भी बल देगा। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में हमारे सहयोग का दायरा बढ़ेगा। और इसके साथ हमारी डिफेंस कंपनियां को डवलपमेंट और को प्रोडक्शन के नए अवसर साकार करेंगी।



### 27 तारीख को 27 देशों के साथ एफटीए : मोदी

भारत-यूरोपीय फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट पर पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और ये सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपियन यूनियन के 27 देशों के साथ भारत ये एफटीए कर रहा है।। यह ऐतिहासिक समझौता- हमारे किसानों, हमारे छोटे उद्योगों की यूरोपियन मार्केट तक पहुंच आसान बनाएगा, मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा और हमारे सर्विसेज सेक्टर के बीच सहयोग को और प्रबल करेगा। इतना ही नहीं यह एफटीए भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच इनवेस्टमेंट को बूस्ट करेगा, नई इनोवेशन पार्टनरशिप बनाएगा और वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन को मजबूत करेगा। यानी यह सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि का रोडमैप है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस समझौते के तहत भारत और यूरोपीय संघ मिलकर इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया में वैश्विक व्यवस्था को लेकर उथल-पुथल है, ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार बहुत जरूरी हो गया है। इसके बाद पीएम मोदी ने इंडिया-ईयू बिजनेस फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में व्यापार तकनीक और रेयर खनिजों को हथियार बनाकर इनका इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है, इसलिए भारत और ईयू को मिलकर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए।

### गोवा से जुड़ी पहचान मेरे लिए गर्व की बात : कोस्टा

यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने खुद को प्रवासी भारतीय बताया। उन्होंने कहा कि मैं यूरोपीय परिषद का अध्यक्ष हूं, लेकिन साथ ही मैं एक ओवरसीज इंडियन सिटिजन भी हूं। इसलिए जैसा आप समझ सकते हैं, मेरे लिए इसका एक खास भावनात्मक मतलब है। कोस्टा ने कहा कि मुझे अपनी गोवा से जुड़ी पहचान पर बहुत गर्व है, जहां से मेरे पिता का परिवार आया है। यूरोप और भारत के बीच का रिश्ता मेरे लिए सिर्फ आधिकारिक नहीं, बल्कि निजी भी है।

### एफटीए से 43 हजार करोड़ के टैरिफ कम होंगे : उर्सुला

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से हर साल करीब 4 अरब यूरो (43 हजार करोड़ रुपए) के टैरिफ कम होंगे और भारत व यूरोप में लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए मौके बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारत-ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट दुनिया को साफ संदेश देता है कि आज की ग्लोबल चुनौतियों का सबसे अच्छा जवाब आपसी सहयोग है ना कि अलग-थलग होकर फैसले लेना।

# विधानसभा का बजट सत्र आज से हंगामेदार रहने की संभावना

- 11 फरवरी को पेश हो सकता है बजट
- डिस्टर्ब एरिया, जयपुर में खेल विश्वविद्यालय जैसे विधेयक आएंगे
- मनरेगा बचाओ और एसआईआर पर विपक्ष की ओर से हंगामे की तैयारी
- सत्ता पक्ष ओएमआर शीट मामले में विपक्ष को घेरेगा

महानगर टाइम्स संवाददता

**जयपुर।** राज्य विधानसभा का बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा। करीब एक माह चलने वाले इस सत्र की शुरुआत राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से होगी। इसी सत्र में सरकार की ओर से उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीयाकुमारी 11 फरवरी को बजट पेश कर सकती हैं। सत्र के खासा हंगामेदार रहने की संभावना है, क्योंकि विपक्ष मनरेगा और एसआईआर के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है, वहीं सत्ता पक्ष पिछली सरकार के दौरान हुई सरकारी भर्तियों में सामने आ रही अनियमितताओं और अन्य मुद्दों पर विपक्ष को घेरेगा। सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले डिस्टर्ब एरिया बिल पर भी खासा हंगामा होने की संभावना है। इसके साथ ही पांच विधायकों के मामले में सदन की समितियों की ओर रिपोर्ट पेश होने की संभावना भी है, ऐसे में इन रिपोर्टों पर सदन के निर्णय पर भी सबकी निगाहें बनी हुई हैं।



### ये आएंगे बिल

सत्र के दौरान जयपुर में महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के बारे में विधेयक पेश किया जाएगा। इसके साथ ही केबिनेट द्वारा हाल ही मंजूर किए गए डिस्टर्ब एरिया में संपत्ति की बिक्री पर रोक संबंधी बिल भी पेश होगा। इसके साथ ही दो अधिसूचनाओं के बिल भी सदन में पेश होंगे। वहीं कुछ अन्य विधेयक भी पेश किए जा सकते हैं।

### इनका कहना है...

सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए। सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदन और आसन की गरिमा सभी सदस्य बनाए रखें। सभी दलों के सभी सदस्य सकारात्मक सोच के साथ सदन को चलाएं। सदन को चलाने की जिम्मेदारी पक्ष एवं प्रतिपक्ष सदस्यों की है।

**वासुदेव देवनानी,** विधानसभा अध्यक्ष

सरकार ने अब तक दो ऐतिहासिक बजट पेश किए हैं। तीसरा बजट आने वाला है। राजस्थान की 8 करोड़ की जनता की मंशा पर खरा उतरना है। विपक्ष जिन मुद्दों को उठाएगा उनका जबाव भी दिया जाएगा। उनके पांच साल पर हमारा दो साल का विकास भारी है।

**जोगाराम पटेल,** संसदीय कार्य मंत्री

बजट सत्र को लेकर सरकार गंभीर नहीं है, क्योंकि सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। हमने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अपने सुझाव रखे हैं। ईआरसीपी और कानून व्यवस्था को लेकर सरकार बात ही नहीं करना चाहती। सकारात्मकता के साथ सदन में हम सहयोग करेंगे।

**टीकाराम जूली,** नेता प्रतिपक्ष

### इन मुद्दों पर हंगामे के आसार

- विपक्ष की ओर से मनरेगा कानून खत्म कर नया कानून लाए जाने और प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम यानी एसआईआर के मुद्दे जोर-शोर से उठाए जाने की तैयारी है। एसआईआर के अंतिम आंकड़े भी सत्र के दौरान ही 16 फरवरी को सामने आएंगे, ऐसे में हंगामा होना तय माना जा रहा है।
- इसके साथ ही केबिनेट ने हाल ही डिस्टर्ब एरिया घोषित किए जाने के संबंध में कानून को मंजूरी दी है। यह बिल इसी सत्र में पेश किया जाएगा। इस पर भी खासा हंगामा हो सकता है।
- सदन के पांच विधायकों के खिलाफ भी समितियों की रिपोर्ट सदन में पेश हो सकती है। इनमें राष्ट्रीय लोकदल के विधायक सुभाष गर्ग के खिलाफ विशेषाधिकार हनन समिति की रिपोर्ट लंबित है, वहीं सवाल रोकने के बदले भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़े गए भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल और हाल में एक स्टिंग ऑपरेशन में कथित तौर पर विधायक निधि के काम के बदले कमीशन मांगने के मामले में भाजपा विधायक रेवतराम डांगी, कांग्रेस विधायक अनिता जाटव और निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत की जांच कर रही सदाचार कमेटी की रिपोर्ट भी इसी सत्र में पेश होने की सम्भावना है।
- वहीं सत्ता पक्ष की ओर से पिछली सरकार के समय हुई भर्तियों में सामने आ रही अनियमितताओं के मामले में विपक्ष को घेरा जा सकता है।

### तीन चरण में चल सकता है सत्र

प्रदेश में मार्च में संभावित पंचायतीराज चुनाव के चलते इस बार बजट सत्र तीन चरण में चलने की संभावना जताई जा रही है। इसका पहला चरण बुधवार से शुरू होकर तीन फरवरी तक चल सकता है। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार की ओर से जवाब आ सकता है। इसके बाद अगले चरण में 11 फरवरी को बजट पेश होने के बाद 28 फरवरी तक अनुदान मांगों पर चर्चा कर बजट पारित किया जा सकता है। मार्च में प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव होने की संभावना है, इसलिए सरकार और विपक्ष चुनाव में व्यस्त रहेगा। ऐसे में चुनाव के बाद मार्च के ही अंतिम सप्ताह या अप्रेल में सत्र का तीसरा चरण हो सकता है, जिसमें सरकार की ओर से पेश किए जाने वाले विभिन्न बिल पारित किए जा सकते हैं। हालांकि इस सत्र की कार्यवाही कैसे चलेगी इस बारे में विधानसभा की कार्य संचालन समिति की बैठक में अंतिम निर्णय होगा।

### सर्वदलीय बैठक में सदन शांतिपूर्वक, नियमों और परंपराओं से चलने पर बनी सहमति

इस बीच सत्र की शुरुआत से पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। पिछली बार सर्वदलीय बैठक का कांग्रेस ने बहिष्कार किया था, लेकिन इस बार नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बैठक में पहुंचे। बैठक में सदन को शांतिपूर्वक, नियमों और परंपराओं से चलाने और सभी सदस्यों द्वारा सम्मानजनक व गरिमा बनाए रखने वाले शब्दों का उपयोग किए जाने पर सहमति जताई गई। पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से बात रखी जाएगी। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि पिछले सत्रों के 96 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधानसभा को प्राप्त हो गए हैं। आगे भी समय पर प्रश्नों के जवाब मंगाए जायेंगे। इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। सदन में समितियों की रिपोर्ट समय पर मंगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सदन का प्रश्न और शून्यकाल महत्वपूर्ण होता है। इन दोनों समय में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए इसके लिए सभी दलों को मंथन करना होगा। बैठक में देवनानी के अलावा संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, मनोज कुमार, डॉ. सुभाष गर्ग और थावरचंद मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री निवास पर हुई भाजपा विधायक दल की बैठक

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विधायकों के साथ फ्लोर मैनेजमेंट के संबंध में व्यापक चर्चा करते हुए उन्हें सदन के अंदर सक्रियता के साथ सरकार का पक्ष मजबूती से रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुधवार को शुरू होने जा रहा बजट सत्र महत्वपूर्ण है। इस दौरान राज्य सरकार अपना समावेशी और सर्वस्पर्शी बजट पेश करेगी। यह जन आंकाक्षाओं का प्रतिबिंब होगा और प्रदेश के विकास को नई गति देगा। उन्होंने विधायकों से कहा कि वे राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रमुखता से सदन में उठाएं। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित भाजपा विधायक उपस्थित रहे।



## जयपुर में एंबुलेंस पलटी, मरीज समेत 2 की मौत, 4 गंभीर घायल

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** करधनी थाना क्षेत्र में निवारू रोड के पास अजमेर-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार शाम 7 बजे हार्ट पेशेंट को लेकर आ रही एम्बुलेंस पलट गई। हादसे में मरीज सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एम्बुलेंस में सवार परिवार के लोग, ड्राइवर, नर्सिंगकर्मी सहित 4 घायल हो गए। एम्बुलेंस कार्डियक मरीज को चौमूं के बराला हॉस्पिटल से मानसरोवर के एक निजी हॉस्पिटल लेकर जा रही थी। करधनी पुलिस के अनुसार झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी क्षेत्र के गुढ़ागौड़जी निवासी कार्डियक पेशेंट सिराजुद्दीन (67) को उसके परिजन बराला हॉस्पिटल से जयपुर ला रहे थे कि निवारू रोड के पास शर्मा हॉस्पिटल के सामने एम्बुलेंस पलट गई। हादसे में मरीज सिराजुद्दीन और उनके छोटे भाई फिरोज अली (50) की मौत हो गई। वहीं ड्राइवर प्रकाश, नर्सिंगकर्मी वेद प्रकाश सहित अन्य घायल हो गए।



## एसआईआर में लगे कर्मचारियों-अधिकारियों के तबादलों पर रोक 14 फरवरी तक बढ़ी

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक अब 14 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। प्रशासनिक सुधार विभाग के संयुक्त सचिव अरुण प्रकाश शर्मा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि एसआईआर के कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों पर पहले 7 फरवरी तक रोक लगाई गई थी लेकिन मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को निर्धारित किया गया है। इसलिए इस कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों पर 14 फरवरी तक रोक रहेगी। अगर किसी विशेष परिस्थिति में अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले करने होंगे, तो उसके लिए पहले चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी। तबादलों पर रोक के आदेश के दायरे में जो अधिकारी-कर्मचारी आएंगे, उनमें कलेक्टर, एसडीएम, एडीएम, तहसीलदार, बीएलओ शिक्षक, पटवारी और ग्राम सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं।

**मौसम** **पूरे प्रदेश पर देखा जा रहा पश्चिमी विक्षोभ का असर, करीब आधे जिले प्रभावित, भीलवाड़ा और सवाईमाधोपुर में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान**

# जयपुर समेत 13 जिलों में बारिश, बिजली गिरने से 2 की मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरे प्रदेश पर देखा जा रहा है। प्रदेश के करीब आधे जिले इससे प्रभावित हुए हैं। पिछले 5 दिन में दूसरी बार 9 जिलों में ओले गिरे। भीलवाड़ा और सवाई माधोपुर में देर शाम ओलावृष्टि हुई। एक बारगी मानों क्षेत्र में सफेद चादर ही बिछ गई। वहीं बिजली गिरने से सीकर और कोटा में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। अलवर में एक मकान में आग लग गई। इधर कोटा के रामगंज मंडी में तेज बारिश में लाखों रुपए की धनिया की फसल बह गई। मौसम विभाग के अनुसार आंधी-बारिश का दौर रुकने के बाद दो दिन कोहरा रहेगा। इसके बाद 31 जनवरी से 1 फरवरी के बीच एक और नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने से बारिश हो सकती है। जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, अलवर, हनुमानगढ़, चूरू, कोटा में रुक-रुककर बरसात हुई। साथ ही नीम का थाना (सीकर), रैणी (अलवर), नोहर (हनुमानगढ़) और मंडाना (कोटा), सवाई माधोपुर के टोडरा फलौदी में 5 से 10 मिनट तक ओले भी गिरे। खेतों और मंडी में पानी भरने से फसलों को भी नुकसान हुआ। रामगंज मंडी में तेज बारिश के बीच धनिया की फसल से भरी बोरियां पानी में डूब गईं। सीकर में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं कोटा के मंडाना में भी बिजली गिरने से 25 साल के युवक की मौत हो गई। इसके साथ ही अलवर के राजगढ़ में बिजली गिरने से एक मकान की दीवार टूट गई। इलेक्ट्रिक उपकरण जल गए। राजस्थान में पांच दिन में दूसरी बार बारिश और ओले गिरने से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर जारी रह सकता है।



राजगढ़ में बिजली गिरने से टूटी मकान की दीवार

### 28 जनवरी को घना कोहरा, 31 से फिर बारिश की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार 28 और 29 जनवरी को प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाएगा और कई जगह सर्द हवा चलेगी। 31 जनवरी से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इसके असर से प्रदेश में 31 जनवरी और 1 फरवरी को बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है।

### कई इलाकों में फसलें हुईं खराब

शेखावाटी एरिया के चूरू जिले में भी ओले गिरे। यहां हुई तेज बारिश के बाद फसलों में खराबे की भी आशंका बढ़ गई है। रामगंज मंडी में धनिया की फसल खराब हो गई। मंडी व्यापारी तेज बारिश के बीच फसल को बचाने की कोशिश करते नजर आए। रामगंज मंडी में धनिया की फसल खराब हो गई। बारां के अंता में सुबह से ही घने बादल छाए रहे। सुबह नौ बजे के करीब क्षेत्र में तेज बारिश का दौर शुरू हुआ, जो लगभग आधे घंटे तक जारी रहा।



अलवर

### मावठ-बादल की वजह से पारे में हल्की तेज

बादलों की वजह से तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी देखी गई। प्रदेश के अलवर को छोड़ किसी भी शहर का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री से कम नहीं रहा। अलवर में न्यूनतम पारा 4.5 पर दर्ज किया गया। वहीं राजधानी में 21.9 व न्यूनतम 13 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ ही दिन के पारे में भी हल्की तेजी देखी गई है। प्रदेश के कई शहरों का पारा 20 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पत्रकार, साहित्यकार हुए सम्मानित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्याम राय भटनागर पत्रकारिता शोध संस्थान एवं लास्ट टर्मिनल मीडिया संस्थान की ओर से गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पिंकसिटी प्रेस क्लब में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता साहित्य और लेखन के लिए काम करने वाली कई प्रतिभाओं का राज्यस्तरीय सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा थे। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार बालमुकुंद ओझा, लक्ष्मण बोलिया, फारूक आफरीदी, आशा पटेल, एलसी भारतीय को स्मृति चिह्न, साफा, माला एवं श्रीफल देकर साहित्य शिरोमणि से सम्मानित किया गया। साहित्यकार नंद भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार सनी सेबेस्टियन, शिक्षाविद सुनील शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा और महासचिव मुकेश चौधरी ने स्मृति चिह्न एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा ने संबोधित करते कहा कि पत्रकारिता सुविधा की सड़क नहीं, परेशानी की पगडंडी है और जो इस पगडंडी पर चलता है, वही सफल होता है। सत्ता पक्ष कभी भी पत्रकारिता की पक्षधर नहीं रहती है पत्रकारिता को हमेशा संघर्ष करना पड़ता है। कार्यक्रम संयोजक अशोक भटनागर ने बताया कि वे लंबे समय से यह कार्यक्रम करते आ रहे हैं और इसका उद्देश्य साहित्यकारों-पत्रकारों का हौसला बढ़ाना है। कवि सम्मेलन में इकराम राजस्थानी, बनज कुमार बनज, गोविंद भारद्वाज, ममता मंजुला, नवनीत राय रुचिर, जुल्फिकार नसीराबाद ने अपनी काव्य रचनाएं सुनाई और राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई।



## पांडुलिपि संरक्षण, संवर्धन से जुड़े प्रकल्पों को सराहा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने जयपुर स्थित विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान का औपचारिक निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान की कार्यप्रणाली, पांडुलिपि संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े प्रकल्पों को निकट से देखा और सराहना की। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने कहा कि विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, ज्ञान भारतम् मिशन के क्लस्टर सेंटर के रूप में उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, सूचीकरण, डिजिटलीकरण एवं संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास राष्ट्रीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। संस्थान के उपाध्यक्ष एवं समन्वयक महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राजस्थान पांडुलिपि समन्वयक डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा ने राजस्थान में प्रस्तावित पांडुलिपि कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण दिया।

मुख्यमंत्री ने शासन सचिवालय में फहराया तिरंगा झंडा | राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

# कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्मिकों का दायित्व : भजनलाल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के बाद हमें आजादी मिली और भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्मिकों का दायित्व है और राज्य सरकार उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की ओर से शासन सचिवालय में गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा देश और प्रदेश का भविष्य हैं, इसलिए राज्य सरकार उन्हें शिक्षण, प्रशिक्षण और रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार ने अब तक 1 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी हैं, साथ ही 1 लाख 54 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के लिए भी एक लाख भर्तियों का कैलेंडर जारी किया जा चुका है। इस प्रकार हम भर्तियों के साढ़े तीन लाख के आंकड़े को पार कर चुके हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार 5 साल में 4 लाख सरकारी भर्तियों के लक्ष्य को हासिल करेगी।

उन्होंने कहा कि हमने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर लगभग 35 लाख करोड़ रुपए के निवेश एमओयू किए, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव धरातल पर आ चुके हैं। इनसे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 71 नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना की गई है। उनके सर्वांगीण विकास के लिए राजस्थान युवा नीति और रोजगार नीति लागू की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार चाहने वाला ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला भी बने, इसके लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज-मुक्त ऋण प्रदान करके उद्यमिता की ओर प्रेरित करना है।

### बड़ी चौपड़ पर आयोजन में बोले सीएम भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था



**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने सोमवार को बड़ी चौपड़ पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में युवा, महिला, किसान, श्रमिक सहित समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। राजस्थान में भी डबल इंजन की सरकार पानी, बिजली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में हम सभी को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के कथन-'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत' का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाला समय भारत का है। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य, जिलाध्यक्ष अमित गोयल, विधायक प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाड़ा और रवि नैय्यर समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कार्मिकों की कार्यकुशलता बढ़ाने को बनेगी कमेटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों के केडर संबंधी समस्याओं और विसंगतियों के समाधान के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी, जो विसंगतियों का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की कार्यकुशलता और दक्षता बढ़ाने के लिए सचिव, कार्मिक की अध्यक्षता में भी एक कमेटी बनेगी, जो कार्य संबंधी सुविधाओं के बारे में अनुशंसा करेगी।

### मुख्यमंत्री निवास पर स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन



**मुख्यमंत्री भजनलाल** शर्मा ने गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री निवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। मुख्यमंत्री को कंपनी कमांडर राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में आरएसी की टुकड़ी ने सलामी दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे समृद्ध लोकतंत्र है तथा हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे महापुरुषों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और उन्हीं के बलिदान और त्याग के कारण आज हम सब लोकतंत्र की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा परिसर एवं कांस्टिट्यूशनल क्लब में फहराया राष्ट्रध्वज



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पहले अपने राजकीय आवास पर राष्ट्रध्वज फहराया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा परिसर में ध्वज सलामी गारद का निरीक्षण किया तथा उपस्थित विधायक, पूर्व विधायक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद देवनानी जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति पहुंचे, जहां उन्होंने पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। बाद में कांस्टिट्यूशनल क्लब में तिरंगा झंडा फहराया।

## भाजपा कार्यालय में फहराया ध्वज




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां की उपस्थिति में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर, महिला मोर्चा अध्यक्ष राखी राठौड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर गोरा, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, मिथलेश गौतम, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।


## छोटी काशी के मंदिरों में सजी तिरंगा झांकी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस पर छोटीकाशी के विभिन्न मंदिरों में भी राष्ट्र भक्ति का दृश्य नजर आया। मंदिरों में तिरंगा झांकी सजाई गई। देव विग्रहों को तिरंगा पोशाक धारण करवाई गई। मंदिर परिसर को तिरंगे और तीन रंग के गुब्बारों से सजाया गया। गोविंददेवजी मंदिर में ठाकुर श्री राधा गोविंद देवजी को तिरंगा पटका धारण कराया गया। गर्भ गृह, जगमोहन और छांवण में तिरंगा थीम पर सजावट की गई। बच्चों को तिरंगा झंडा भेंट किया गया। दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमान मंदिर में तिरंगा झांकी सजाकर तिरंगे व्यंजनों का भोग लगाया गया। राजापार्क स्थित वैष्णो माता मंदिर में माता वैष्णो देवी और हनुमानजी की तिरंगा पोशाक धारण कराकर आरती की गई। गोनेर स्थित लक्ष्मी जगदीश मंदिर, अक्षरधाम मंदिर, हनुमान मंदिर सांगानेरी गेट, संकट हरण हनुमान मंदिर अंबावाड़ी सहित अन्य मंदिरों में तिरंगा झांकी सजाई गई।

## शिव पुराण कथा के लिए दिया गणेशजी को निमंत्रण



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर परिवार सेवा समिति के बैनर तले दस दिवसीय श्री शिव पुराण कथा, श्री महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ का आयोजन 20 मार्च को किया जाएगा। इस आयोजन की सफलता के लिए मोती डूंगरी गणेशजी को प्रथम निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम संयोजक अखिलेश अत्री ने बताया कि समिति के अन्य पदाधिकारियों ने मंदिर महंत कैलाश शर्मा के साथ न्यौता दिया। इस अवसर पर मनोज पांडे, गोकुल माहेश्वरी, शरद खंडेलवाल, दुर्गेश टाइल वाले, अनिल शर्मा, राजेश कर्नल, योगेश खंडेलवाल, आरपीएस दिनेश शर्मा, आरएएस पंकज ओझा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

दिगंबर जैन चतुर्विद संघ के सान्निध्य में पहली बार चारित्र शुद्धि महामंडल विधान कार्यक्रम का आयोजन

## 5700 श्रद्धालुओं ने अर्पित किए 450 अर्घ्य



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित वीटी रोड के शिप्रा पथ स्थित हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड पहली बार दिगंबर जैन चतुर्विद संघ के सान्निध्य में हो रहे चारित्र शुद्धि महामंडल विधान में मंगलवार को अनेक धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुईं। विधान में 5700 से अधिक श्रद्धालुओं ने उत्साह, उमंग और भक्तिभाव के साथ सहभागिता की। अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अहिंसा का परिपालन जैन धर्म का केंद्र बिंदु है। संयम, तप और त्यागमयी जीवन शैली जैन धर्म की अनुपम विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि पूजा केवल द्रव्य अर्पण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आना आवश्यक है। आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि दिवस पर विनयांजलि भी अर्पित की गई। चारित्र शुद्धि महामंडल विधान के अंतर्गत अहिंसा व्रत पूजा सहित चार महाव्रत पूजा में 450 अर्घ्य अर्पित किए गए। सौम्य मूर्ति उपाध्याय पीयूष सागर महाराज ने चारित्र शुद्धि व्रत को दीर्घकालिक आत्मशुद्धि का साधन बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज जयपुर प्रवास समिति जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व प्रातः प्रतिष्ठाचार्य बा. ब्र. तरुण भैया इंदौर के निर्देशन में श्रीजी के अभिषेक के बाद में विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई।

### विवाह अणुव्रत संस्कार शिविर एक फरवरी को

आचार्य ससंघ के सान्निध्य में एक फरवरी को विवाह अणुव्रत संस्कार शिविर का आयोजन होगा। इसमें 5 से 25 वर्ष के विवाहित जीवन जीने वाले दंपतियों को वैवाहिक आचरण के बारे में बताते हुए जीवन में सामंजस्य एवं समन्वय स्थापित कर आपसी रिश्ते में मजबूती एवं सफलता के बिंदु बताए जाएंगे।

## एक्स-सर्विसमैन कॉरपोरेशन एमडी की बैठक कल से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित रेक्स्को मुख्यालय में 29 जनवरी से विभिन्न राज्यों के एक्स-सर्विसमैन कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशकों की दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और केरल के एक्स-सर्विसमैन कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक भाग लेंगे। राजस्थान एक्स-सर्विसमैन कॉरपोरेशन (रेक्स्को) के प्रबंध निदेशक मेजर जनरल विजय सिंह भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। रेक्स्को के महाप्रबंधक (प्रशासन) कर्नल संजीव खंडेलवाल ने बताया कि यह बैठक पहली बार हो रही है। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों के कल्याण से जुड़ी वर्तमान योजनाओं की समीक्षा करना तथा रोजगार, पुनर्वास और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित नई योजनाओं की रूपरेखा तैयार करना है। बैठक में सेना मुख्यालय के पुनर्वास विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल एसबीके सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

## हिंदू सम्मेलन में दिया स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** हिंदू समाज की एकजुटता और जाग्रति लाने के लिए बैनाड़ रोड पर चरण नदी की चाणक्य बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जयपुर प्रांत अशोक कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य पर जोर दिया। उन्होंने भाषा, वेशभूषा, खानपान के साथ-साथ दैनिक आवश्यक्ता की सभी वस्तुएं स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग से भारत समृद्ध बनेगा। अन्य वक्ताओं ने जातिवाद से दूर रहने पर जोर दिया।

## सांगानेर की कालबेलिया बस्ती में बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस पर घूमंतु जाति उत्थान न्यास सांगानेर महानगर के तत्वावधान में कालबेलिया घूमंतु बस्ती सांगानेर में बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। भारत माता के पूजन और गायत्री महामंत्र के सामूहिक मंत्रोच्चार से विधिवत श्रीगणेश किया गया। बाल संस्कार केंद्र संयोजक बिजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि घूमंतु समाज के बच्चों को शिक्षा व संस्कार देने के उद्देश्य से सांगानेर महानगर में न्यास द्वारा संचालित यह सातवां संस्कार केंद्र प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर घूमंतु जाति उत्थान न्यास के जयपुर प्रांत संयोजक महेंद्र सिंह राजावत ने घूमंतु समाज को उनके गौरवशाली इतिहास की याद दिलाई। अवसर पर गायत्री परिवार के बच्चों अंजली जाटव और गरिमा शर्मा ने प्रेरक गीतों की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर सांगानेर महानगर संयोजक महेश नोगिया, नगर कार्यवाह अवधेश, संतोष हर्ष, राजेश उपस्थित थे।

## महायज्ञ में मिला संतों का सान्निध्य



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर के अचरावाला में राम धाम सेवा समिति की ओर से महामंडलेश्वर मुनेश्वर दास महाराज के निर्देशन में चल रहे महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान कीं। यज्ञ में ब्रह्मपीठाधीश्वर काठियापरिवाचार्य स्वामी रामरतनदेवाचार्य सहित कई संतों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश सचिव आलोक पारीक, समाजसेवी डॉ. संजना पारीक, राजू बागड़ा, हरिमोहन शर्मा, महेश, दिनेश, छोटी लाल, रमेश, मदन, गणेश, मनीष सहित राम धाम सेवा समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

11 विश्वविद्यालय-महाविद्यालयों के 200 छात्र-छात्राए होंगे शामिल

# केंद्रीय संस्कृत विवि में पश्चिम क्षेत्रीय रूपक महोत्सव आज से



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के जयपुर परिसर में 28 जनवरी से दो दिवसीय पश्चिम मध्य क्षेत्रीय रूपक महोत्सव-2026 का शुभारंभ होगा। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कोलकाता के विद्वान पियाल भट्टाचार्य चित्रकार होंगे।

विशिष्ट अतिथि श्रीशदेवपुजारी, अखिल भारतीय पत्राचार प्रमुख, संस्कृत भारती तथा सारस्वत अतिथि प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति होंगे। कार्यक्रम के बारे में कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर के निदेशक प्रो. लोकमान्य मिश्र ने बताया कि पश्चिम क्षेत्रीय रूपक महोत्सव में देश के 11 संस्कृत विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 200 छात्र-छात्राएं सहभागिता कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी डॉ. रानी दाधीच ने बताया कि महोत्सव के तहत प्रतिभागी संस्थाओं में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल, लखनऊ, नासिक एवं जयपुर परिसर सहित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर, कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय रामटेक नागपुर तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा के आदर्श संस्कृत महाविद्यालय शामिल हैं। महोत्सव का उद्देश्य संस्कृत नाट्य परंपरा एवं शास्त्रीय रंगमंच के माध्यम से भारतीय ज्ञान-परंपरा के संरक्षण-संवर्धन के साथ-साथ विद्यार्थियो की सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना है।

### प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमुख नाटक

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,** भोपाल परिसर द्वारा 'भीष्म प्रतिज्ञा' नाटक का मंचन किया जा रहा है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर की ओर से 'संक्षिप्त मुद्राराक्षसम' नाटक के माध्यम से तत्कालीन सामाजिक स्थिति एवं राजव्यवस्था के संचालन के विविध उपायों का यथार्थ चित्रण विषय पर प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही 'नलदमयन्तीयम्', 'रसरसायन', 'सा विद्या या मुक्तये', 'माघगाथा', 'विवाहविजयम्', 'स्थावरा आपः' का मंचन किया जाएगा।

## अजमेर-सोलापुर सुपरफास्ट एकतरफा स्पेशल ट्रेन का संचालन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए अजमेर-सोलापुर सुपरफास्ट एकतरफा स्पेशल ट्रेन का संचालन का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09615 अजमेर-सोलापुर सुपरफास्ट एकतरफा स्पेशल ट्रेन 29 जनवरी (गुरुवार) को अजमेर से 09:00 बजे रवाना होकर अगले दिन 11:30 बजे सोलापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में किशनगढ़, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वसई रोड, कल्याण, लोणावला, पुणे, दौंड व कुर्डुवाड़ी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 1 सैकंड एसी, 3 थर्ड एसी, 6 द्वितीय शयनयान, 1 साधारण श्रेणी, 1 गार्ड डिब्बा व 1 पावरकार के डिब्बे होंगे।

ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन का पाठक पर्व आयोजित

# विपरीत परिस्थितियों में भी हास्य उत्पन्न कर देते थे वाजपेयी : गर्ग



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित पाठक पर्व में अटल संस्मरण और मरुधरा के प्रेरणा पुंज दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी काफी सहज रहते थे और उनका हास्य बोध बहुत काफी अच्छा और परिपक्व था। वे विपरीत परिस्थितियों में भी हास्य उत्पन्न कर देते थे। इतिहास पर चर्चा करते हुए जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि इतिहास के कई पक्षों को लेकर लिखा जाना बाकी है। सोमनाथ की रक्षा में जालोर के वीरों ने भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। इसे भी सामने लाए जाने की आवश्यकता है। मरुधरा के प्रेरणा पुंज के लेखक राव शिवराज पाल सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मीडिया सलाहकार अशोक टंडन ने अपनी पुस्तक अटल संस्मरण के बारे में विचार प्रस्तुत किए।


# गांधी नगर राजकीय औषधालय को चिकित्सा उपकरण भेंट



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस पर रोटरी क्लब सिटीजन की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए गांधी नगर स्थित राजकीय औषधालय में जनहितार्थ चिकित्सा उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब की ओर से औषधालय को 8 ब्लोअर एवं 1 गीजर भेंट किए गए। क्लब अध्यक्ष संजय अग्रवाल और चार्टर अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि यह सेवा-कार्य समाज के प्रति क्लब की संवेदनशीलता और मानवता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से जरूरतमंदों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना क्लब का उद्देश्य रहा है। सचिव आशीष बैद और कोषाध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि कार्यक्रम 26 जनवरी को गांधी नगर राजकीय औषधालय, जयपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा अपने सम्मानीय सदस्य अजय गंगवाल एवं राखी गंगवाल का आभार जताया गया।

# तत्सुखे सुखित्वं का भव्य विमोचन तीन दिव्य संतों ने किया अनावरण



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** दा आर्ट ऑफ लविंग विषय वस्तु को केंद्र में रखकर रचित प्रेम दर्शन की पुस्तक 'तत्सुखे सुखित्वं' का भव्य एवं दिव्य विमोचन सम्पन्न हुआ। यह शुभ कार्य तीन महान संतों ने किया। प्रेम की गूढ़ एवं सटीक व्याख्या प्रस्तुत करने वाली इस पुस्तक का विमोचन सर्वप्रथम योगी नंद किशोर महाराज ने किया। इसके बाद वृंदावन के प्रख्यात रसिक संत प्रेमानंद महाराज ने अनावरण। अंततः आनंदम धाम पीठाधीश्वर सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक रोहित शिवोहम ने इस अवसर पर कहा कि 'तत्सुखे सुखित्वं' प्रेम को केवल एक भावना के रूप में नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के रूप में प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक प्रेम दर्शन संकल्पना पर आधारित होकर मनुष्य को प्रेम को जीना सिखाती है। दा आर्ट ऑफ लविंग के गूढ़ दर्शन को भारतीय आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ समाहित करती यह कृति समाज को एक नई वैचारिक दिशा प्रदान करने का कार्य करती है।

प्रदेश में तेहान वशिष्ठ ने प्राप्त किया पहला स्थान

# वीर गाथा प्रोजेक्ट 5.0 में महात्मा गांधी विद्यालय कावेरी पथ ने मारी बाजी

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** प्रदेश में वीरों की गाथा बचपन से ही सुनने का फायदा राजधानी के कावेरी पथ स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के कक्षा 5 के छात्र तेहान वशिष्ठ को मिला है। शिक्षा विभाग की ओर से वीर गाथा प्रोजेक्ट 5.0 में विहान ने राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। जयपुर जिले से एक मात्र छात्र का चयन हुआ है। 26 जनवरी को शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल और राज्य परियोजना निदेशक अनुपमा जोरवाल ने 5,100 रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र रक्षा मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त किया। इस बारे में वीर गाथा प्रोजेक्ट के प्रर्वतक शिक्षक डॉ. संतोष कुमार जाखड़ ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार तेहान की ओर से लिखित निबंध 'महावीर चक्र विजेता कैप्टन नीकेझाकुओ केनगुरूसे के जीवन से विद्यार्थियों को क्या प्रेरणा मिलती है' पर मिला है। इस निबंध के माध्यम से तेहान ने महावीर चक्र विजेता कैप्टन नीकेझाकुओ केनगुरु के बारे में विस्तार से जीवन यात्रा की कहानी बताई है। तेहान की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अनु चौधरी और उप प्रधानाचार्य मदनमोहन शर्मा और वीर गाथा प्रोजेक्ट के प्रर्वतक शिक्षक डॉ. संतोष कुमार जाखड़, दीपक खत्री को धन्यवाद दिया।

# राजस्व मंत्री मीणा ने की कार्यकर्ता सुनवाई

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा, प्रकोष्ठ प्रभारी विजेंद्र पूनियां और कार्यालय सचिव मुकेश पारीक ने कार्यकर्ता सुनवाई की। सुनवाई के बाद मीणा ने बताया कि मंगलवार को कार्यकर्ता सुनवाई में लगभग 35 से 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनके निस्तारण के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।



पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में युवा संवाद के जरिए स्टूडेंट्स से रूबरू हुए लेखक व विचारक मुकुल कानिटकर

# 'जीवन में कुछ बड़ा करना है तो प्रतिस्पर्धा नहीं, अनुस्पर्धा करो'

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** 'जीवन में अपना लक्ष्य स्वयं की क्षमता से अधिक बनाओगे, तभी मजबूत बन पाओगे। आप अपने प्रथम प्रयास में वह करो, जो आपको सबसे मुश्किल लगे। यदि यह लक्ष्य तय हो जाएगा तो दूसरे नए लक्ष्य बनेंगे।' यह कहना था लेखक, विचारक व प्रेरक मुकुल कानिटकर का। वे मंगलवार को पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में युवा संवाद 'जागो वीर-शक्ति पहचानो' के जरिए स्टूडेंट्स से रूबरू हुए। राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने उनसे चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत में युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन (आईएएस) और पूर्णिमा ग्रुप के चेयरमैन शशिकांत सिंघी ने अतिथियों का स्वागत किया। मुकुल कानिटकर ने युवाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि यदि आप असंभव सपने देखते हो, तो ही आप युवा हो। जो स्वयं को चुनौती देकर अपने कम्फर्ट जोन को तोड़ता है, वहीं वीर है, वीरता एटीट्यूड है।

आप स्वयं को पहचानो, रोजाना सोने से पहले स्वयं से सवाल करो कि आज क्या नया सीखा, क्या नया किया, आपके जीवन का लक्ष्य क्या है। आपको जिंदगी में किसी मोटिव को चुनना ही होगा। कानिटकर ने अपनी पुस्तक 'परीक्षा दे हंसते-हंसते' के हवाले से बताया कि प्रतिस्पर्धा में दूसरे के साथ मुकाबला होता है। जीवन में कुछ हासिल करना है तो स्वयं से 'अनुस्पर्धा' करो। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि युवा सिर्फ भविष्य नहीं है, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति है। जीवन में समय हमेशा बदलता रहेगा, आप स्वयं व राष्ट्र में हमेशा वैल्यू एडिशन करते रहें। पूर्णिमा ग्रुप के डायरेक्टर राहुल सिंघी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

# छुट्टी के बाद खुले अस्पताल सिस्टम की खामी से बेहाल

एसएमएस में सर्वर बना सबसे बड़ी बीमारी | तकनीकी खराबी से ओपीडी, जांच व भर्ती-डिस्चार्ज की गति थमी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में दो दिन के राजकीय अवकाश (रविवार-सोमवार) के बाद मंगलवार को सरकारी अस्पताल पूरी तरह खुले, लेकिन इलाज की रफ्तार सिस्टम ने ही थाम ली। सरकारी अस्पतालों में उपयोग होने वाला आईएचएमएस सर्वर मंगलवार सुबह से ही तकनीकी समस्या के कारण बेहद धीमा चला। नतीजा यह रहा कि ओपीडी पर्ची, जांचों के बिल, भर्ती और डिस्चार्ज से जुड़े काम प्रभावित हुए। मरीजों की भारी भीड़ के बीच सर्वर की सुस्ती मरीजों के लिए नई मुसीबत बन गई। जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल में सुबह से ही खासी भीड़ रही। दो दिन अवकाश के कारण ओपीडी केवल सीमित समय चली थी, ऐसे में तीसरे दिन बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंचे, मगर पर्ची बनवाने और जांचों के बिल कटवाने में घंटों लग गए।

सर्वर की तकनीकी दिक्कत के कारण एक-एक बिल और पर्ची बनाने में सामान्य दिनों की तुलना में कहीं ज्यादा समय लग रहा था। कई काउंटरों पर लाइनें लंबी होती चली गईं और मरीज इंतजार करते-करते थक गए। इसी तरह झुंझुनूं से आई 45 वर्षीय माया ने बताया कि मुंह में गांठ की समस्या को लेकर वह सुबह 7 बजे अस्पताल पहुंची थीं। पहले ईएनटी डॉक्टर को दिखाया, वहां से सर्जरी विभाग की पर्ची कटवाने को कहा गया, लेकिन सर्वर की दिक्कत के कारण पर्ची नहीं कट पाई। अब रात में धर्मशाला में रुककर अगले दिन फिर सर्जरी विभाग में दिखाना पड़ेगा।



### रुक-रुक कर चलता रहा सर्वर

अस्पताल के बिल काउंटर पर तैनात एक कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि सर्वर की समस्या से सबसे ज्यादा परेशानी बिल जनरेट करने में आ रही है। कभी 15 मिनट सर्वर धीमा चलता है, तो कभी 5-10 मिनट के लिए पूरी तरह बंद हो जाता है। बिल तैयार होने के बाद जैसे ही प्रिंट का आदेश देते हैं, सर्वर डाउन हो जाता है और पूरा बिल फिर से नए सिरे से बनाना पड़ता है। इससे स्टाफ के साथ-साथ मरीज भी परेशान हैं।

### मरीजों की पीड़ा कोई नहीं जानता

दौसा से आए 28 वर्षीय रामकरण मीणा ने बताया कि खांसी-जुकाम की शिकायत को लेकर वह सुबह 9 बजे एसएमएस अस्पताल पहुंचे। करीब दो घंटे लाइन में लगने के बाद पर्ची बनी। डॉक्टर ने जल्दी से देखकर जांच लिख दी, लेकिन जांच कराने में ही दोपहर 3 बज गए। दवा नहीं मिल पाई और ब्लड जांच बाकी रह गई। मजबूरन अब उन्हें अगले दिन फिर अस्पताल आना पड़ेगा।

# डॉ. अंबेडकर नर्सेज वेलफेयर सोसाइटी का मनाया 10वां स्नेह मिलन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** डॉ. अंबेडकर नर्सेज वेलफेयर सोसाइटी, राजस्थान की ओर से 10वां नववर्ष स्नेह मिलन समारोह एवं सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन जेएलएन मार्ग स्थित अणुविभा केंद्र में किया गया। प्रदेशाध्यक्ष सुगर सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में स्थापित सोसाइटी का उद्देश्य नर्सिंग संवर्ग को सेवा भाव से जोड़ते हुए मरीजों को बेहतर उपचार, मधुर व्यवहार एवं आवश्यकता पड़ने पर राजस्थान के किसी भी क्षेत्र में सहयोग उपलब्ध कराना है। कोषाध्यक्ष पूरणमल महोलिया ने कहा कि सोसाइटी द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रक्तदान शिविर, पौधरोपण, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम तथा अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से निशुल्क भोजन वितरण जैसे सेवा कार्य किए जाते हैं। समारोह में पदोन्नत एवं नवनियुक्त कार्मिकों का मेडल व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। महासचिव भरतलाल ने नर्सिंग क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों पर विचार व्यक्त किए।

# मुख्यमंत्री ने किया इंडिया स्टोन मार्ट मोबाइल एप का शुभारंभ



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर इंडिया स्टोनमार्ट मोबाइल एप का शुभारंभ किया। यह स्टोन उद्योग के लिए देश का पहला ऑल-इन-वन डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसे उद्योग में संवाद, व्यापार, प्रचार और सहयोग को एकीकृत एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह एप स्टोन उद्योग को डिजिटल रूप से सशक्त करेगा और राजस्थान को वैश्विक स्टोन व्यापार के केंद्र के रूप में और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। इंडिया स्टोनमार्ट मोबाइल एप के माध्यम से उद्योग से संबंधित जानकारी, नेटवर्किंग, बिज़नेस अवसर, इवेंट अपडेट्स और प्रचार गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव व राष्ट्रीय एमएसएमई बोर्ड के सदस्य नरेश पारीक, प्रदेश उपाध्यक्ष व संजोयक नटवर अजमेरा, राष्ट्रीय सचिव अंजू सिंह, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेश गौतम उपस्थित रहे।

ग्रामीण विकास विभाग की बैठक में की समीक्षा

# 15 लाख लखपति दीदी बनाई, 19 लाख और बनेंगी : किरोड़ी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा है कि सरकार की ओर से किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन उन योजनाओं का ग्रामीणों को पता चलना चाहिए, इसके लिए अधिकारी लगातार काम करें। शासन सचिवालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि विभागीय अधिकारी ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन एवं बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रदेश में 15 लाख 95 हजार लखपति दीदियां बनाई जा चुकी हैं और 19 लाख 90 हजार संभावित लखपति दीदियों को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ग्रामीण विकास मंत्री मीणा ने कहा कि राजीविका योजना में स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बनाने एवं ऋण वितरण में भी उत्साहजनक प्रगति दर्ज की गई। विशेष क्षेत्रों की विकास योजनाओं तथा मगरा क्षेत्रीय विकास योजना में सड़क, जल संरक्षण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जो पिछड़े क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण रोजगार की मांगों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत लक्षित संख्या के अनुरूप मजबूत आवासों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा हो रहा है। डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि विभाग द्वारा नवाचार करते हुए वन विभाग के सहयोग से स्मृति वन में राजीविका कियोस्क की स्थापना की जा रही है।

# पांच दिन कार्य दिवस की मांग पर बैंककर्मियों का प्रदर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर 27 जनवरी को अखिल भारतीय बैंक हड़ताल के तहत अंबेडकर सर्किल स्थित एलआईसी भवन पर प्रदर्शन किया गया। यूएफबीयू में बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों के 9 घटक संगठन शामिल हैं। हड़ताल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी बैंक, विदेशी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं सहकारी बैंकों के कर्मचारी-अधिकारी शामिल रहे। इस हड़ताल की प्रमुख मांग बैंकिंग उद्योग में 5-दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की रही।

अग्रवाल समाज की बैठक संपन्न

# राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण ने समाजहित के मुद्दों पर किया सशक्त आह्वान



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अग्रवाल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद सिंघल के निवास स्थान चेतक विहार, जयपुर में अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष गर्ग ने समाज और राष्ट्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर स्पष्ट एवं सशक्त विचार रखे। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि जनगणना के फॉर्मेट में अग्रवाल जाति का कॉलम जोड़ा जाए, जिससे सभी वर्गों की जनसंख्या की वास्तविक स्थिति का सही आकलन हो सके। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार के मंत्रिमंडल में अग्रवाल समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। गर्ग ने यह भी कहा कि राजस्थान की पाठ्यपुस्तकों में महाराजा अग्रसेन के जीवन, आदर्शों एवं सिद्धांतों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सके। उन्होंने समाज से प्री-वेडिंग शूट बंद करने, शादियों में वैभवता के नाम पर होने वाली फिजूलखर्ची रोकने तथा भगवान सूर्य नारायण एवं पवित्र अग्नि की साक्षी में दिन में फेरे प्रारंभ करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर के पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश भाड़ेवाले, सुभाष मैडवाला, सम्मेलन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. गुप्ता, कमल नानूवाला, राष्ट्रीय युवा कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, अग्रवाल समाज समिति जामडोली-आगरा रोड के अध्यक्ष राजेंद्र सिंघल, महामंत्री घनश्याम गर्ग, पूर्व अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, अनिल गुप्ता, श्याम सुंदर अग्रवाल, रोहित गर्ग, विष्णु गोयल (अध्यापक), सतीश बंसल, लवलेश गोयल, पूर्व महिला अध्यक्ष रानी गर्ग, जगतपुरा समाज समिति से विवेक सैकड़ा, हरदयाल सिंघल, अंशुल अग्रवाल सहित समाज के अनेक वरिष्ठ एवं गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

# संगीता गेरा को नाट्य पुरोधा सम्मान

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर रंगमंच की वरिष्ठ कलाकार संगीता गेरा को रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नाट्य पुरोधा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रविवार को रवीन्द्र मंच के मुख्य सभागार में आयोजित नाट्य पुरोधा एवं रंगशीर्ष सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। रवीन्द्र मंच सोसाइटी, थिएटर आर्टिस्ट एसोसिएशन ऑफ जयपुर (ताज) तथा आर्टिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (आर) के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान उन्हें यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जयपुर रंगमंच से जुड़े नवोदित एवं वरिष्ठ 400 से अधिक कलाकारों की सहभागिता रही। इस अवसर पर रंगमंच की विभिन्न विधाओं में पारंगत कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा। समारोह में रंगमंच, कला, संस्कृति और फिल्म जगत से जुड़ी अनेक हस्तियां मौजूद रहीं।

गणतंत्र दिवस समारोह में 125 से अधिक विभूतियां सम्मानित

# चिकित्सा निदेशालय से लेकर चिकित्सा संस्थानों तक गूंजा राष्ट्रगान

महानगर टाइम्स संवाददाता





**जयपुर।** चिकित्सा विभाग से जुड़े समस्त चिकित्सा संस्थानों एवं कार्यालयों में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। निदेशालय चिकित्सा शिक्षा में समारोह के मुख्य अतिथि चिकित्सा शिक्षा आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और चिकित्सा, शिक्षा, सेवा एवं समाजहित के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 125 से अधिक अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कार्मिकों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर आरएएस मुकेश मीना, आरएएस लोकेश सहल, आरएएस लोकेश मीना सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

निदेशालय की ओर से सम्मानित होने वालों में राजकीय पं. दीनदयाल उपाध्याय (गणगौरी) हॉस्पिटल के अधीक्षक वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. लिनेश्वर हर्षवर्धन, एसएमएस अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा, न्यूरोलॉजी की सीनियर प्रोफेसर डॉ. भावना शर्मा, महिला चिकित्सालय की प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी राठौर, सीनियर प्रोफेसर डॉ. आर.के. जैन, जनाना अस्पताल की अधीक्षक डॉ. नूपुर लोरिया, सीनियर प्रोफेसर डॉ. पी.डी. मीणा, कैंसर इंस्टीट्यूट के अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा, सीनियर प्रोफेसर डॉ. मोहनीश ग्रोवर, डॉ. एस.एम. शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक शामिल रहे। आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गीत केवल शब्दों का संकलन नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति सम्मान, समर्पण और देशभक्ति की शाश्वत भावना का प्रतीक है। इसके बाद वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ।


## एसएमएस अस्पताल में राष्ट्रीय पर्व की गौरवशाली परंपरा

**सवाई मानसिंह** चिकित्सालय में राष्ट्रीय पर्वों को मनाने की एक समृद्ध और ऐतिहासिक परंपरा रही है। वर्ष 1991 तक एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से संलग्न एसएमएस चिकित्सालय सहित सभी पांच चिकित्सालयों द्वारा गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस सामूहिक रूप से मेडिकल कॉलेज परिसर में मनाए जाते थे। यहां एसएमएस चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 30 से अधिक कार्मिकों को सम्मानित किया गया। अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी ने कार्यक्रम से जुड़े इतिहास का स्मरण करते हुए बताया गया कि सन 1992 से कार्यक्रम का सफल संचालन रविन्द्र चतुर्वेदी ने किया। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद वर्ष 2021 से स्वागत, पूछताछ एवं क्रिटिकल केयर एम्बुलेंस प्रभारी प्रेमकुमार सोलंकी इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

# उदाहरण बनी भारतीय चुनाव प्रणाली

## चुनाव आयोग की बढ़ रही है वैश्विक स्वीकार्यता

**पश्चिमी** देशों की नजर में लोकतंत्र वही है, जो 1215 ईस्वी में इंग्लैंड में हुई मैग्नाकार्टा की संधि से उपजा। इस लोकतंत्र के नाते पश्चिमी देशों में एक खास तरह का श्रेष्ठताबोध है। ऐसे सोच वाले देशों में चुनाव कराने वाली संस्थाओं के संगठन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ डेमोक्रेटिक एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (आइडीइए) की अध्यक्षता भारत को मिलना मामूली बात नहीं। हाल में दिल्ली में चुनाव आयोग की अध्यक्षता में इस संगठन का सम्मेलन हुआ। इसके जरिये आयोग ने भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों से पश्चिमी देशों को एक तरह से परिचित कराने की कोशिश की। 1995 में 14 देशों द्वारा स्थापित इस संगठन के सदस्य देशों की संख्या अभी 37 है। अमेरिका और जापान इसके स्थायी पर्यवेक्षक हैं। इस समय दुनिया की आबादी करीब आठ अरब है। इस लिहाज से यह संगठन करीब दो अरब बीस करोड़ पंजीकृत मतदाताओं का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इसमें अकेले भारत की हिस्सेदारी 99 करोड़ 10 लाख से ज्यादा है। इसके हिसाब से भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। घरेलू मोर्चे पर जिस समय भारतीय चुनाव प्रणाली और मशीनरी सवालों के घेरे में है, उसी वक्त चुनाव आयोग के हाथ इस संस्था




चुनावी प्रबंधन में बढ़ता नवाचार, डिजिटल चुनाव प्रबंधन पर जोर, दिव्यांग और दूरस्थ क्षेत्रों के मतदाताओं तक बढ़ती पहुंच-ये सभी चुनाव आयोग के प्रयासों से ही संभव हुए हैं। चुनावी साक्षरता बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग ने बहुत प्रयोग किए हैं। विपक्षी सवालों के बावजूद चुनावों में मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी दिखाता है कि चुनाव आयोग के प्रति लोगों का भरोसा कम नहीं हुआ है। देश में चुनावी पवित्रता बनी हुई है, तो उसकी एक वजह भारत का पारंपरिक लोकतांत्रिक सोच है।

की कमान आने का अर्थ है कि आयोग की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ रही है। इस दृष्टि से संगठन की अध्यक्षता भारत के लिए केवल औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि वैचारिक नेतृत्व का भी अवसर है। आज भारत में मतदाताओं की चुनावों में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यह एक तरह से चुनाव व्यवस्था की सफलता है। चुनावी प्रबंधन में बढ़ता नवाचार, डिजिटल चुनाव प्रबंधन पर जोर, दिव्यांग और दूरस्थ क्षेत्रों के मतदाताओं तक बढ़ती पहुंच-ये सभी चुनाव आयोग के प्रयासों से ही संभव हुए हैं। चुनावी साक्षरता बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग ने बहुत प्रयोग किए हैं। विपक्षी सवालों के बावजूद चुनावों में मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी दिखाता है कि चुनाव आयोग के प्रति लोगों का भरोसा कम नहीं हुआ है। देश में चुनावी पवित्रता बनी हुई है, तो उसकी एक वजह भारत का पारंपरिक लोकतांत्रिक सोच है। दक्षिण भारत में दसवीं सदी के चोल शासकों ने ग्रामीण शासन व्यवस्था के लिए जो तंत्र विकसित किया था, उसे आधुनिक राजनीतिक विज्ञानी भी श्रेष्ठ मानते हैं। मैग्नाकार्टा से पहले कर्नाटक में लिंगायत संप्रदाय के संस्थापक संत बसवेश्वर द्वारा स्थापित अनुभव मंडपम में समाज के हर वर्ग के लोग अपने धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करते थे। राजनीतिशास्त्री इसे आधुनिक संसद का प्रारंभिक रूप मानते हैं। दुनिया में बढ़ता ध्रुवीकरण, दुष्प्रचार और साइबर हस्तक्षेप, चुनावों में काले धन का बढ़ता उपयोग तथा युवाओं की घटती रुचि ने आधुनिक लोकतंत्र के समक्ष गंभीर खतरे खड़े कर दिए हैं। जनमत को प्रभावित करने के लिए एआई का बढ़ता इस्तेमाल कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। ऐसे चुनौतीपूर्ण माहौल में भारत के अनुभव और उसका सफल चुनावी माडल वैश्विक मंच पर लोकतांत्रिक देशों की चुनाव प्रणालियों के लिए आशा की किरण बन सकता है। हमारे लोकतंत्र की ताकत केवल चुनाव प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर वोट को मिली अहमियत से है।

इसी वजह से विविधतापूर्ण समाज, भाषा, धर्म और असमानताओं के बावजूद भारतीय चुनाव प्रणाली शांतिपूर्ण बनी हुई है। बहुलतावादी समाज भारतीय लोकतंत्र की बाधा नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत है। पश्चिमी देशों और ग्लोबल साउथ की लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों की तुलना में भारतीय चुनाव प्रबंधन कहीं अधिक उपलब्धिपूर्ण दिखाई देता है। अमेरिका और यूरोप में न केवल मतदाता भागीदारी लगातार घट रही है, बल्कि अविश्वास और सामाजिक टकराव जैसी चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इसके विपरीत विविधता के बावजूद हमारी व्यवस्था समाधान का शांतिपूर्ण माध्यम बनी हुई है। इसमें महिलाओं और युवा मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी ने लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया है। आमजन का राजनीतिक व्यवस्था के प्रति बढ़ता भरोसा भी इसी का परिणाम है। विविध सामाजिक पहचान, जाति, पंथ और भाषा होने के बावजूद यदि भारत में पश्चिम जैसा सामाजिक टकराव नहीं है, तो इसकी प्रमुख वजह लोकतांत्रिक एवं चुनावी प्रक्रिया में भारतीय मतदाता का अटूट विश्वास है। भिन्न सामाजिक पहचानों के बीच सामुदायिक संतुलन और सामाजिक सह-अस्तित्व हमारे लोकतंत्र की स्थिरता की गारंटी हैं। इसके पीछे चुनाव आयोग की सोच भी है। इसी सोच के कारण वह लगातार नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। ईवीएम, वीवीपैट, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों द्वारा संचालित तथा थीम आधारित मतदान केंद्र, पोस्टल बैलेट, सूचना एवं प्रौद्योगिकी आधारित मतदाता सेवाएं और स्वीप जैसी पहलों को तेजी से व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आईआईटी, आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता यह दर्शाती है कि चुनाव प्रबंधन को केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि एक अकादमिक और नीति-आधारित अध्ययन क्षेत्र के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इसके चलते भारतीय लोकतंत्र का भविष्य पश्चिम की तुलना में अधिक व्यापक और स्थायी हुआ है। यही कारण है कि वैश्विक विमर्श में भारतीय चुनाव मॉडल दुनिया के लिए प्रेरक बन चुका है।

# यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026: अकादमिक न्याय का नया सूर्य या योग्यता के प्रतिमानों का अंत?

**राजेन्द्र मोहन शर्मा**
*वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षाविद् और चिन्तक*

यूजीसी के 'इक्विटी रेगुलेशन 2026' पर जारी बहस ने वर्तमान भारतीय उच्च शिक्षा तंत्र के भीतर व्याप्त गहरे सामाजिक विभाजन और विरोधाभासों को उजागर किया है। यह नियमावली केवल कागजी दिशा-निर्देशों का पुलिंदा नहीं है, बल्कि उन दशकों पुराने घावों, संस्थागत उपेक्षाओं और रोहित वेमुला जैसे छात्रों की त्रासदियों से उपजी एक सुधारात्मक प्रतिक्रिया है। जब हम इस कानून की समीक्षा करते हैं, तो हमें दो ध्रुवों के बीच संतुलन साधना होगा: एक तरफ वे वंचित समुदाय हैं, जो सदियों के सामाजिक बहिष्कार के बाद अब अकादमिक परिसरों में अपनी जगह तलाश रहे हैं और दूसरी तरफ सामान्य वर्ग का वह छात्र समूह है, जो इसे अपनी मेरिट और अवसरों पर एक नए प्रहार के रूप में देख रहा है। इस विवाद की जड़ें इस बुनियादी सवाल में छिपी हैं कि क्या 'समानता' का अर्थ सबको एक जैसी दौड़ में दौड़ाना है या 'न्याय' का अर्थ उन बाधाओं को हटाना है, जो कुछ धावकों के पैरों में जन्मजात बेड़ियां डाल देती हैं।

सामान्य वर्ग के छात्रों का विरोध मुख्य रूप से इस आशंका पर टिका है कि ये नियम अकादमिक परिसरों में 'रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन' या प्रतिगामी भेदभाव को जन्म देंगे। उनका तर्क है कि कड़े दंडात्मक प्रावधानों का दुरुपयोग व्यक्तिगत रंजिश निकालने या प्रोफेसरों को डराने के लिए किया जा सकता है, जिससे अकादमिक स्वतंत्रता बाधित होगी। यह चिंता पूरी तरह निराधार नहीं कही जा सकती, क्योंकि किसी भी सख्त कानून के साथ उसके दुरुपयोग की संभावना जुड़ी होती है और ऐसे उदाहरण पहले देखें भी जा चुके हैं। हालांकि, इस विरोध का दूसरा पक्ष यह है कि यह अक्सर उस 'स्ट्रक्चरल प्रिविलेज' या संरचनात्मक विशेषाधिकार से उपजा है, जो उच्च वर्ग को यह देखने ही नहीं देता कि परिसर के भीतर जाति किस तरह सूक्ष्म रूप से काम करती है। जिसे सामान्य वर्ग का छात्र 'मेरिट' कहता है, वह अक्सर पीढ़ियों से संचित सामाजिक पूंजी, बेहतर स्कूली शिक्षा और भाषाई प्रभुत्व का परिणाम होती है। जब कोई नियम इस प्रभुत्व को चुनौती देता है, तो उसे 'अन्याय' के रूप में व्याख्यायित किया जाना एक स्वाभाविक मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया है।

समिति की रिपोर्ट, जिसने इन नियमों की नींव रखी, स्पष्ट करती है कि विश्वविद्यालयों में भेदभाव अब केवल सीधे अपमान तक सीमित नहीं है। यह 'माइक्रो-अग्रेसन' के रूप में मौजूद है-जैसे




किसी छात्र के लहजे का मजाक उड़ाना, उसे महत्वपूर्ण शोध परियोजनाओं से बाहर रखना, या मौखिक परीक्षाओं (वाइवा) में जानबूझकर कम अंक देना। ये ऐसी प्रक्रियाएं हैं, जिन्हें सामान्य कानून के दायरे में पकड़ना मुश्किल था। 2026 के नियम इन्हीं बारीक दरारों को भरने का प्रयास करते हैं। जब सामान्य वर्ग के छात्र इसे 'सवर्ण विरोधी' कहते हैं, तो वे इस तथ्य को नजरअंदाज कर देते हैं कि यह कानून किसी की योग्यता छीनने के लिए नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए है, जहां योग्यता का आकलन करने वाले व्यक्ति के पूर्वाग्रह आड़े आते हैं। जांच समितियों में एससी, एसटी और ओबीसी प्रतिनिधित्व की अनिवार्यता को पक्षपातपूर्ण बताया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि यह 'चेक एंड बैलेंस' की एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, ताकि न्याय केवल एक पक्षीय न रहे। इस कानून की ऐतिहासिकता को समझने के लिए वैश्विक परिप्रेक्ष्य की आवश्यकता है। अमेरिका में 'अफरमेटिव एक्शन' के तहत दशकों तक इसी तरह के प्रावधान लागू रहे हैं, जहां अश्वेत और अल्पसंख्यकों के लिए विशेष स्थान सुरक्षित किए गए थे। वहां भी श्वेत छात्रों द्वारा इसे 'योग्यता का हनन' बताया गया, लेकिन हार्वर्ड और एमआईटी जैसे संस्थानों के शोध बताते हैं कि विविधता ने वास्तव में नवाचार और शोध की गुणवत्ता को बढ़ाया है। भारत में भी, थोराट समिति और मुंगेकर समिति की रिपोर्टों ने बार-बार रेखांकित किया है कि उच्च शिक्षा में 'योग्यता' के नाम पर अक्सर सवर्ण नेटवर्क का वर्चस्व बना रहता है। जब एक शोध छात्र को केवल इसलिए अपना विषय बदलना पड़ता है, क्योंकि उसका गाइड उसकी जाति के कारण उसे सहयोग नहीं दे रहा, तो वह देश की सामूहिक बौद्धिक संपदा की हानि है। 2026 के नियम इसी हानि को रोकने का प्रयास हैं।

इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू 'मेरिट बनाम आरक्षण' की पुरानी बहस का नया स्वरूप है। सामान्य वर्ग का तर्क है कि ब्रिज कोर्स या विशेष सहायता जैसे प्रावधान शिक्षा के स्तर को गिरा देंगे, लेकिन यहां यह समझना आवश्यक है कि यदि एक छात्र विपरीत परिस्थितियों से लड़कर आईआईटी या विश्वविद्यालय तक पहुंचा है, तो उसकी क्षमता पर संदेह करना अनुचित है। उसे केवल उस 'कल्चरल गैप' को भरने के लिए सहायता चाहिए, जो उसे विरासत में नहीं मिली। 'इक्विटी स्क्वाड' और 'एम्बेसडर' जैसे प्रावधानों को पुलिसिया तंत्र मान लेना अतिशयोक्ति होगी, इन्हें वास्तव में एक ऐसे सपोर्ट सिस्टम के रूप में देखा जाना चाहिए, जो छात्र को अकेला महसूस होने से बचाए। क्या एक भयमुक्त परिसर, जहां हर पृष्ठभूमि का छात्र सुरक्षित महसूस करे, अंततः शिक्षा की गुणवत्ता को नहीं बढ़ाएगा? निश्चित रूप से बढ़ाएगा। भारत के न्यायिक इतिहास में भी 'इन्द्रा साहनी' से लेकर हालिया 'जनहित अभियान' मामले तक, अदालतों ने यह माना है कि आरक्षण और सुरक्षात्मक कानून केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक पिछड़ेपन को दूर करने का साधन हैं। यूजीसी के ये नियम अनुच्छेद 15(4) और 15(5) की भावना को शैक्षणिक परिसरों के भीतर व्यावहारिक रूप से लागू करते हैं। विरोध कर रहे छात्रों का यह कहना कि 'हम जाति नहीं देखते,' सुनने में उदार लगता है, लेकिन यह उस कड़वी सच्चाई से आंखें मूंदना है, जहां आज भी हॉस्टल के कमरों से लेकर फैकल्टी लाउंज तक जातिगत पहचान एक निर्णायक भूमिका निभाती है। जब तक समाज जाति विहीन नहीं होता, तब तक जाति-संवेदनशील कानूनों की आवश्यकता बनी रहेगी।

समीक्षात्मक दृष्टि से देखें तो, 2026 की नियमावली का विरोध 'अज्ञानता' और 'असुरक्षा' के मिश्रण से उपजा है। सामान्य वर्ग को यह समझना होगा कि वंचित वर्गों का सशक्तिकरण उनकी प्रगति का बाधक नहीं है। यदि एक बड़ा तबका हाशिए पर रहेगा, तो देश की अकादमिक उत्पादकता कभी अपनी पूर्ण क्षमता तक नहीं पहुंच पाएगी। वहीं दूसरी ओर, प्रशासन और यूजीसी की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे इन नियमों के कार्यान्वयन में इतनी पारदर्शिता रखें कि किसी भी निर्दोष शिक्षक या छात्र को झूठे आरोपों का शिकार न होना पड़े। कानून का उद्देश्य 'बदला' लेना नहीं, बल्कि 'बदलाव' लाना होना चाहिए। यह भारतीय संविधान की उस प्रतिज्ञा का विस्तार है, जो छुआछूत और भेदभाव के उन्मूलन की बात करती है। यह सुधार उन अदृश्य दीवारों को ढहाने की कोशिश है, जो एकलव्य को द्रोणाचार्य के आश्रम से बाहर रखती थीं। सामान्य वर्ग के छात्रों को इसे एक खतरे के रूप में देखने के बजाय एक अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण अकादमिक संस्कृति के निर्माण के अवसर के रूप में देखना चाहिए।

# विश्व व्यवस्था को लेकर बढ़ती आशंका

**विवेक काटजू**

इस समय अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष सबसे बड़ा मुद्दा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद आकार लेने वाली वैश्विक व्यवस्था के अस्तित्व से जुड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस व्यवस्था का ताना-बाना बदल देना चाहते हैं। यह स्थापित वैश्विक व्यवस्था सभी देशों की संप्रभुता और समानता को प्रमुखता देती है। यह शक्ति के दुरुपयोग से देशों की क्षेत्रीय अखंडता से छेड़छाड़ को मान्यता नहीं देती। इसमें यह सुनिश्चित करने का प्रयास होता है कि कोई भी देश व्यापार में किसी अन्य देश के प्रति भेदभाव न करे या अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करे। ट्रंप ने भेदभावपूर्ण टैरिफ लगाकर और ईरान में तख्तापलट की समर्थक ताकतों को शह देकर इन स्थापित मूल्यों को तोड़ा है। इससे पहले वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को राजधानी काराकास से अगवा कर उन्होंने इस दक्षिण अमेरिकी पड़ोसी देश की संप्रभुता का खुला उल्लंघन किया। इसी क्रम में येन-केन प्रकारेण ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने की उनकी मंशा डेनमार्क की क्षेत्रीय अखंडता पर आघात करने को आतुर दिखती है। वर्तमान वैश्विक व्यवस्था के संचालक के तौर पर ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी। ट्रंप ने हाल में अपने नेतृत्व में जिस शांति बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव आगे बढ़ाया है, उसे संयुक्त राष्ट्र के उनके संस्करण के रूप में में ही देखा जा रहा है। वैसे तो उनका कहना है कि इन दोनों संस्थाओं की जुगलबंदी काफी कारगर हो सकती है, लेकिन स्थापित संस्थाओं के प्रति ट्रंप का दुराग्रह किसी



से छिपा नहीं रहा। विश्व स्वास्थ्य संगठन से लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर ट्रंप ने यह कहकर निशाना साधने में संकोच नहीं किया कि ये संस्थाएं अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पाईं। पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान में छिड़ी लड़ाई को रोकने का वे कई बार श्रेय ले चुके हैं, जबकि सच यही है कि पाकिस्तान की गुजारिश पर ही भारत ने संघर्ष विराम किया था। अब ट्रंप चाहते हैं कि उनका पीस बोर्ड हर तनाव और संघर्ष की स्थिति में हस्तक्षेप करे। स्पष्ट है कि वे चाहते हैं कि अमेरिका पूरी तरह से दुनिया पर हावी हो जाए और देशों के बीच संवाद एवं सहभागिता वही निर्धारित करे। इसका अर्थ होगा कि रूस, चीन, भारत और फ्रांस तथा जर्मनी जैसे महत्वपूर्ण देशों की भूमिका सीमित हो जाएगी। यही कारण है कि पीस बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित तमाम देशों ने इससे जुड़ाव को लेकर उदासीनता दिखाई है। सुरक्षा परिषद के सदस्यों में ब्रिटेन और फ्रांस इसके चार्टर हस्ताक्षर समारोह में शामिल नहीं हुए। एक अन्य वीटो शक्ति वाले देश रूस ने भी इसमें भाग नहीं लिया, तो कई यूरोपीय देश भी उसमें नदारद रहे। अरब के कुछ देश और पाकिस्तान जरूर इसमें शामिल हुए। पाकिस्तान का यह रुख कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वह अपनी आर्थिक स्थिरता के लिए अमेरिका पर निर्भर है। चीन पर निर्भरता के बावजूद पाकिस्तान अमेरिका को अनदेखा नहीं कर सकता। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका के साथ पाकिस्तान के साथ संबंध फिर से पटरी पर आए हैं, जिसमें एक बड़ी भूमिका पाकिस्तान द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ट्रंप के दावों को मानने की भी है। उसने नोबेल पुरस्कार के लिए भी ट्रंप के नाम की पैरवी की थी। पहले कार्यकाल में पाकिस्तान को निशाने पर रखने वाले ट्रंप अब जहां उसे नजदीक ला रहे हैं, वहीं कनाडा जैसे पड़ोसी और निकट सहयोगी उससे छिटक रहे हैं। इसकी टीस बीते दिनों कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की बातों में सुनाई दी। दावोस में कार्नी ने कहा कि स्थापित वैश्विक व्यवस्था अब टूट गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि हमें पता था कि इस व्यवस्था में आंशिक रूप से खामियां थीं और उसका स्वरूप भी सुविधाजनक था। अमेरिका और चीन में प्रतिस्पर्धा के परिदृश्य में उन्होंने अन्य देशों का आह्वान भी किया कि अगर सभी मिलकर काम करें तो अपनी आवाज दुनिया को सुना सकते हैं।

ट्रंप के रवैये से कार्नी जैसे पश्चिमी नेता भले ही वैश्चिक व्यवस्था की विरूपताओं की ओर ध्यान दिला रहे हों, लेकिन वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों ने हमेशा यह महसूस किया है कि इस व्यवस्था के सिद्धांत और व्यवहार में विसंगतियां हैं। यही कारण है कि भारत ने स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से ही वैश्विक दक्षिण की एकता के लिए काम किया है, ताकि वह अपने नजरिये को सामने रखते हुए एकजुट तरीके से अपने हितों की रक्षा कर सके। भारत ने बार-बार संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की बात की है और सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए अपना दावा भी पेश किया है। भारत विश्व में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाना चाहता है। भारत को भी पीस बोर्ड में शामिल होने का न्योता मिला है। भारत ने कहा है कि वह विचार-विमर्श के बाद ही इस संदर्भ में कोई निर्णय करेगा। इस परिप्रेक्ष्य में कुछ पहलुओं की पड़ताल उपयोगी होगी। अगर वह इसमें शामिल होने से इन्कार करता है, तो ट्रंप के नाराज होने की आशंका और बढ़ जाएगी, जो पाकिस्तान से संघर्ष समाप्त कराने में अपनी भूमिका को भारत द्वारा नकारे जाने के कारण कुपित हैं। उन्होंने पहले से ही भारत पर ऊंचे टैरिफ लगा रखे हैं, जिन्हें वे और बढ़ा सकते हैं।

इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा। वहीं, इस बोर्ड में शामिल होने के भी अपने जोखिम हैं। किसी बैठक के दौरान अगर ट्रंप कश्मीर को लेकर या भारत-पाक संबंधों पर कोई ऐसी बात कह दें, जिसका भारतीय प्रतिनिधि को वहां खुलकर विरोध करना पड़े तो यह बहुत असहज करने वाली स्थिति होगी। ऐसी स्थिति से बचा ही जाना चाहिए। यह भी तय नहीं है कि ट्रंप का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इस बोर्ड का अस्तित्व बचा भी रहेगा या नहीं? इसमें सबसे उचित विकल्प यही रहेगा कि वह इस बोर्ड में शामिल न होकर संयुक्त राष्ट्र को समर्थन दे और उसमें सुधारों की बात को भी आगे बढ़ाता रहे।

## राशिफल


**आज दिनांक 28 जनवरी, 2026, बुधवार, विक्रम संवत् 2082, माघ शुक्ल पक्ष दशमी, कृत्तिका नक्षत्र, गर करण, ब्रह्म योग, राहुकाल: सुबह 8:34 से 9:56 बजे, सूर्योदय सुबह 7:20 बजे, सूर्यास्त सायं 6:00 बजे, चंद्रोदय सुबह 11:46 बजे, चंद्रास्त रात 1:24 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:13 बजे से 12:22 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:26 से 6:14 बजे तक, चंद्रमा वृषभ राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन आपके लिए सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और अपनों का साथ आपको मानसिक मजबूती देगा। वैवाहिक जीवन में प्यार और समझ बढ़ेगी, वहीं प्रेम संबंधों में भी मिठास आएगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी। बड़े भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।





नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। स्वास्थ्य से जुड़ी हल्की परेशानी हो सकती है, लेकिन लापरवाही न करें। पैसों को लेकर किसी से बहस करने से बचें।




लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से आज राहत मिलने के संकेत हैं। कानूनी मामलों में समाधान निकल सकता है। माता-पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। रिश्तों में चल रही गलतफहमियों को बातचीत से दूर करें। कुछ जातकों को नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। ऑफिस पॉलिटिक्स से दूरी रखें और कॅरियर में आगे बढ़ने के मौकों पर फोकस करें।




परिवार का साथ मिलेगा, लेकिन संवाद बनाए रखना जरूरी है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाएं। कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन मेहनत रंग लाएगी। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें और तनाव से बचें।





मन प्रसन्न रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंचेंगे, लेकिन कोई आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकता है, सतर्क रहें। परिवार के साथ समय बिताना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आर्थिक मामलों में किसी पर आंख बंद कर भरोसा न करें और धन का सही प्रबंधन करें।




आज चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें समझदारी और आत्मविश्वास से संभाल लेंगे। किसी भी विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाएं। जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसानदेह हो सकते हैं। आय के नए स्रोत बनने के योग हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।





आज संतुलन बनाए रखना आपके लिए सबसे जरूरी रहेगा। रिश्तों में मधुरता बनाए रखने के लिए अहंकार से बचें। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, लेकिन फिजूलखर्ची न करें। कॅरियर में नए मौके मिल सकते हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, फिर भी दिनचर्या का ध्यान रखें।




आज आर्थिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। पुराने निवेशों से लाभ मिलने के संकेत हैं। नई नौकरी या प्रमोशन का प्रस्ताव मिल सकता है। घर की मरम्मत या प्रॉपर्टी से जुड़ा निर्णय ले सकते हैं। किसी को बड़ी रकम उधार देने से बचें, वापस मिलने में परेशानी हो सकती है।





कॅरियर में आज बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। आपकी मेहनत और फैसलों की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी न करें और जरूरत हो तो विशेषज्ञ की सलाह लें। ऑफिस में बेवजह के विवादों से दूर रहें, नहीं तो मानसिक तनाव बढ़ सकता है।




आत्मविश्वास बढ़ेगा और जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं। किसी करीबी को आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। अपने लक्ष्य पर फोकस रखें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी कठिनाई महसूस हो सकती है, लेकिन निरंतर प्रयास से सफलता मिलेगी।




आज का दिन मिला-जुला रहेगा। ऑफिस में जरूरी काम पूरे करने के लिए अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकता है, लेकिन बातचीत से स्थिति संभल जाएगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और आय के नए स्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।




स्वास्थ्य को लेकर मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। तनाव से बचने के लिए परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताएं। प्रोफेशनल लाइफ में नेटवर्किंग से नए अवसर मिलेंगे। कॅरियर की बाधाएं दूर होंगी। बिजनेस में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, धन हानि हो सकती है। घर-परिवार में सकारात्मक माहौल बना रहेगा।

## शिक्षा में संस्कृति बोध

**प्रेरक प्रसंग**

**प्रत्येक** समाज में एक लम्बे अनुभव से निकलते-निकलते कुछ विशेषताएं बन जाती हैं, उनको हम संस्कृति की विशेषता कहते हैं। हमारे यहां पर कहा गया कि यह समाज में संस्कारयुक्त व्यवहार से संस्कृति की विशेषता उत्पन्न होती है, तो यह संस्कार क्या है? अब कोई न कोई क्रिया होगी, जब उसका कोई न कोई अवशेष रह जाएगा, तो वह संस्कार है। हथोड़ा मारा हमने, तो एक निशान छूट गया, जो निशान छूट गया वह संस्कार है। संस्कार के संदर्भ में भी हमारे पूर्वजों ने सोचा और उन्होंने उसकी एक व्याख्या की। इसकी मीमांसा में हमारे ऋषि कहते हैं कि विशेष गुणवृद्धि होना ही संस्कार है और शंकराचार्य ने अपने ब्रह्मसूत्र के भाष्य के अंदर उसको और विस्तृत रूप से व्याख्यायित किया। उन्होंने 'दोषापनयेन गुणाधान संस्कार:' के रूप में संस्कार शब्द की परिभाषा की। हमारे जीवन में जो दोष हैं, कमियां हैं, उनको निकाले और जो सद्गुण हैं, उनको ग्रहण करें, यह जो निकालने और ग्रहण करने की प्रक्रिया है, यही संस्कार है। इसी संस्कार के माध्यम से धीरे-धीरे जीवन के व्यवहार की विशेषताएं प्रकट होंगी और इसलिए जब हम भारतीय संस्कृति की विशेषताओं के सम्बन्ध में जो भी विचार प्रस्तुत करते हैं, वे विशेषताएं एक दिन में पैदा नहीं हुई हैं। भारतीय जीवन में संस्कार की बहुत सी बातें हैं जैसे 'मातृवत् परदारेषु', अर्थात् पराई स्त्री को मां के समान समझो। एक संस्कार है 'परद्रव्याणि लोष्ठव' अर्थात् दूसरे के धन को मिट्टी के समान समझो। एक अन्य संस्कार है 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' सभी को अपने जैसा या अपनी आत्मा से जुड़ा समझो। हम देखते हैं कि हमारी इन विशेषताओं ने भारतीय समाज-जीवन को एक ऊंचाई प्रदान की। आजकल का जीवन भले ही कुछ अलग हो गया है, परन्तु लगभग 1000 साल पहले की हमारी संस्कृति का भारत में आने वाले ज्यादातर विदेशी समाज के लेखकों ने जो वर्णन किया है, अगर आज आप पढ़ेगे तो पाएंगे कि यह सारी विशेषताएं उन्होंने जीती-जागते रूप में हमारे समाज में उन्होंने देखीं। हमारे समाज में विद्यमान संस्कारों- यथा अतिथि-सत्कार, दया , करुणा, न्याय, नैतिकता आदि का रूप जैसा उन्होंने देखा, वैसा वर्णन किया। अतः यदि हम पुनः वैसा ही समाज जीवन बनाना चाहते हैं, तो समाज में संस्कृति बोध आवश्यक है। यह जो संस्कृति बोध है, समाज के अंदर उसे पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित अथवा हस्तांतरित करने का माध्यम अनेक प्रकार की कलाएं है। जिस प्रकार सामान्यतः अक्षरज्ञान की जो शिक्षा होती है, उसका सम्बंध बुद्धि से होता है, कला का संबंध हृदय से होता है। इस प्रकार बुद्धि और हृदय का परिष्कार करने के लिए हमारे यहां पर साहित्य है, संगीत है, कला है इनको जीवन में बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक सुभाषित है 'साहित्य, संगीत, कला विहिनः साक्षात पशु पुच्छ विषाणहीनः' अर्थात् जिस मनुष्य के जीवन में न तो साहित्य है, न कला है, न संगीत है, न उसकी रूचि है, वह मनुष्य तो है, परन्तु कैसा है, वह बिना पूंछ के पशु जैसा है। जब साहित्य कहेंगे तो उसमें कथा है, कहानी है, कविता है, उपन्यास है, अर्थात् कई तरह से विभिन्न रूपों में विचार और भावना की अभिव्यक्ति हुई है। जब हम संगीत कहेंगे तो स्वरों की दुनिया है, वह मुंह से गाए हुए रागों की भी एक दुनिया है और यंत्रों के माध्यम से स्वरों के जो स्पन्दन निकलते हैं, उसकी भी एक दुनिया है, उनके अपने-अपने अन्तर हैं। आजकल इस पर बहुत विश्लेषण किया ज़ा रहा है कि यह जो भारतीय शास्त्रीय संगीत है, वह सुकून देता है, मनुष्य तन्मय हो जाता है, तनाव निकल जाता है, क्यों है ऐसा? यह जो भारतीय संगीत है, राग है, उसके स्पन्दन ऐसे हैं कि वह दिमाग में तनाव लाने वाली जो बातें हैं, उन सबको हटा देता है। धीरे-धीरे आदमी तन्मय हो जाता है। 1935 में इटली में संगीत प्रेस वार्ता हुई थी, मुसोलिनी उस समय तानाशाह था, भारतीय संगीतज्ञ पं. ओंकारनाथ ठाकुर उससे मिले। उस समय मुसोलिनी को बताया गया कि भारतीय संगीत में सुबह का राग है, शाम का राग है, दुख का राग है, सुख का राग है, तो मुसोलिनी ने कहा, मुझे पता नहीं है, पर मुझे कुछ दिन से नींद नहीं आ रही है। क्या आपके पास कोई ऐसा राग है, जिसे सुनकर मुझे नींद आ जाए। कोशिश करता हूं, यह कहकर ठाकुर जी ने बजाना चालू किया और 15-20 मिनट के अंदर मुसोलिनी गहरी नींद में सो गया। दो दिन तक सोता रहा। तो संगीत की भी एक दुनिया है: दो पेड़ लगा करके अरविन्द आश्रम में प्रयोग किया गया कि एक के सामने माइकल जैक्सन और मैडोना वगैरह का पॉप संगीत बजाया गया और दूसरी तरफ भारतीय संगीत। प्रभाव देखिये कि जिसके सामने भारतीय संगीत बजा, उस पेड़ के पत्ते बड़े अच्छे थे और जहां पॉप म्यूजिक बज रहा था, उसके पत्ते बहुत कटे-फटे और खंडित। लम्बे समय में पॉप संगीत मनुष्य के व्यक्तित्व को आंतरिक रूप से खण्डित कर देता है। इसलिए पॉप म्यूजिक के जितने पॉप स्टार वर्ल्ड में हुए, वे तनावग्रस्त हुए, जेलों में गए या आत्महत्याएं की।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



### महानिदेशक पुलिस ने पीएचक्यू में आयोजित समारोह में प्रदान किए सेवा पदक, डीजीपी डिस्क और प्रशंसा पत्र

# गणतंत्र दिवस पर 45 अधिकारियों और कर्मचारियों को मिला सम्मान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित हुए भव्य समारोह में महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने प्रदेश के 45 पुलिस अधिकारियों और मंत्रालयिक कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इन अधिकारियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा स्वीकृत उत्कृष्ट, अति उत्कृष्ट सेवा पदक और डीजीपी डिस्क के साथ-साथ प्रशस्ति-रोल प्रदान किए गए, वहीं मंत्रालयिक वर्ग के कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

समारोह में राजस्थान पुलिस के आला अधिकारियों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए नवाजा गया। इनमें डीजीपी एसीबी गोविंद गुप्ता, एडीजी एस. सेंगाथिर, बिपिन कुमार पांडेय, आलोक कुमार वशिष्ठ, संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, नई दिल्ली, लता मनोज कुमार, प्रफुल्ल कुमार, महानिरीक्षक पुलिस सीआईएसएफ नई दिल्ली





नवज्योति गोगोई, विकास कुमार, अजयपाल लांबा, अंशुमन भौमिया, राहुल प्रकाश, अनिल कुमार टांक और डॉ. रवि शामिल रहे। इसी प्रकार उप महानिरीक्षक पुलिस अजय सिंह, प्रदीप मोहन शर्मा, दीपक भार्गव, विकास शर्मा, मनोज कुमार, आनंद शर्मा, राजन दुष्यंत, शंकर दत्त शर्मा, पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी, डॉ. दीपक यादव, उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, भारत सरकार, हर्ष वर्धन अग्रवाल, राजर्षि राज वर्मा, ज्येष्ठा मैत्रयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनस्वी चौधरी, सुनीता मीना और वित्तीय सलाहकार डॉ. प्रीति शर्मा को भी पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मंत्रालयिक संवर्ग के 16 कर्मियों को प्रशंसा-पत्र

मंत्रालयिक संवर्ग के 16 अधिकारियों और कर्मचारियों को भी उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किया हुआ। इनमें अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी अंजू शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, अजय सिंह जेफ, महेंद्र सिंह सोलंकी, देवकिशोर, वरिष्ठ सहायक भगवत सिंह मीना, गिरीश पाल सिंह, नयन राणावत, विजय सिंह भाटी, द्रोपति स्वामी, भूपेंद्र सिंह, गणेश राम बिजारनियां, कनिष्ठ सहायक सुमित गोदारा, सीता जाखड़, मोहित व्यास और राहुल यादव शामिल हैं। इस अवसर पर महानिदेशक पुलिस अनिल पालीवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वीके सिंह, हवासिंह घुमरिया, बीएल मीना, रूपेंद्र सिंघ और आईजी परम ज्योति सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## बालकों में संस्कार जरूरी : गरिमा शर्मा

**जयपुर।** गायत्री परिवार द्वारा संचालित मानसरोवर स्थित मां भगवती विद्यालय के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी गरिमा शर्मा ने कहा कि आज बालक-बालिकाओं को संस्कारप्रद शिक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। संस्कारों के अभाव में बालक-बालिकाएं दिशाहीन होकर अपना भविष्य खराब कर लेते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान जोन समन्वयक एवं मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने की। समारोह में ट्रस्टी सतीश भाटी, ट्रस्टी डॉ. प्रशांत भारद्वाज, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रताप सिंह, महेंद्र गुप्ता सहित कई और अभिभावक उपस्थित थे। शिक्षा समिति के अध्यक्ष केदार शर्मा ने अतिथियों का सम्मान किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ललिता शर्मा ने आभार जताया। मंच संचालन शिक्षा समिति के सचिव प्रबुद्ध शर्मा ने किया।



## पूर्व सैनिकों ने दी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

**जयपुर।** विकासनगर विकास समिति मुरलीपुरा स्कीम की ओर से गणतंत्र दिवस बाइपास स्थित पार्क में धूमधाम से मनाया गया। विकास समिति के अध्यक्ष पन्नालाल तंवर ने ध्वजारोहण किया। भूतपूर्व सैनिक सुमेर सिंह डांगी, भंवरलाल डांगी, बुधराम बराला ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।



## संसाधन हीन वर्ग के बच्चों के साथ मनाया राष्ट्रीय पर्व

**जयपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर एवं संसाधन हीन वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए उत्थान सेवा संस्थान की ओर से संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला की न्यू लोहामंडी रोड शाखा में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि राजस्थान प्रशासनिक अधिकारी अंजू गोयल, कर्नल जगदीश चंद्र, सुल्तान सिंह कुमावत, मोहनलाल, हरि अग्रवाल की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। गायत्री परिवार के मनु महाराज के सान्निध्य में अरुण अग्रवाल, नरेंद्र व्यास, आशीष अरोड़ा, राजन सोनी, व्यवसायी राजकमल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवान राम प्रजापत, रघुराज सिंह, वीना शर्मा, सुभाष झा, श्यामसुंदर मूंदड़ा, रमेश चंद्र शर्मा, सूबेदार इंद्रेश दुबे, कैप्टन शिशुपाल सिंह ने प्रतिभागी बालक-बालिकाओं को पारितोषिक प्रदान किया। सुभाष खर्रा की ओर से प्रसाद वितरित किया गया, संस्थान अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी ने सभी का आभार जताया। शिवानंद त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया।



## सौ विद्यार्थियों को वितरित की स्टेशनरी

**जयपुर।** सर्व समाज सेवा समिति के सदस्यों ने गणतंत्र दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय उच्च प्राथमिक आवासीय विद्यालय रामनगरिया के 100 विद्यार्थियों की आवश्यकतानुसार, नोट बुक, पेन का वितरण किया। सर्व समाज सेवा समिति इंदिरा गांधी नगर से हेमेंद्र, राजेश भट्ट, राम चंद्र सैनी, राजेंद्र, विवेक, कुशल, नेमी चंद, संदीप बानूड़ा, डॉ. अशोक दुबे उपस्थित रहे।



## गणतंत्र दिवस समारोह

**जयपुर।** नाहरगढ़ रोड मनिहारी बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, महामंत्री मोहन नवलानी, कोषाध्यक्ष निवास गुप्ता तथा समस्त कार्यकारिणी सदस्यों एवं व्यापारियों द्वारा झंडारोहण कार्यक्रम संपन्न किया गया।



## गणतंत्र दिवस पर दिया एकता का संदेश

**जयपुर।** जवाहर नगर कच्ची बस्ती टीला नंबर 7 राजकीय प्राथमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जवाहर नगर कच्ची बस्ती विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष युगल खोड़े उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य रेनू मीणा ने स्टूडेंट्स को गणतंत्र दिवस की वास्तविक अहमियत समझाई। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेता स्टूडेंट्स को प्रमाण-पत्र और पदक प्रदान किए गए।



## सुबोध ग्लोबल स्कूल में राष्ट्रप्रेम और उत्साह से मना गणतंत्र दिवस

**जयपुर।** श्री एस.एस. जैन सुबोध शिक्षा समिति जयपुर द्वारा वर्ष 2025 में नवनिर्मित विद्यालय सुबोध ग्लोबल स्कूल, बड़ के बालाजी, अजमेर हाईवे, धानक्या रोड पर सुबोध शिक्षा समिति के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि न्यायाधीश अनुरूप सिंघी ने ध्वजारोहण किया। समिति के अध्यक्ष नवरत्न कोठारी, मानद मंत्री सुमेर सिंह बोथरा, उपाध्यक्ष आर.सी. जैन एवं सहमंत्री-कोषाध्यक्ष विनोद लोढ़ा ने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र कुमार जैन राजा, सदस्य आलोक बंब, संजीव कोठारी, कमलजीत यादव व उपेंद्र बोथरा इत्यादि की टीम द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सभी ने प्रशंसा की।



# विधायक गोपाल शर्मा ने सेवा भवन पर फहराया तिरंगा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने सोमवार को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विधायक जनसुनवाई कार्यालय सेवा भवन में तिरंगा झंडा फहराया। इस अवसर पर क्षेत्र में देशभक्ति का उत्साह और उल्लास देखने को मिला। विधायक गोपाल शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारी एकता, राष्ट्रभक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज सिविल लाइंस क्षेत्र का हर मार्ग और हर गली 'भारत माता की जय' के जयघोष से गुंजायमान है। यह पावन अवसर प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व, आस्था और श्रद्धा का पर्व है। विधायक शर्मा ने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं तथा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को मुंह मीठा करवाकर खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश तांबी, मंडल अध्यक्ष इंदु परमार, गौरव अग्रवाल, निखिल वर्मा, पवन सैनी, वर्तमान पार्षद चेयरमैन, पार्षद प्रत्याशी, पूर्व पार्षदगण सहित सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### महानगर टाइम्स कार्यालय पर तिरंगा फहराया

वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्थापक संपादक गोपाल शर्मा ने सोमवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर महानगर टाइम्स कार्यालय पर तिरंगा फहराया। इस दौरान महानगर टाइम्स परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



### खातीपुरा क्षेत्र में तिरंगा रैली आयोजित

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने सोमवार को खातीपुरा क्षेत्र में आयोजित भव्य तिरंगा रैली में सम्मिलित होकर देशभक्ति और युवा शक्ति के अद्भुत संगम का अभिनंदन किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, पार्षद चेयरमैन हेमेंद्र शर्मा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश गुर्जर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित चोपड़ा, दुर्गा प्रसाद कुमावत, भंवर चौधरी, सुरेन्द्र मिठड़ी, मनोहर कुमावत, फूलचंद, हर्ष कुमावत, मनीष, अंकित सोनी, सुमित आदि मौजूद रहे।



### आदर्श विद्या मंदिर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने सोमवार को विद्या भारती की ओर से संचालित आदर्श विद्या मंदिर, नांगल जैसा बोहरा, झोटवाड़ा में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और विद्यार्थियों को प्रेरक पाथेय प्रदान किया। अध्यक्षता पूर्व पार्षद चेयरमैन दुर्गेश नंदिनी ने की। इस अवसर पर प्राचार्य जगदीश प्रसाद शर्मा, मुख्य अतिथि वेब आईटी वर्ल्ड के निदेशक जगदीश यादव, हिंदू जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक महावीर सिंह बलदवा, जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच मुरारीलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने किया।




### खातीपुरा व्यापार मंडल ने मनाया गणतंत्र दिवस

#### सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**जयपुर।** खातीपुरा व्यापार मंडल की ओर से गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने तिरंगा झंडा फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान की गरिमा और देश के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने व्यापारियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और कहा कि मजबूत व्यापार व्यवस्था से ही देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होती है। खातीपुरा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विधायक गोपाल शर्मा का स्वागत साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर किया। मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार मंडल हमेशा सामाजिक एवं राष्ट्रीय आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है और आगे भी देशहित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता रहेगा। मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी का स्वागत किया और सभी व्यापारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अंत में मिठाई वितरण किया गया।



### जगन्नाथपुरा विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने सोमवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर श्रीमती धापू देवी छाजूराम जाट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जगन्नाथपुरा, खातीपुरा में आयोजित समारोह में शामिल होकर विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य विनीता पाराशर, समाजसेवी गिरधर पारीक, निवर्तमान पार्षद चेयरमैन हेमेंद्र शर्मा, अमित चौपड़ा, भंवर चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## अग्रणी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का झंडारोहण

**जयपुर।** मुहाना मंडी केसर नगर चौराहे के समीप अग्रणी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से संस्कार भवन पर गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस की पावन बेला में मुख्य अतिथि वैदिक चिंतक ओमाश्रय संस्थापक यशपाल यश रहे। प्राचार्य हितेश गौतम एवं डॉ. मनमीत सिंह बैंस ने आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्राध्यापक कृष्णकांत सोनी ने यश का लिखित संदेश पढ़ा। डॉ. सलाहुद्दीन, राजीव मनोहर, सुनील, रामचंद्र, योगेश रिंकेश, राहुल, प्रभाकर, प्रशांत, मोहित, राजेश, नीरज, उमेश गर्ग सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



## राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मुरलीपुरा हुआ में ध्वजारोहण

**जयपुर।** राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मुरलीपुरा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि मनोज शर्मा, अध्यक्ष, प्रताप नगर विस्तार विकास समिति ने ध्वजारोहण किया। विशिष्ट अतिथि जगदीश प्रसाद यादव, कैलाश अग्रवाल, उद्योगपति, संतोष अग्रवाल, (पार्षद) वार्ड 7, रिछपाल, ठेकेदार और अन्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्था प्रधान मोहनलाल शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।



## एसएस चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल सोडाला में झंडारोहण

**जयपुर।** एसएस चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल सोडाला में लायंस क्लब जयपुर सनशाइन के चार्टर मेंबर एवं प्रख्यात व्यवसायी रजनीश भटनागर ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर रचित शर्मा ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। इसके बाद प्रिंसिपल ने सभी का आभार जताया।



## गणतंत्र दिवस पर शिक्षा विभाग में हुआ सम्मान





**जयपुर।** गणतंत्र दिवस पर शिक्षा विभाग के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रबल कार्यक्रम राजस्थान युवा सभा अंतर्गत मॉक विधानसभा सत्र के संचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए शासन सचिव कृष्ण कुणाल एवं राज्य परियोजना निदेशक अनुपमा जोरवाल ने शिक्षा संकुल में आयोजित कार्यक्रम में ओमप्रकाश सैनी अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समसा जयपुर, कालूराम जाट कार्यक्रम अधिकारी अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक जयपुर तथा हमीर सिंह गुर्जर एमआईएस अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समसा जयपुर को सम्मानित किया।



## हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में गायों के बीच मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर।** हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में 77वें गणतंत्र दिवस पर गौ सेवा, राष्ट्रभक्ति और संस्कृति का अनुपम आयोजन हुआ। श्री कृष्ण गौ सेवा संस्था के चेयरमैन ओमप्रकाश मोदी, गुप्त वृंदावन धाम के उपाध्यक्ष अनंतशेष दास ने गोवंश के लिए पांच नवीन गौ शेड्स का उद्घाटन किया। इन बाड़ों में लगभग 1000 गौमाताओं के सुरक्षित निवास एवं सुविधा की समुचित व्यवस्था की गई है।



## परशुराम ज्ञानपीठ में झंडारोहण

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित परशुराम ज्ञानपीठ में पूर्व आईजी हरिप्रसाद शर्मा ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि नवीन शर्मा रहे। ज्ञानपीठ के छात्रावास की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। ज्ञानपीठ के सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## सफाई कर्मचारियों से करवाया ध्वजारोहण

**जयपुर।** टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट पानीपेच की ओर से नेहरू नगर में ध्वजारोहण किया गया। प्रधान ट्रस्टी विष्णु बियानी, मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के सफाई कर्मियों को आमंत्रित कर उनसे ध्वजारोहण करवाया गया। वार्ड 34 के सफाई फील्ड ऑफिसर संतोष गोलेछा, राजेंद्र तंबोली, संजय, गंगाराम, अजीत, विकास एवं इंदिरा सहित अन्य उपस्थित रहे। दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।



## स्थापना दिवस पर महिलाओं को शॉल-घड़ी वितरित

**जयपुर।** सिंधु संस्कृति प्रसार संस्था मानसरोवर का 35वां स्थापना दिवस, पूज्य सिंधी समाज सेवा समिति, सेक्टर 6, वार्ड 72, मानसरोवर का आठवां स्थापना दिवस गणतंत्र दिवस पर मनाया गया। अध्यक्ष गोपालदास लालवानी ने बताया कि सर्वप्रथम राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद धर्मप्रसार प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव ने हिंदू जागरण पर बल दिया। समाज के सम्मानित व्यक्तियों का माला एवं तिरंगा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। 111 महिलाओं शॉल एवं घड़ी का वितरण किया गया। संस्था के मुख्य संरक्षक अशोक रावतानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नरेश लालवानी, मनोज तोतलानी, नरेश मखीजा, जगदीश दुसेजा, अशोक कुमार मेठवानी, हरीश गुरबाणी, गागन दास मेघरानी, महेश जेठवानी सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे।

## रक्तदान कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**जयपुर।** मुरलीपुरा क्षेत्र में गणतंत्र दिवस विभिन्न स्थानों पर मनाया गया। शहीद हिम्मत सिंह विद्यालय, महात्मा गांधी विद्यालय, आरके फर्नीचर, पार्षद कार्यालय, जनता क्लिनिक पर स्थानीय लोगों ने झंडारोहण किया। आरके फर्नीचर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 95 यूनिट एकत्रित हुआ। जय हिंद शुभकामना ग्रुप के संयोजक नगेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि झंडारोहण में दौरान पूर्व पार्षद दीपमाला, मोहन नामदेव, मुकेश जोशी, लोकचंद हरीरामानी, भवानी सिंह राठौड़, हरफूल सिंह आर्य, कैलाश शर्मा, आनंद प्रकाश शर्मा, कैलाश जांगिड़, शशि हरिरामानी, पीयूष जोशी, पूर्व पार्षद कमलेश यादव, चंद्र प्रकाश शर्मा, सरदार चौधरी, पवन शर्मा, सतपाल चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयपुर।** प्रतापनगर सेक्टर-4 आवासन विकास समिति के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस राधा गोविंद मंदिर, भारत माता पार्क परिसर में मनाया गया। इस मौके पर लक्ष्मी सिंघल, प्रिया शर्मा के संयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन अनूप गौतम ने किया।

## जय क्लब में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**जयपुर।** जय क्लब प्रांगण में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. हरिओम बंब ने झंडारोहण किया। क्लब सचिव संजय भंसाली ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी।



## राजस्थान आवासन मंडल मुख्यालय पर मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल मुख्यालय पर मंडल अध्यक्ष देबाशीष पृष्टि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर गीतकारों ने भी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उपसचिव डॉ. अशोक कुमार सहित अन्य उच्च अधिकारी, अभियंता एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## इंद्र पब्लिक सी.सै.स्कूल और इंद्र इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर।** इंद्र पब्लिक सी.सै.स्कूल और इंद्र इंटरनेशनल स्कूल जयपुर में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल निशा रावत, निदेशक दीपसिंह रावत ने प्रतिभावान स्टूडेंट्स को सम्मानित किया।



# उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य, जिला व उपखंड स्तर पर मिला सम्मान

## सरस्वती विद्या आश्रम समिति सवाई माधोपुर को किया सम्मानित

**सवाई माधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता )।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सरस्वती विद्या आश्रम समिति को उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, कलेक्टर कानाराम एवं पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल द्वारा समिति के प्रबंधक तेजस्वी शर्मा को प्रदान किया गया। सरस्वती विद्या आश्रम समिति द्वारा वर्ष 2018 से दिव्यांग बच्चों को निशुल्क शिक्षण कार्य एवं संस्था द्वारा मानसिक एवं शारीरिक विकास सेवाएं निशुल्क प्रदान करने के लिए यह सम्मान दिया गया।



## कई कार्मिकों का हुआ सम्मान

**चाकसू (महानगर टाइम्स संवाददाता )।** कस्बे के गणगौरी मैदान पर 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। चाकसू उपखण्ड अधिकारी निधि मीणा व क्षेत्रीय विधायक ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चाकसू में कार्यरत कार्मिक नारायणलाल यादव, नंदकिशोर चौधरी, अर्जुनसिंह चौधरी, महेशकुमार शर्मा, सावित्री शर्मा, रामकल्याण माली का उपखण्ड स्तर पर सम्मान किया गया। इस दौरान चाकसू थानाधिकारी, नगर पालिका ईओ, चाकसू प्रधान, भाजपा नगर अध्यक्ष कृष्णा सैनी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## डॉ. पुकार राज्य स्तर पर सम्मानित

**चूरू (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश मोहन पुकार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर द्वारा गणतंत्र दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। डॉ. पुकार को उनकी बेहतर प्रबन्धन सेवा के लिए विभाग के निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर यह सम्मान किया गया।



## नगर पालिका में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक सम्मानित

**खाटूश्यामजी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगरपालिका खाटूश्यामजी कार्यालय में पालिका अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश ने झंडारोहण। साथ में निवर्तमान वाइस चेयरमैन पूरणमल हरनाथका भी उपस्थित रहे। पालिका में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक तेजपाल बिजानिया जमादार व रामस्वरूप जमादार को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। दिनेश सैनी फायरमैन, विक्रम खीचड़ जमादार, विकास कुमावत को उपखंड स्तर पर सम्मानित किया गया।



## जलदाय विभाग सीकर ने मोहम्मद फारूक भाटी को किया पुरस्कृत

**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के अवसर पर जलदाय विभाग, जिला सीकर द्वारा विभागीय सर्किल लेवल पर आयोजित विशेष सम्मान समारोह में विभाग के कर्मचारी मोहम्मद फारूक भाटी को उनके उत्कृष्ट कार्य और विशेष योगदान को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।



## नवलगढ़: 63 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

**नवलगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** उपखंड स्तरीय 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन कस्बे के सूर्य मंडल प्रांगण में हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। एसडीएम कुलदीप सिंह ने तिरंगा फहराया। इसके पश्चात परेड दल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह में डीपीएस स्कूल डूंडलोद के बैंड दल ने देशभक्ति से ओतप्रोत शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उपखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 63 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को सम्मानित किया गया। समारोह में नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार सैनी, थाना अधिकारी अजय सिंह, तहसीलदार, पंचायत समिति के वीडीओ सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण, 41 प्रतिभाओं को किया सम्मानित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जिले में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास, राष्ट्रभक्ति एवं गरिमा के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह सोनार दुर्ग की तलहटी में स्थित ऐतिहासिक शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया एवं खुली जिप्सी में सवार होकर मार्चपास्ट की सलामी ली। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर संचित निरीक्षक पुलिस मोहम्मद हनिफखान ने किया। मार्चपास्ट में पुलिस, बॉर्डर होमगार्ड, अर्बन होमगार्ड, एनसीसी (पुरुष एवं महिला विंग), स्काउट्स-गाइड्स तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की टुकड़ियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

समारोह में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसाराम सैनी, उपखंड अधिकारी सक्षम गोयल, जिला परिषद सीईओ रश्मि रानी, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसाराम सैनी ने राज्यपाल का संदेश पढ़कर सुनाया।

गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, विधायक छोटूसिंह भाटी एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले 41 व्यक्तियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित प्रतिभाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण, कला-संस्कृति, खेल प्रतिभाएँ, स्वयंसेवी संगठन, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

**झांकियां रहीं आकर्षण का प्रमुख केंद्र:** कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकियों ने आमजन का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, नगर परिषद, जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा विभाग, पंचायत समिति सम मुख्यालय जैसलमेर, जिला निर्वाचन विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, जैसलमेर की आकर्षक एवं संदेशपरक झांकियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं।

# गणतंत्र दिवस समारोह: शान से लहराया तिरंगा

## विधायक रामविलास मीणा ने किया ध्वजारोहण, 47 प्रतिभाएं सम्मानित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस पीएम श्री अशोक शर्मा राजकीय विद्यालय के खेल मैदान पर धूमधाम से मनाया गया। विधायक रामविलास मीणा और उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीणा ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस जवानों ने अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। विधायक रामविलास मीणा, एसडीएम विजेंद्र मीणा और डिप्टी एसपी दिलीप मीणा ने खुली जीप में सवार होकर ग्राउंड में पीटी परेड का निरीक्षण किया। स्कूली छात्राओं ने योग व्यायाम का प्रदर्शन किया। उपखंड स्तरीय समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लालसोट उपखंड क्षेत्र की 47 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, तहसीलदार राजेंद्र मीणा, सीआई पवन कुमार जाट, सीबीईओ सत्यनारायण मीणा, आयुक्त नवरतन शर्मा, प्राचार्य मदनलाल पारीक सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



## नगर परिषद में एडीएम रतन कुमार ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

### आयुक्त ने विकास कार्यों की रूपरेखा रखी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाबा भीमराव अम्बेडकर सर्किल, राणी सती रोड स्थित नगर परिषद भवन में एडीएम रतन कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व देशवासियों, प्रदेशवासियों एवं नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब से भारतीय संविधान लागू हुआ है, उसके पश्चात देश की एकता अखण्डता मजबूत हुई है व देश की आजादी के पश्चात भारत लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। साथ ही हमारा प्रदेश भी विकास के क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखता हुआ बढ़ रहा है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि नगर परिषद सीकर ने स्वच्छता के क्षेत्र में राजस्थान भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उसके लिए आयुक्त शशिकान्त शर्मा व उनकी टीम को बधाई। आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन हमारे देश में संविधान लागू हुआ, उससे भारत ने विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भारत पूरे विश्व में उच्च श्रेणी में स्थान रखता है। इस दौरान राजस्व अधिकारी महेशचन्द्र योगी, नागरमल तेतरवाल, सुरेन्द्र गोदारा, रामलाल चौधरी, कार्यालय अधीक्षक आदित्य बिंयाला, मनोज सांगवान, फायर ऑफिसर लोकेश गोठवाल सहित बड़ी संख्या में परिषद के कर्मचारी, पार्षदगण व गणमान्यजन मौजूद रहे।

## जलदाय विभाग में एक्सईएन चाहिल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सांवली रोड स्थित जलदाय विभाग में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एक्सईएन रामकुमार चाहिल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व राष्ट्रगान के पश्चात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों की बदौलत जो हमें आजादी मिली, उसके पश्चात 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ। उसके बाद देश ने विकास की राह पकड़ी, वो निरंतर कायम है। इस दौरान एईन मोहसिन खान, सागरमल ओला, किरण, नीरज शर्मा, प्रमोद कुमार, मोहम्मद फारूख भाटी, यशवंत सिंह सहित जलदाय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्यजन मौजूद थे।

## शत्रुजीत डिफेंस एकेडमी



**जोधपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** केके कॉलोनी रोड स्थित शत्रुजीत डिफेंस एकेडमी में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान राम मेहरा झालामंड ग्राम निवासी ने झंडारोहण किया। अकादमी के होनहार छात्र छात्राओं द्वारा परेड मार्च किया गया, जिसका संचालन भानुप्रतापसिंह पंवार ने किया। इस अवसर पर एकेडमी के चयनित छात्रों छात्र मूलसिंह, शिवराज, जितेंद्र, राकेश, सुरेंद्र, अभय, कैलाश, अशोक नायक (लिखित, शारीरिक और मेडिकल क्लियर) का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## शहीद विजयपाल सिंह ढाका स्मारक



**नवलगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** कस्बे के शहीद विजयपाल सिंह ढाका स्मारक पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने झंडारोहण किया। पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने शहीद के पिता नोरंग लाल ढाका को शॉल व पुष्प हार पहना कर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता राजेन्द्रप्रसाद आर्य ने की। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सीताराम कुमावत, डीएसपी महावीर सिंह, सुरेन्द्र खयालिया, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष रामलाल सिंह साखनिया रहे।

## मिंतर चौक नवलगढ़



**नवलगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** कस्बे के केसर देव मिंतर चौक पर सूर्य मंडल समिति के उपाध्यक्ष सुरेंद्र जांगिड़ (मानक) ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुरलीमनोहर चौबदार, श्यामसिंह तंवर, लक्की डीडवानिया, गौरव पाराशर, जगदीशप्रसाद जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

## देवकी स्कूल, बैनाड़ा, बस्सी



**बस्सी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** बैनाड़ा स्थित देवकी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रशासक रमेशचंद महावर, संस्था निदेशक दिनेश पंचोली, प्रिंसिपल रेखा पंचोली और संयोजक कृष्ण कुमार कसाना ने झंडारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार व सामुहिक व्यायाम प्रदर्शन किया। परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## गणतंत्र दिवस सिर्फ उत्सव नहीं, भविष्य की योजनाओं पर विचार करने का दिन: राय

### शेखावाटी विश्वविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय एवं सारस्वत अतिथि भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के संयुक्त सचिव डॉ. आलोक मिश्रा और विवि के अधिकारियों ने झंडारोहण किया। इस अवसर पर डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल अधिकारों का नाम नहीं है, बल्कि कर्तव्यों की पूर्ति का संकल्प भी है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि उत्सव तभी सार्थक होता है जब उसमें उत्साह के साथ-साथ चेतना हो। प्रो. राय ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की योजनाओं पर विचार करने का अवसर है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्वेता यादव ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अजमेर के ईसाई विद्यालयों में मनाया गया गणतंत्र दिवस



महानगर टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेंट मार्टिन्स स्कूल, भवानीखेड़ा, अजमेर में आयोजित कार्यक्रम में संविधान के मूल मूल्यों-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एकता, धर्मनिरपेक्षता और साझा भविष्य के निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में यह रेखांकित किया गया कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम सभी धर्मों और समुदायों का साझा प्रयास था, जिसमें ईसाई समुदाय के नेताओं और संस्थाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह में सुशील कुमार रुद्र, अक्कम्मा चेरियन, हरेंद्र कुमार मुखर्जी सहित कई उपस्थित रहे। वहीं, सेंट एंसल्म्स स्कूल केसरगंज में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

## डॉ. राठी ने फहराया तिरंगा, शहीदों की शहादत को किया नमन

**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** शेखावाटी के जाने-माने शल्य चिकित्सक डॉ. जीएल राठी ने सांवली रोड पंडित जी की कोठी के पास स्थित श्रीमती विष्णुकांता राठी अस्पताल में 77वे गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आजादी का जीवन हम जी रहे हैं, वो हमें उन शहीदों की शहादत के बल पर मिली है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। हमें उनके बलिदान को कतई नहीं भूलना चाहिए। डॉ. राठी ने स्टाफ सदस्यों से कहा कि गरीब को गणेश मानकर सेवा करें। भगवान ने हमें यह सेवा करने का अवसर दिया है, हम उसको सच्चे मन से करें। कार्यक्रम को डॉ. अंकुश राठी व डॉ. जितेन्द्र कचौलिया ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ. सुनील गोरा, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. साहिल, डॉ. अनिता राठी. डॉ. दिव्या कचोलिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन व अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

## जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने फहराया ध्वज

महानगर टाइम्स संवाददाता



**अजमेर।** मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस समारोह 2026 पुलिस लाइन मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ध्वज फहराकर कर मार्चपास्ट की सलामी ली। राज्यपाल के संदेश का पठन अतिरिक्त जिला कलेक्टर ज्योति ककवानी ने किया।

इस अवसर पर मंत्री रावत ने कहा कि 7वीं शताब्दी में महान शासक अजयपाल चौहान द्वारा स्थापित अजमेर को सम्राट पृथ्वीराज चौहान के समय देश की राजधानी रहने का भी सौभाग्य मिला। क्रांतिकारियों की शरणस्थली रही अजमेर की यह धरती सर्वधर्म सद्भाव और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। यहां सृष्टि के रचयिता प्रजापिता ब्रह्मा की नगरी तीर्थ गुरु पुष्कर हिन्दुओं का सर्वश्रेष्ठ तीर्थ है। दरगाह भी यहां है। जैन तीर्थ स्थल नसियां और नारेली, सभीधर्मावलम्बियों के लिए श्रद्धा के स्थल हैं। अजमेर की पवित्र भूमि पर सिख पंथ के महान गुरुओं के चरण भी पड़े हैं, पारसियों का पवित्र अग्नि मंदिर भी यहां विद्यमान है। अजमेर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार के विजन से धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ आर्थिक शक्ति केंद्र के रूप में उभर रहा है

जिला स्तरीय समारोह में स्वतंत्रता सेनानी शोभाराम गहरवार का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन चन्दा अग्रवाल, विमला देवी, लेखा गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

लोकतन्त्र सेनानी अशोक कुमार कच्छावा एवं किशनगोपाल शर्मा को सम्मानित किया। समारोह में परेड कमांडर डॉ. दीपेन्द्र के नेतृत्व में परेड की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## वाणिज्य कर विभाग परिसर में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सावली रोड पर बड़े तालाब के पास स्थित वाणिज्य कर विभाग परिसर में गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण किया गया। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान एक सेमिनार आयोजित किाय गया, जिसमें शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट वह गणमान्य जन मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



**श्रीमाधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि मुख्य अतिथि पार्वती देवी, निदेशक मोहरसिंह खर्रा, डॉ. वी.के. सैनी (प्राचार्य महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय), किरण चौधरी (प्राचार्य महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल), ग्यारसीलाल यादव (उपप्राचार्य महात्मा गांधी बीएड कॉलेज), श्याम सामोता (अनुदेशक-महात्मा गांधी आईटीआई) द्वारा सामूहिक रूप से झंडारोहण किया गया। महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल, महात्मा गांधी बीएड कॉलेज, महात्मा गांधी आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में ध्वजारोहण किया गया।

# मालासेरी डूंगरी में विकास कार्यों का मंत्री शेखावत ने किया निरीक्षण

### भगवान देवनारायण की अवतरण स्थली में बढ़ेंगी आधारभूत सुविधाएं

महानगर टाइम्स संवाददाता



**भीलवाड़ा।** पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश योजना 2.0 में मालासेरी डूंगरी में आधारभूत पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए 48.73 करोड़ का प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। राज्य पर्यटन विभाग इस परियोजना का नोडल डिपार्टमेंट है तथा प्रोजेक्ट की कार्यकारी एजेंसी राज. धरोहर प्राधिकरण है। परियोजना के लिए राज्य सरकार ने आवश्यक भूमि पर्यटन विभाग को आवंटित कर दी है। आरएचए के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत के मार्गदर्शन में इसका निर्माण कार्य आरम्भ गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भगवान देवनारायण की अवतरण स्थली पर 1111 वे प्राकट्य दिवस पर आगमन हुआ था। राज्य सरकार द्वारा भी अपनी बजट घोषणा में मालासेरी सहित भगवान देवनारायण की लीलाओं से जुड़े अन्य स्थलों यथा सवाईभोज, गढ़ गोठा, साडूमाता बावड़ी, वड़नगर में भी श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास कार्यों की घोषणा की गई है, जिन पर भी कार्यवाही की जा रही है। मालासेरी डूंगरी परिसर में चहारदीवारी, पार्किंग, सुलभ सुविधाओं का विकास, रसोईघर, भोजनशाला, वेटिंग हॉल, सामुदायिक भवन, सड़क, प्लांटेशन एवं डिस्पेंसरी आदि आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य होंगे।

मंगलवार को भगवान देवनारायण के 1114 वें अवतरण दिवस पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मालसेरी आकर भगवान देव नारायण के दर्शन कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, आसीन्द विधायक जब्बरसिंह सांखला, जिला कलेक्टर भीलवाड़ा व पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विकास राजेश शर्मा सम्मिलित हुए।

# मेट्रो फेज-1 सी : 7700 व.मी. भूमि स्वीकृत

## भूमि व सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक

महानगर टाइम्स संवाददाता



जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 217वीं बैठक में विभिन्न प्रकरणों पर विचार-विमर्श कर विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमि आवंटन करने का निर्णय किया गया। जयपुर मेट्रो फेज-1 सी (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर वाया गलता गेट) के लिए 7700 व.मी. भूमि उपयोग में लेने के लिए स्वीकृति दी गई। इसके लिए ग्राम दौलतपुरा तहसील आमेर के खसरा नं. 1394 रकबा 28.50 हेक्टेयर में से 2.01 हेक्टेयर भूमि आवंटन करने का निर्णय किया गया। इसके अलावा बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक चाकसू, जयपुर को राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुरा के भवन के लिए खसरा नं. 220 रकबा 6.00 हेक्टेयर किस्म चरागाह में से 2000 वर्गमीटर भूमि आवंटन किए जाने का निर्णय किया गया। सैनिक कल्याण भवन निर्माण के लिए प्राधिकरण की गोकुल नगर योजना में स्थित सांस्थानिक भूखण्ड संख्या आई-1 क्षेत्रफल 5210.6 व.मी. में से वेस्ट पार्ट भूखण्ड संख्या 4 की ओर 4000 मीटर भूमि निशुल्क आवंटित भूमि के आवंटन को निरस्त करते हुए उक्त के स्थान पर गोकुल नगर योजना में स्थित फैसिलिटी एफ-9 क्षेत्रफल 5160.91 व.मी. भूमि आवंटन करने का निर्णय किया गया।

# समाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए पीएचडी उपाधि से सम्मानित



महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। साउथ अमेरिकन पीस यूनिवर्सिटी और अर्हम चैरिटेबल फाउंडेशन इंडिया की ओर से जयपुर के एक होटल में पीएचडी अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित की गई। इसमें विशिष्ट शोध और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए करीब 30 व्यक्तियों को मानद पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। अभिनेता मनीष बिशला, राजस्थान लॉ यूनिवर्सिटी के अधिवक्ता डॉ. योगेश गुप्ता व गुरुकुल कॉलेज के प्रो. डॉ. अरुण राजोरिया समारोह के मुख्य अतिथि रहे। साथ ही न्यू माइक्रोटेक ग्रुप ऑफ एजुकेशन की अंजना जैन, डॉ. शिप्रा जैन, श्री साईं इन्फोटेक शिक्षा समिति के निदेशक डॉ. मुकेश शर्मा, 4लीअर नोवा के निदेशक नरेश सिंह, हाईटेक एजुकेशन के निदेशक मनोज कुमार व टेली जेम के निदेशक सुनील गुप्ता भी उपस्थित रहे। अर्हम चैरिटेबल फाउंडेशन इंडिया के चेयरमैन डॉ. पंकज जैन ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट जज ग्यारसीलाल मीणा, राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निजी सहायक महेंद्रसिंह झाखर, सुनील श्रीवास्तव, तरुण कुमार प्रमाणिक, अशोक कुमार शर्मा, अचल दास, विष्णु कांत, राजेंद्र कुमार शर्मा, गोपेश कुमार, शीशपाल, आशा साहू, भास्कर राव कोठे, जगदीश कुमार प्रजापत, जितेंद्र कुमार शुक्ला, नवीन अग्रवाल, पंकज कुमारी, पूनमा राम सियोल, प्रियंका कंवर शेखावत, राजेश मेनारिया, शेफाली चौधरी, विजय उपाध्याय, विजयपाल बोचालया, सचिन कुमार, संजय कुमार पुंगलिया, अब्दुल सलाम मोहम्मद नियाज और दिनेश हेमाराम चौधरी को पीएचडी मानद उपाधि प्रदान की गई।

# जनकल्याण युवा संस्था का मनाया स्थापना दिवस

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जनकल्याण युवा संस्था के 29वें स्थापना दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल यादव की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में संस्था के प्रणेता एवं



पूर्व सांसद डॉ. करणसिंह यादव के जन्मदिवस पर प्रदेशभर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार रक्तदान शिविरों की शुरुआत 1 फरवरी को जयपुर व अलवर से होगी। इसके बाद 5 फरवरी को नीमराणा, 7 फरवरी को बहरोड़ और 8 फरवरी को पिलानी में शिविर लगाए जाएंगे। सामाजिक सरोकार के तहत नीमराणा-बहरोड़ क्षेत्र में 1 फरवरी को जन्म लेने वाली बालिकाओं को डॉ. करणसिंह यादव के जन्मदिवस पर 2100 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 07/2026/D-122

**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 263922 दिनांक 29/10/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Shiv Nath Yadav S/o Pemaram Yadav | श्री पुष्पा पंडिया पत्नी मधुसुधन पंडिया | 115 | 233.33 SQ. Yard | Cooperat-eiv | Tagore Nagar Sector/Block- | Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) | समिति द्वारा जारी आवंटन पत्र, साइट प्लान, अपंजीकृत इकरारनामा, वाद विवाद शपथ पत्र क्षतिपूर्ति बंध पत्र |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 14/2026/D-209

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 276061 दिनांक 06/01/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीज धारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M/S DHD INFRA AND LIVING PVT. LTD. THROUGH DIRECTOR Siddhant Midha S/o RAKESH MIDHA | श्री जगदीश, बाबूलाल, लालचन्द एवं ओमप्रकाश पुत्रान् श्री स्व. श्री मांगीलाल | 14/OK/13 | 1250.00 SQ METER | JDA | RING ROAD PROJECT (ZONE-14) Sector/Block-OK | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) Original Lease Deed (Patta) | जारी लीजडीड, अपंजीकृत मृत्यु प्रमाण, पंजीकृत हकत्याग पत्र, अर्पणनामा पत्र, पहचान पत्र, वाद विवाद शपथ पत्र आदि |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already Patta (Lease Deed) Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 06/2026/D-89

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 271218 दिनांक 11/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Sub Division and Reconstitution जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड सं. | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rakhi Saini W/o Sajjan Kumar Saini | श्रीमति बनारसी देवी पत्नी पूरण चन्द चौधरी | 458 | 183.33 SQ. YARD | Cooperative | Pratap Nagar Vistar Sector/Block- | Sub Division and Reconstitution | पंजीकृत विक्रय पत्र |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Sub Division and Reconstitution जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त, जोन-6 जविप्रा, जयपुर

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : F-JDA/Zone 07/2026/D-123 दिनांक : 27.01.2026

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 243508 दिनांक 20/08/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी / लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RATAN SINGH SHEKHAWAT S/o BHANWAR SINGH SHEKHAWAT | श्री राम सहाय शर्मा पुत्र श्री गोपी राम शर्मा | 170 | 100.00 SQ. YARD | Cooperative | HANUMAN NAGAR VISTAR B-II Sector / Block - |

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta)

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : आवंटन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति Online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त, जोन 07

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : F-JDA/Zone 14/2026/D-199 दिनांक : 15.01.2026

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 275843 दिनांक 05/01/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का NAME TRANSFER जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी / लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KAMLESH KUMAR SHARMA S/o GIRDHARI LAL SHARMA एवं RAJANI KANORIYA W/o DINESH KUMAR SHARMA | [illegible] श्री शीतल कटारिया | 14/IG/88 | 627.00 SQ. METER | JDA | RING ROAD PROJECT (ZONE-14) Sector / Block - IG |

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : NAME TRANSFER

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : स्वघोषणा पत्र, शपथ पत्र, जारी लीज डीड, पंजीकृत विक्रय पत्र, मौके की फोटो, पहचान दस्तावेज आदि।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में NAME TRANSFER जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर OBJECTION MODULE के माध्यम से आपत्ति ONLINE सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त, जोन 14

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : F-JDA/Zone 11/2026/D-200 दिनांक : 21.01.2026

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 275750 दिनांक 03/01/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का NAME TRANSFER जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी / लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SONKHIA FASTENERS PVT. LTD. AUTHORISED DIR. HEMANT KHANDELWAL S/o PRAKASH CHAND | श्री विठ्ठलदास मालपानी पुत्र श्री राधा मोहन | KH. NO. 513/1, 570/511, 572/512 | 5717.31 SQ. METER | PRIVATE | VILLAGE CHIROTA SANGANER (EKAL PATTA) Sector / Block - |

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : NAME TRANSFER

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : एक बार से अधिक बेचान एवं रजि. विक्रय पत्रों के आधार पर।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में NAME TRANSFER जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर OBJECTION MODULE के माध्यम से आपत्ति ONLINE सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त, जोन 11

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : F-JDA/PRN - North/2026/D-15 दिनांक : 22.01.2026

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 259340 दिनांक 06/10/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी / लीज धारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OMPRAKASH SHARMA S/o GULJARI LAL SHARMA | गुलजारी लाल शर्मा / भौरी लाल | C104 | 200.00 SQ. YARD | Cooperative | JAGDAMBA NAGAR-C-PRN Sector / Block - |

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta)

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : समिति द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान एवं पंजीकृत हक त्याग पत्र, सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति Online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त, (पीआरएन-उत्तर)

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : F-JDA/Zone 09/2026/D-186 दिनांक : 27.01.2026

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 252315 दिनांक 18/09/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी / लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BABU LAL MEENA S/o KANA RAM MEENA | श्री मामन चन्द पुत्र श्री गुलाब राम | 14 | 161.11 SQ. YARD | Private | SHREE NARSINGH SAROVAR Sector / Block |

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : Issue of [ Lease / Free Hold ] Deed (E-Patta)

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : श्री बाबूलाल मीणा पुत्र श्री काना राम मीणा द्वारा निजी खातेदारी योजना श्री नृसिंह सरोवर ग्राम चतरपुरा के भूखण्ड संख्या 14 क्षेत्रफल 161.11 व.ग. का पट्टा चाहने हेतु आवेदन किया गया है। इस हेतु आवेदक द्वारा निजी खातेदारी योजना श्री नृसिंह सरोवर ग्राम चतरपुरा के भूखण्ड संख्या 14 क्षेत्रफल 161.11 व.ग. का श्री मामन चन्द पुत्र श्री गुलाब राम के पक्ष में जारी पजेशन लेटर दिनांक 30.01.2005, साईट प्लान, एनओसी, मौका फोटोग्राफ्स श्री मामन चन्द पुत्र श्री गुलाब राम द्वारा श्री महेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रभुनारायण शर्मा के पक्ष में रजिस्टर्ड मुख्तयारनामा आम दिनांक 20.02.2013 निष्पादित किया गया है। उक्त भूखण्ड का बेचान श्री महेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा श्री अमित कुमार पुत्र श्री माधोलाल को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.02.2013 के द्वारा किया गया है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान श्री अमित कुमार द्वारा श्री बाबूलाल मीणा पुत्र श्री काना राम मीणा को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.10.2024 के द्वारा किया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [ Lease / Free Hold ] (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर OBJECTION MODULE के माध्यम से आपत्ति ONLINE सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त, जोन 09

## आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाषक कम्पनी मोक्षिका रियल एस्टेट एण्ड डवलपर्स प्रा.लि. जरिये निदेशक [illegible] ... दिनांक: 27.01.2026, स्थान: जयपुर। भवदीय: पवन शर्मा एडवोकेट, राज. हाईकोर्ट मो. 9414206464

## राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लि.

4, भवानी सिंह मार्ग, जयपुर, फोन : 01418,2740439, 2740364

### ई-निविदा सूचना संख्या राजफेड/मा.स.वि./2025-26/2016

वर्ष 2025-26 में अनुबंध/संविदा पर कार्मिक उपलब्ध करवाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसमें आवेदन करने की अन्तिम तिथि 11.02.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक तकनीकी निविदा खोलने की तिथि 11.02.2026 दोपहर 1.00 बजे है। विस्तृत विवरण के लिए दिनांक 27.01.2026 से राजफेड की वेबसाईट www.rajfed.gov.in, http:eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखें।

नोट :- इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय में सहायक प्रबंधक (मा.स.वि.) से दूरभाष नम्बर 0141-2740439 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

UBN No. - CMF2526SLRC00120

राज.संवाद/सी/25/18488 — प्रबंध निदेशक

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

दिनांक: 21.01.2026

क्रमांक: F-JDA/Zone 09/2026/D-185 आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 274731 दिनांक 28.12.2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं

| आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Deepak Dhakad S/o Lalit Mohan Dhakad, Surbhi Dhakad D/o Atar Singh Dhakad | श्री संदीप पाठक पुत्र श्री एस.पी. पाठक | P56 | 90.00 Sq. Meter | Private | WELKIN ENCLAVE Sector/Block | Name Transfer | [illegible] |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति Online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-09 ज.वि.प्रा., जयपुर

## जयपुर विकास प्राधिकरण

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 277478 दिनांक 13.01.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं

| आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Fine-tech Realty LLP As Partner Nikhil Chaudhary S/O Nagendra Chaudhary | [illegible] | 36 | 125.00 SQ yard | Private | Prim Habitate Sector/Block D | Name Transfer | [illegible] |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

## कार्यालय नगर निगम जयपुर

(साईंस पार्क के पास, शास्त्री नगर, जयपुर)

क्रमांक — जसअ/2025/454 दिनांक: 22.01.2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 79 से 85/2025-26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए" "ए" व अन्य उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम जयपुर की Web Site www.jaipurmc.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगी।
SPPP portal UBN No. JMC2526WSOB02630 To JMC2526WSOB02636

अधिशाषी अभियन्ता सिविल लाईन जोन नगर निगम जयपुर

राज.संवाद/सी/25/18415

## चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स

### ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना सं: एमइलब्ल्यू-ईएलएम_एस_6_एयमली_4_ईओटी। कार्य का नाम: चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स में 29 अदद ईओटी क्रेनों का 2 वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक रख-रखाव संविदा। निविदा सं: एमडब्ल्यू-ईएलएम_एस_6_एयमली_4_ईओटी। निविदा का प्रकार: खुली; बोली लगाने का तरीका: निविदा के लिए एकल दर। निविदा कागजात (फॉर्म) का मूल्य: ₹ 00.00। जमा की जाने वाली अग्रधन राशि: ₹ 1,87,900.00। कार्य का अनुमानित लागत (निविदा लागत): ₹ 93,93,745.68 (सभी शुल्क सहित)। कार्य पूर्ण करने की अवधि: 2 वर्ष। संविदा का प्रकार: कार्य। संविदा की श्रेणी: व्यय। व्यय का प्रकार: पूंजी (डब्ल्यूएमएस)। निविदा समाप्ति की तिथि/समय: 05.02.2026/11:00 बजे पूर्वाह्न। निविदा की वैधता अवधि: 60 (साठ) दिन निविदा की पूर्ण जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर देखी जा सकती है।

PR8/288 डिप्टी.सीईई/ईआरएस/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन

www.facebook.com/clwrailways पर हमें फॉलो करें

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक-F-JDA/ Zone 11/2026/D-205 **आम सूचना** दिनांक 14.01.2026

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 272942 दिनांक 20/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है:

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Sunita Choudhary W/o Shakti Singh | श्रीमती शकुन्तला जैन पत्नी श्री अनिल कुमार जैन | 1072 | 200.00 Sq. Meter | JDA | SEZ Khatedar (Village Paldi Parsa) Sector/Block | Name Transfer | सेज पुनर्वास योजना ग्राम पालडी परसा के आवासीय भूखण्ड संख्या 1072 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर की लीजडीड क्रमांक 193 दिनांक 13.06.2024 को श्रीमती शकुन्तला जैन पत्नी श्री अनिल कुमार जैन के पक्ष में जारी की गई थी। |

(1) श्रीमती शकुन्तला जैन पत्नी श्री अनिल कुमार जैन द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम पालडी परसा के आवासीय भूखण्ड संख्या 1072 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से श्रीमती कौमल मैनानी पत्नी श्री सुरेश मैनानी को विक्रय कर दी गई है। (2) श्रीमती कौमल मैनानी पत्नी श्री सुरेश मैनानी द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम पालडी परसा के आवासीय भूखण्ड संख्या 1072 क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 202503021118 400 दिनांक 07.08.2025 से श्रीमती सुनीता चौधरी पत्नी श्री शक्ति सिंह को विक्रय कर दी गई है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने का किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति Online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त जोन-11 जविप्रा, जयपुर

## उत्तर पश्चिम रेलवे

### डीजल शेड आबूरोड के कार्य के लिये ई-निविदा वर्ष 2025-26

एनआईटी नं: M233/163/2025-26 (Master Controller). (1) कार्य का नाम स्थान व अवधि: Overhauling of KEPCO make master controller ASM Dynamic Brake unit in schedule (Y-3 & Y-6 schedule) of HHP locomotives for 03 years at Diesel shed Abu Road. (2) कार्य की अनुमानित लागत: ₹1,32,00,872.40 (Including GST) (3) बयाना राशि जो जमा करानी है: ₹2,16,000/- (4) टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक: दिनांक 25.02.2026 को 15.00 बजे तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन पश्चात् खोली जायेगी। वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहाँ से टेण्डर की पूर्ण जानकारी देखी जा सके: http://www.ireps.in व Sr.DME (Diesel) आबूरोड के कार्यालय के सूचना पट्ट से NOTE: The offer can only be accepted through E-Tendering on the website of https://www.ireps.gov.in/, Offer in any other form will not be accepted. The tenderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on IREPS portal. Only registered tenderer/bidders can participate on e-Tendering. All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering.

139-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## राजस्थान आवासन मण्डल

क्रमांक :- 1983 दिनांक :- 22/01/2026

### निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

गांधी कुटिर योजना अरावली विहार में सामुदायिक भवन के पास स्थित पार्क की मरम्मत के कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 30.01.2026 दोपहर 12.00 बजे से 09.02.2026 सायं 06.00 बजे तक राजस्थान सरकार के पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in एवं मण्डल की वेबसाईट http://rhb.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

यू.बी.एन. नं. :- RHB2526WSOB00334

राज.संवाद/सी/25/18506 — आवासीय अभियन्ता, खण्ड भिवाड़ी

## नाम-परिवर्तन

मेरी पत्नी विमला देवी का दस्तावेजों में विमला देवी नाम हैं। जबकि आर्मी रिकॉर्ड में विमला है। भविष्य में मेरी पत्नी का नाम विमला देवी के नाम से जाना जावें। 16019487/W हवलदार सोहन लाल पुत्र गोविंद राम मानपुरा, नांवा, नागौर। पिन कोड 341507

## नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम विशाल कुमार से बदलकर विशाल कुमार शिवानी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पताः 115/229, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 14/2026/D-203

**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 158370 दिनांक 05/02/2024 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rakesh Kumar Meena S/o Haricharan Meena | श्री आशा पारिक पत्नी श्री अरुण शर्मा | 275 | 272.22 Sq. Yard | Private | Custam Colony Sector/Block- | Name Transfer | जारी लीजडीड, पंजीकृत विक्रय पत्र, आधार कार्ड की प्रति, बैंक का बंध पत्र, साईट प्लान आदि। |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 07/2026/D-121

**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 275316 दिनांक 31/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ajay Kumar Gupta S/o Krishna Sahay Gupta | श्री अजय कुमार गुप्ता पुत्र श्री कृष्ण सहाय गुप्ता एवं श्रीमती कलावती विजय पत्नी श्री अजय कुमार | 14 | 4.51 SQ. Meter | JDA | Vaishali Nagar Tagore Circle Sector/Block-T | Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) | कब्जा पत्र, सजरा प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत हकत्याग पत्र, वाद विवाद शपथ पत्र |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease/Free Hold] (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 09/2026/D-190

**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 277249 दिनांक 12/01/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhavna Singh S/o Amit Kumar | श्री रज्जन सिंह पुत्र श्री देशराज सिंह | 25 | 225.36 Sq. Yard | Cooperative | Lajpat Nagar Sector/Block- | Name Transfer | शिव शंकर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना लाजपत नगर के भूखण्ड संख्या 25 क्षेत्रफल 225.36 वर्ग गज की लीजडीड श्री रज्जन सिंह पुत्र श्री |

देशराज सिंह के नाम से दिनांक 07.04.2014 को जारी की गयी है। तत्पश्चात श्री रज्जन सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 30.06.2021 द्वारा अपनी पुत्रवधु श्रीमती भावना सिंह पत्नी श्री अमित कुमार के पक्ष में कर दिया गया। तत्पश्चात रज्जन सिंह की दिनांक 25.12.2021 को मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त उनकी पुत्रवधु श्रीमती भावना सिंह द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

## आम सूचना

मैं पीयूष माथुर पुत्र स्व. श्री विजेंद्र माथुर निवासी बी-169 कीर्ति नगर टोंक रोड गांधीनगर जयपुर। मेरे पिता जी एवं माता जी दोनों का देहांत हो चुका है। मेरे पिताजी के नाम से रजिस्टर उक्त वाहन को मैं स्वयं के नाम से स्थानांतरण करवा रहा हूं जिसका वाहन संख्या RJ14UF9853 एवं इसका रजिस्टर चेचिस नंबर-MA1TA2WR2J2M17993 अतः किसी को भी आपत्ति हो तो सात दिन के अंदर जयपुर आरटीओ फर्स्ट में संपर्क करें।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री बजरंग लाल सैन ने आबादी प्लाट स्थित ग्राम मण्डा भिण्डा, पंचायत समिति गोविन्दगढ, जिला जयपुर क्षेत्रल 150 वर्गगज को VRIDHI FINSERV HOME FINANCE LTD के पास रहन् रखने बाबत् आवेदन किया है। यह कि ग्राम पंचायत मण्डा भिण्डा, पंचायत समिति गोविन्दगढ द्वारा उपरोक्त वर्णित प्लाट का पट्टा/विक्रेय विलेख दिनांक 05/07/1997 को श्री छिगन लाल पुत्र श्री घीसा राम के नाम से जारी किया गया। तत्पश्चात् उपरोक्त वर्णित प्लाट को श्री छिगन लाल ने जरिये रजिस्टर्ड उपहार पत्र द्वारा दिनांक 23/09/2025 को श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री बजरंग लाल सैन को उपहार कर दिया। यह कि उपरोक्त दस्तावेजों में दिनांक 05/07/1997 का मूल पट्टा विलेख कहीं गुम हो गया है, जिसकी एफआईआर दिनांक 14/11/2025 को पुलिस थाना में दर्ज करा दी गई है, यदि किसी व्यक्ति को मिल जावे अथवा किसी भी व्यक्ति का उक्त सम्पति मे उत्तराधिकार विक्रय, रहन, लीज, दान या अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार या हक हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सात दिवस मे अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त सम्पति पर रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा ना ही मेरे मुव्किल VRIDHI FINSERV HOME FINANCE LTD पर बाध्यकारी होगा।

भुवनेश जैन (एडवोकेट)
मो. नम्बर: 98280-25372
ए-12, मूर्तिकला कॉलोनी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर राजस्थान।

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक मकान नम्बर 81/162, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान में स्थित है, जिस पर श्री सचिन शर्मा एवं श्री प्रेम शंकर शर्मा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त मकान से सम्बन्धित असल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे हैं। यह कि श्री प्रेम शंकर शर्मा का दिनांक 09/05/2021 ईस्वी को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त मकान के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब श्री सचिन शर्मा उक्त मकान के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहते हैं यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में मुझे अथवा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्लाट नम्बर 1/1277, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान में सूचित करें।

स्थानः जयपुर — शशांक टिक्कीवाल (एडवोकेट)
दिनांकः 27.01.2026 — मो.नं. 9166400777

## शेरा एनर्जी लिमिटेड

CIN: L31102RJ2009PLC030434
पंजीकृत कार्यालय : F-269-B, रोड नंबर13, VKIA, जयपुर-302013, राजस्थान, संपर्क +91-9116007855
ईमेलः cs@sheraenergy.com
वेबसाइटः www.sheraenergy.com

### सदस्यों के लिए सूचना

एतद द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 110, धारा 108 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के साथ पठित, और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 22 (जिसमें समय-समय पर लागू कोई भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन शामिल है), सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक ("SS-2"), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("SEBI सूचीबद्धता विनियम") और अन्य लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार, 23 जनवरी, 2026 की सूचना में बताए गए विशेष प्रस्तावों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई-वोटिंग) से मतदान करके पोस्टल बैलेट के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में, सदस्यों को सूचित किया जाता है कि पोस्टल बैलेट सूचना के साथ स्पष्टीकरण विवरण 27 जनवरी, 2026 को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजा गया है।

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.sheraenergy.com और बिगशेयर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट www.bigshareonline.com और NSE लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध है।

कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की सेवाओं को ई-वोटिंग एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। नियामक आवश्यकताओं के अनुसार, सदस्य विशेष प्रस्ताव पर केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से ही वोट दे सकते हैं, जो **बुधवार, 28 जनवरी, 2026, सुबह 9:00 बजे** (IST) से शुरू होकर **गुरुवार, 26 फरवरी, 2026, शाम 5:00 बजे (IST)** तक चलेगा, जिसके बाद बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

केवल वे सदस्य, जिनके नाम कट-ऑफ तिथि, अर्थात **23 जनवरी, 2026** को डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं, वे ही प्रस्ताव पर अपना वोट डालने के हकदार हैं।

**ई-मेल एड्रेस पंजीकृत/अपडेट करने का तरीकाः**

जिन सदस्य के शेयर डीमेटेरियलाइज्ड मोड में हैं और जिन्होंने अपना ई-मेल एड्रेस पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है, वे डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट, जहाँ उनके डीमैट अकाउंट हैं, के पास अपना ई-मेल एड्रेस पंजीकृत/अपडेट कर सकते हैं। किसी भी प्रश्न या अगर सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में किसी तकनीकी सहायता की ज़रूरत है, तो सदस्यों से अनुरोध है कि वे शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (FAQs) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देखें, जो ivote@bigshareonline.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध हैं, या सदस्य लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या के लिए CDSL हेल्पडेस्क से helpdesk.evoting@cdslindia.com पर संपर्क कर सकते हैं या 022-23058738 और 022-23058452-43 पर संपर्क कर सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग के परिणाम शनिवार, 28 फरवरी, 2026 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे और कंपनी की वेबसाइट www.sheraenergy.com पर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी को भी जमा कराए जाएंगे। कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय में भी पोस्टल बैलेट के नतीजे प्रदर्शित करेगी।

स्थानः जयपुर — कृते : **शेरा एनर्जी लिमिटेड**
हस्ता./-
दिनांकः 28-01-2026 — **ज्योति गोयल**
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

## OFFICE THE GRAM PANCHAYAT JORAWAR NAGAR PANCHAYAT SAMITI SRIMADHOPUR (SIKAR)

No.Eproc/2025-26/92 — Date:- 23.01.2026

### E-Procurement Notice Inviting Bids

NIB No SMD2526A0095 Date 23-01-2026 Bids for Financial year 2025-26

Construction work of four wall of sports stadium, Government Higher Secondary School, Gram Panchayat JORAWAR NAGAR Of Estimated Value RS 10.00 Lakh Having UBN number SMD2526WSRC00094 are invited from interested bidders up to 6.00 pm 30-01-2026 The electronic procurement process shall be carried out on e-procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in only. The information on this bid is also available on http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in

Administrator, Gram Panchayat Jorawar Nagar, Panchayat Samiti Sri Madhopur — Village Development Officer, Gram Panchayat Jorawar Nagar, Panchayat Samiti Sri Madhopur

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 14/2026/D-213

**आम सूचनाः-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 276801 दिनांक 08/01/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स. निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rajat Kapoor S/o Dinesh Kapoor | श्री देवाराम, जगदीश पुत्रान् श्री गुल्ला | 14/OH/92 | 1250.00 Sq. Meter | JDA | Ring Road (Zone-14) Sector/Block-OH | Name Transfer | जारी लीजडीड, पंजीकृत विक्रय पत्र, पहचान पत्र, वाद विवाद शपथ पत्र आदि। |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

## आम-सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म M/S Khemji Stone Crusher, Address-01, Bhadurpur, Jaisinghpura, Viratnagar, Jaipur -303106, फर्म रजिस्ट्रेशन संख्या 13 (R) 124/2016 के भागीदार श्रीमती हंसा कंवर पत्नी श्री खेम सिंह शेखावत 24/01/2026 से नए पार्टनर के रूप में शामिल हो गए हैं। श्री खेम सिंह शेखावत पुत्र श्री मोहन सिंह शेखावत, 24/01/2026 से फर्म से रिटायर हो गए हैं। कृपया ध्यान दें कि यदि किसी को कोई आपत्ति है, तो वे अपनी आपत्ति 7 दिनों के भीतर रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, जिला उद्योग केंद्र, जयपुर में जमा करें।

**M/S KHEMJI STONE CRUSHER**
**Partner**

## उत्तर पश्चिम रेलवे

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई-निविदा संख्या : कैरिज-05-2026-RT दिनांक 23.01.2026 आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। (1) कार्य का नाम एवं स्थान : LHB AC/NAC और ICF AC/NAC के टॉयलेट के फर्श के लिए दो पार्ट वाले सॉल्वेंट-फ्री एपॉक्सी रेज़िन कोटिंग की सप्लाई, फिटिंग और एप्लीकेशन (काम के दायरे के अनुसार) (2) अनुमानित लागतः ₹24307200/- (3) टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्टः ₹0.00 (4) बयाना राशिः ₹271500.00/- (5) ई-टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीखः 16.02.2026 समय 15.00 बजे तक (6) वेबसाइट का विवरणः www.ireps.gov.in (7) पात्रता मानदंडः लागू है। नोटः बयाना राशी केवल IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने है।

140-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## राजस्थान टूरिज्म डवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (राजस्थान सरकार का उपक्रम)

दुर्ग कैफेटेरिया पड़ाव नाहरगढ़, जयपुर

क्रमांक : पडाव/2025-26/369 — दिनांक : 27.01.2026

### कार्यालय-आदेश/प्रेस नोट

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28 जनवरी 2026 को आर.टी.डी.सी दुर्ग कैफेटेरिया पडाव नाहरगढ़ जयपुर को खान-पान की सुविधा हेतु प्राइवेट पार्टी द्वारा अग्रिम आरक्षित किया गया है। जिसमें इकाई का सम्पूर्ण स्पेस भी प्राइवेट पार्टी द्वारा आरक्षित किया गया है। अतः इकाई पर अग्रिम आरक्षित पर्यटकों के अतिरिक्त अन्य पर्यटकों का आवागमन सायंकाल 5 बजे पश्चात बन्द रहेगा।

महाप्रबन्धक
दुर्ग कैफेटेरिया पडाव, नाहरगढ, जयपुर।

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः F-JDA/Zone 13/2026/D-56

**आम सूचना** : आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 271924 दिनांक 16/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mithlesh Kanwar S/o Ranjeet Singh | श्रीमती देवी बाई पत्नी स्व. श्री नारायण दास | 258 | 45.00 SQ Meter | JDA | Pitambra Yojana Sector/Block-A | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) \| Original Lease Deed (Patta) | पहचान पत्र, वाद विवाद के शपथ पत्र की प्रति, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की प्रति, जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड की प्रति, |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

## प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025

राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

औद्योगिक एवं नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डो का डायरेक्ट अलॉटमेंट

आठवाँ चरण

ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 28.01.2026 (प्रातः 10:00 बजे) से 10.02.2026 (सायं 6 बजे) तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

नया औद्योगिक क्षेत्र: आईजीपी कछालिया, बूंदी — ई-लॉटरी: 13 फरवरी, 2026

107 औद्योगिक क्षेत्र | 5,874 कुल औद्योगिक भूखण्ड | 5,137 अनारक्षित भूखण्ड | 39 लॉजिस्टिक भूखण्ड

विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड

209 अनुसूचित जाति/जनजाति | 206 महिला वर्ग | 115 भूतपूर्व सैनिक | 141 बेंचमार्क दिव्यांगता | 66 सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक के आश्रित

आवंटन की प्रक्रिया

एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन

EMD - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।

पात्रता - निवेशक जिन्होंने 12/01/2026 तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस योजना में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।

- भूखण्ड का आवंटन एमओयू धारक के नाम पर ही जारी किया जाएगा।

आवेदन हेतु स्कैन करें

भूखण्ड की राशि का भुगतान

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए https://riico.rajasthan.gov.in पर दिए गए Direct Land Allotment लिंक पर क्लिक करें या riicoerp.industries.rajasthan.gov.in/DirectLand पर विजिट करें

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005
हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in
riico.rajasthan.gov.in • riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen

राज.संवाद/सी/25/18534

### ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में बोले ऊर्जा मंत्री नागर...

# 'गत वर्ष रबी सीजन में की गई पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, इस साल भी पूरी मिलेगी'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की भावी ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए वितरण, प्रसारण तथा उत्पादन, प्रदेश में विद्युत तंत्र के इन तीनों आयामों को लगातार सशक्त किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि बैंकिंग व्यवस्था समाप्त करने के बावजूद गत वर्ष रबी के सीजन में राज्य सरकार ने पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की और इस साल भी किसानों को आवश्यकता के अनुरूप बिजली उपलब्ध है।

नागर मंगलवार को विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुसुम योजना के माध्यम से लगभग 2900 मेगावाट क्षमता के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इनसे उपलब्धता बेहतर हुई है। उत्पादन निगम के माध्यम से 6 हजार मेगावाट ऑवर बैटरी स्टोरेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है। अब इसका प्रभाव यह होगा कि विद्युत तंत्र के पास भविष्य में आपूर्ति के लिए पर्याप्त बिजली की उपलब्धता रहेगी।




### 22 जिलों में सिंचाई के लिए दिन के दो ब्लॉक में बिजली

नागर ने कहा कि सरकार 22 जिलों में किसानों को सिंचाई के लिए दिन के दो ब्लॉक में बिजली दे रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि तीनों वितरण निगमों में विद्युत तंत्र को मजबूती प्रदान कर शेष जिलों में भी दिन में आपूर्ति प्रारंभ करने की दिशा में चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ा जाए। इसके लिए प्रसारण क्षमता में वृद्धि करें और बजट में घोषित जीएसएस निर्माण कार्यों को गति दें। नागर ने विभिन्न एमओयू के माध्यम से विकसित की जा रही उत्पादन परियोजनाओं की प्रगति पर भी समीक्षा की। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा अजिताभ शर्मा ने बताया कि राज्य की दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं के अनुरूप बैटरी एनर्जी स्टोरेज, अक्षय ऊर्जा तथा परम्परागत परियोजनाओं के एनर्जी मिक्स पर फोकस किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत अन्य राज्यों के अनुभवों के आधार पर पोर्टफोलियो मैनेजमेंट तैयार किया जाएगा। चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने पीएम कुसुम, आरडीएसएस योजना, बजट घोषणाओं, कृषि कनेक्शनों की प्रगति आदि से संबंधित तीनों डिस्कॉम्स का प्रस्तुतीकरण दिया।

### जयपुर भाजपा कार्यालय में फहराया तिरंगा झंडा



**जयपुर।** गणतंत्र दिवस पर भाजपा जयपुर शहर कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने ध्वजारोहण किया। गोयल ने संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। मातृशक्ति की भागीदारी आयोजन की खास पहचान रही।

### स्वर्णकार समाज का गणतंत्र उत्सव




**जयपुर।** झोटवाड़ा स्थित शिव-हनुमान मंदिर में स्वर्णकार समाज ने गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया। भाजपा शहर अध्यक्ष अमित गोयल ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। समाज की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया, समाधान का आश्वासन मिला।

### एम्ब्रेयर-अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस भारत में विकसित करेंगे रीजनल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट इकोसिस्टम

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** एम्ब्रेयर और अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने मंगलवार को भारत में एकीकृत रीजनल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट इकोसिस्टम विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर साइन किए। इसका उद्देश्य देश में एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और आफ्टरमार्केट सर्विसेज और पायलट ट्रेनिंग में साझेदारी करना है। इस साझेदारी के माध्यम से कंपनियों का लक्ष्य एक असेंबली लाइन स्थापित करना है, जिसके बाद आत्मनिर्भर भारत पहल और उड़ान रीजनल कनेक्टिविटी विजन के अनुरूप भारत के रीजनल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (आरटीए) कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए स्वदेशीकरण में चरणबद्ध वृद्धि की जाएगी। एम्ब्रेयर कमर्शियल एविएशन के प्रेसिडेंट और सीईओ अर्जन मेइजर ने कहा कि भारत एम्ब्रेयर के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और यह साझेदारी हमारी एयरोस्पेस विशेषज्ञता को अदाणी की मजबूत औद्योगिक क्षमताओं और स्वदेशीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ जोड़ती है। मेइजर ने आगे कहा कि हम मिलकर भारत की आरटीए संबंधी महत्वाकांक्षाओं के समर्थन में सबसे व्यवहार्य, उन्नत और कुशल समाधानों का मूल्यांकन करेंगे और उनके कार्यान्वयन की क्षमता का आकलन करेंगे। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के निदेशक जीत अदाणी ने कहा कि रीजनल एविएशन आर्थिक विस्तार की रीढ़ है। उड़ान जैसी पहलों के कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में हवाई संपर्क में बदलाव आ रहा है, ऐसे में स्वदेशी क्षेत्रीय विमानन इकोसिस्टम जरूरी हो गया है। भारत में एम्ब्रेयर की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है और देश में इसका लंबा इतिहास है। वर्तमान में वाणिज्यिक, रक्षा और व्यावसायिक विमानन क्षेत्रों में 11 प्रकार के लगभग 50 एम्ब्रेयर विमान कार्यरत हैं।

# प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस मेडिकल कॉलेज में टीबी जांच ठप

## सरकारी सप्लाई फेल, एसएमएस में 3 महीने से बंद सीबी-एनएएटी टेस्ट

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान को टीबी-मुक्त बनाने का सरकारी सपना खुद सरकारी सिस्टम की लापरवाही में दम तोड़ता नजर आ रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस मेडिकल कॉलेज में करीब तीन महीनों से टीबी की सबसे अहम जांच सीबी-एनएएटी (जीनएक्सपर्ट) पूरी तरह बंद पड़ी है। वजह सरकार किट तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। राजधानी जयपुर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक टीबी उन्मूलन की मुहिम कागजों में दौड़ रही है, जबकि जमीनी हकीकत में मरीज जांच के लिए भटकने को मजबूर हैं। रोजाना सैकड़ों मरीज सरकारी अस्पतालों में जांच की पर्ची लेकर पहुंचते हैं, लेकिन लैब से उन्हें सिर्फ एक जवाब मिलता , किट नहीं है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज से जुड़े सभी अस्पताल सवाई मानसिंह हॉस्पिटल, जेके लोन, जनाना हॉस्पिटल, सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय, गणगौरी, कांवटिया और सैटेलाइट हॉस्पिटल बनीपार्क में टीबी जांच के लिए जरूरी एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (सीबी-एनएएटी) बंद है। यह वही जांच है, जिससे न सिर्फ टीबी की पुष्टि होती है, बल्कि यह भी पता चलता है कि मरीज को ड्रग रेजिस्टेंट टीबी तो नहीं है। बावजूद इसके, मरीजों को जांच के बिना ही लौटाया जा रहा है।




### किट सप्लाई ठप, टेंडर प्रक्रिया बनी रोड़ा

स्टेट टीबी नोडल ऑफिसर डॉ. पुरुषोत्तम सोनी ने माना कि लंबे समय से सीबी-एनएएटी किट की सप्लाई नहीं हो रही है। उनके अनुसार दिल्ली स्तर पर डिमांड भेजी गई है। राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लि. (आरएमएससीएल) को भी पत्राचार किया गया है, लेकिन टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण किट की सप्लाई अटकी हुई है।

### खांसी से जूझ रहे मरीज, इलाज अटका

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर और अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों ने बताया कि लंबे समय से खांसी, बुखार, वजन गिरना और सांस की तकलीफ से परेशान मरीजों के लिए सीबी-एनएएटी जांच बेहद जरूरी है। डॉक्टर जांच लिख रहे हैं, मरीज सैंपल लेकर लैब पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां से उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है। मजबूरी में मरीज 2-4 दिन सरकारी अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद निजी लैब में महंगी जांच कराने को मजबूर हैं। इससे न सिर्फ इलाज में देरी हो रही है, बल्कि गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

### आसपास के सरकारी अस्पतालों में भी वही हाल

स्थिति सिर्फ एसएमएस तक सीमित नहीं है, बल्कि जयपुर जिले के उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल और सैटेलाइट हॉस्पिटलों में भी पिछले करीब एक महीने से टीबी जांच बंद पड़ी है। गांव-ढाणियों से आने वाले मरीजों के पास निजी जांच कराने के संसाधन नहीं हैं। ऐसे में टीबी जैसे संक्रामक रोग का समय पर पता न चलना, पूरे समाज के लिए खतरा बनता जा रहा है।

# परकोटा के बाद अब शेष क्षेत्रों में चलेंगे 21,500 ई-रिक्शा

## लॉटरी से आरक्षित होंगे जोन, आवेदन के लिए आज अंतिम दिन, 1 फरवरी से होंगे संचालित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** परकोटा एरिया में पिछले दिनों 250 ई-रिक्शा के संचालन के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार का दावा किया जा रहा है। इसके अलावा सेंट्रल जोन में 2,000, उत्तर जोन में 6,000 ई-रिक्शा संचालित किए की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुल 8250 ई-रिक्शा इन तीनों क्षेत्रों में शामिल हैं। अब शेष 21,500 ई-रिक्शा के लिए भी लॉटरी सिस्टम लागू किया जाएगा। यानि पूरे शहर में 29750 ई-रिक्शा संचालित किए जाएंगे। इन जोनों में ई-रिक्शा संचालन के लिए आवेदन की बुधवार को अंतिम तारीख है। आवेदन एवं निर्धारित प्रपत्र निशुल्क रूप से यादगार भवन, अजमेरी गेट, जयपुर से दिए जा रहे हैं।

### ऐसे रहेगी आवेदन की प्रकिया

आवेदन के साथ वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस सर्टिफिकेट तथा ड्राइविंग लाइसेंस की फोटो प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्राप्त आवेदनों की जांच के उपरांत 30 जनवरी को लॉटरी के माध्यम से जोनवार आवंटन किया जाएगा। चयनित ई-रिक्शा के लिए नई व्यवस्था 1 फरवरी से प्रभावी रूप से लागू कर दी जाएगी। आवेदन को लेकर उत्साह भी देखा जा रहा है। अब तक करीब 17 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके है। बुधवार को आवेदन का अंतिम दिन होने से इनकी संख्या बढ़ सकती है।



### इनका कहना है.....

लॉटरी प्रक्रिया के बाद पूरे शहर में संचालित होने वाले ई-रिक्शा के लिए निर्धारित गाइडलाइन जारी गई है। यातायात व्यवस्था में सुचारू संचालन के लिए बेहतर कदम उठाए भी जा रहे हैं।

**सुमित मेहरड़ा, डीसीपी यातायात**

### बंगाल एक्सीलेंसी अवॉर्ड 3.0 का भव्य आयोजन

# समाजसेवी सुभाष चंद्र अग्रवाला 'नेशन बिल्डर' पुरस्कार से सम्मानित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की प्रतिभा, परिश्रम और उपलब्धियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से बंगाल एक्सीलेंसी अवॉर्ड 3.0 का भव्य आयोजन 25 जनवरी को साइंस सिटी ऑडिटोरियम, कोलकाता में किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह का आयोजन जॉय बांग्ला संवाद समूह के प्रधान संपादक संतनु रॉय के नेतृत्व में हुआ।

इस गरिमामयी अवसर पर मैथन एलॉयज लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर तथा प्रख्यात समाजसेवी सुभाष चंद्र अग्रवाला को समाज के प्रति उनके असाधारण योगदान और निरंतर जनकल्याणकारी प्रयासों के लिए नेशन बिल्डर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अग्रवाला की सामाजिक प्रतिबद्धता, परोपकारी सोच और सामुदायिक विकास के लिए की गई पहलें आज कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी की एक सशक्त मिसाल बन चुकी हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक उत्थान और मानवीय संवेदनाओं से जुड़े उनके प्रयासों ने ना केवल अनेक जिंदगियों को संबल दिया है, बल्कि एक सशक्त, समावेशी और करुणामय राष्ट्र निर्माण की दिशा में समाज को प्रेरित भी किया है।

इस समारोह में समाज, संस्कृति, साहित्य, व्यवसाय, पत्रकारिता, खेल और डिजिटल क्रिएटिविटी जैसे विविध क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।



प्रमुख नामों में शामिल रहे– प्रसेनजीत चट्टोपाध्याय (प्रसिद्ध अभिनेता), ऋचा घोष (विश्व कप विजेता क्रिकेटर), शब्बीर अली (द्रोणाचार्य एवं भारतीय खेलों के पूर्व कप्तान), मेहताब हुसैन (फुटबॉल के महान खिलाड़ी), सीमा दत्ता चटर्जी (विश्व चैंपियन पावरलिफ्टर), प्रो. डॉ. समीत राय (कुलपति, आदमास यूनिवर्सिटी), स्वर्गीय सचिन नाग (वर्ल्ड हॉल ऑफ फेम तैराक), ऋतुब्रत भट्टाचार्य (प्रसिद्ध पत्रकार), सुभमिता बनर्जी (बंगाल की 'गोल्डन बॉयज' गायिका), तन्मय घोष (चेयरमैन, वेस्ट बंगाल स्वरोजगार कॉरपोरेशन लिमिटेड), श्रीपर्णा राय (नेक्स्ट जनरेशन अभिनेत्री), अमिताभ गांगुली (प्रसिद्ध वॉयस आर्टिस्ट) एवं अरिजीत चक्रवर्ती (श्रेष्ठ मीडिया इन्फ्लुएंसर)। यह समारोह ना केवल उपलब्धियों का सम्मान था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प का सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, 71 हजार रुपए का किया जुर्माना



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम की सिंगल यूज प्लास्टिक एवं गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इस कड़ी में मंगलवार को स्वास्थ्य शाखा की टीम ने ब्रह्मपुरी स्थित खंडेलवाल ढाबा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ढाबा परिसर में गंदगी एवं स्वच्छता मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित ढाबा संचालक के खिलाफ 21 हजार रुपए का चालान किया गया।

इसी प्रकार नेहरू बाजार क्षेत्र में की गई जांच के दौरान एक दुकान पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पाया गया, जिस पर नगर निगम द्वारा 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# ऑनलाइन राजस्व न्यायालय के विरोध में हड़ताल से राजस्व नुकसान

## 16 से 27 जनवरी तक कार्य प्रभावित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में ऑनलाइन राजस्व कोर्ट कार्य के विरोध में पिछले 12 जनवरी से 27 जनवरी तक चली हड़ताल का सीधा असर राज्य के राजस्व कार्यों पर पड़ रहा है। इस अवधि के दौरान प्रदेश के अधिकांश जिलों में राजस्व न्यायालयों और संबंधित कार्यालयों में नियमित कामकाज ठप रहने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर राज्य सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है। इसके चलते भूमि से जुड़े मामलों का निस्तारण नहीं हो सका। इस बीच अधिवक्ताओं की ओर से मंगलवार को जयपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में सुंदरकाण्ड का सामूहिक पाठ भी किया गया। दूसरी ओर सरकार की ओर से राजस्व हानि से निपटने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार करीब 12 दिनों तक राजस्व न्यायालयों में सुनवाई नहीं होने से करोड़ों रुपयों के राजस्व संग्रह में देरी हुई है। हालांकि राज्य सरकार की ओर से अभी तक कुल राजस्व नुकसान का कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। जयपुर उप पंजीयक कार्यालय प्रथम में 1 जनवरी से 16 जनवरी तक कुल 57.87 करोड़ का राजस्व संग्रहण था, जबकि हड़ताल के बाद यह 26 जनवरी तक मात्र 18 करोड़ रुपए ही संग्रहित हो सका है। इसी प्रकार अगर डॉक्यूमेंट अपलोड की भी बात की जाए तो प्रतिदिन लगभग 50 दस्तावेज प्रतिदिन अपलोड हो पा रहे हैं, जो कि पहले 200 से अधिक हुआ करते थे। इन अपलोड दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन आदि कार्य लंबित ही है। हड़ताल से पहले 1 जनवरी से 16 जनवरी तक 6730 दस्तावेज ही अपलोड हुए थे जोकि 16 जनवरी से 26 जनवरी तक यह 1199 दस्तावेज ही अपलोड किए जा सके। इसी प्रकार तीनों उप पंजीयक कार्यालयों में नुकसान का आकलन किया जाए तो सरकार को अब तक लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है, जबकि अभी अधिवक्ताओं के साथ वार्ता का नतीजा नहीं निकल पाया है।



### इनका कहना है ...

ऑनलाइन राजस्व कार्य से पहले सभी राजस्व न्यायालयों में आधारभूत कार्य निष्पादन के लिए अपग्रेड करना जरूरी है। नेटवर्क की कमी के साथ ही कंप्यूटर आधारित सभी कार्य निष्पादन का तरीका अपनाने में अभी कई कर्मियों को समय लग रहा है, तो अधिकवक्ताओं को भी कार्य प्रणाली समझानी होगी, जबकि अभी तक ऑफलाइन कार्य से सभी आमजन और अधिवक्ता अभ्यस्त हैं।

**- संदीप शर्मा, दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेटस बार एसोसिएशन, जयपुर**

# मुनाफा वसूली से फिसले सोना-चांदी, एमसीएक्स पर तेजी बरकरार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** मुनाफावसूली के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद चांदी की कीमतों में 7 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई, जबकि सोना भी कमजोर हुआ। कॉमेक्स पर सोने की कीमत 1.16 प्रतिशत गिरकर 5,023.60 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। हालांकि गिरावट के बावजूद सोना 5,000 डॉलर के अहम स्तर के ऊपर बना हुआ है। वहीं, कॉमेक्स पर चांदी की कीमत 6.41 प्रतिशत टूटकर 108.095 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

इससे पहले सत्र में चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं, जब यह 117.71 डॉलर प्रति औंस के पार चली गई थीं, लेकिन इसके बाद तेज बिकवाली देखने को मिली। एमसीएक्स पर सोने-चांदी का भाव

एमसीएक्स पर सोना और चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के चलते दोनों धातुओं ने अपनी रिकॉर्ड तोड़ रैली को आगे बढ़ाया।



एमसीएक्स पर सोने की कीमत 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,58,674 प्रति 10 ग्राम पर खुली, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 1,56,037 प्रति 10 ग्राम था। कारोबार के दौरान सोने का भाव बढ़कर 1,59,820 प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर तक पहुंच गया। वहीं, एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 1.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,39,824 प्रति किलो पर खुली, जबकि पिछले सत्र में इसका भाव ?3,34,699 प्रति किलो था। कारोबार के दौरान चांदी की कीमत 22,010 यानी 6.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,56,709 प्रति किलो तक पहुंच गई। चांदी ने 3,59,800 प्रति किलो का अब तक का सर्वोच्च स्तर भी छू लिया।

### यह है विशेषज्ञों की राय

विशेषज्ञों के अनुसार इस साल अब तक सोने की कीमतों में करीब 17 प्रतिशत की तेजी आई है। इसकी प्रमुख वजह निवेशकों का सरकारी बॉन्ड और मुद्राओं से दूरी बनाना, कमजोर अमेरिकी डॉलर और भू-राजनीतिक जोखिम हैं। बाजार में इसे 'डिबेसमेंट ट्रेड' कहा जा रहा है, जहां निवेशक मुद्रा अवमूल्यन के डर से सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं।

इसका मतलब है, जब निवेशक यह मानते हैं कि किसी देश की मुद्रा की कीमत घट सकती है या उसकी क्रय शक्ति कमजोर हो रही है, तो वे अपनी पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए सोना, चांदी और अन्य वास्तविक संपत्तियों में निवेश करने लगते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में सोने और चांदी की कीमतों में और उछाल देखने को मिल सकता है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश का विकल्प

बढ़ती भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशक सोने और चांदी को इंश्योरेंस यानी सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में देख रहे हैं। जब भी बाजार में अनिश्चितता बढ़ती है, निवेशकों का रुझान जोखिम भरे एसेट्स (जैसे शेयर बाजार) से हटकर सुरक्षित एसेट्स जैसे सोना और चांदी की ओर बढ़ जाता है। यही कारण है कि संकट के समय इनकी मांग तेजी से बढ़ जाती है।

**आगे भी जारी रहेगी तेजी:** विश्लेषकों का मानना है कि अगर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता, डॉलर में कमजोरी और भू-राजनीतिक तनाव जारी रहता है तो सोने और चांदी की कीमतों में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है। हालांकि, मुनाफावसूली और डॉलर की मजबूती के कारण बीच-बीच में गिरावट भी संभव है।

### भारत में सोने-चांदी के ताजा भाव

भारत में 24 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 1,61,960 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 3,60,100 रुपए के नए स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,62,110 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने का भाव 1,48,610 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। मुंबई में 22 कैरेट सोने का भाव 1,48,460 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि पटना में 18 कैरेट सोने का भाव 1,21,520 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। इसके अलावा दिल्ली, मुंबई और पटना में एक किलो चांदी का भाव भी 3,60,100 रुपए रहा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



## स्पोर्ट्स

# कोग्निवेरा पोलो कप-2026 का जयपुर में हुआ शुभारंभ



### अभिनेत्री और फिटनेस आइकन मलाइका अरोड़ा सहित कई गणमान्य रहे मौजूद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कोग्निवेरा पोलो कप-2026 (8 गोल) की शुरुआत मंगलवार को राजस्थान पोलो क्लब में उद्घाटन समारोह के साथ हुई। यह टूर्नामेंट 1 फरवरी को होने वाले फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त होगा।

हाल ही में भारत और अर्जेंटीना के बीच संपन्न हुए कोग्निवेरा इंटरनेशनल पोलो कप की सफलता के बाद, इस टूर्नामेंट की शुरुआत और भी जोश के साथ हुई। अभिनेत्री और फिटनेस आइकन मलाइका अरोड़ा सहित कई गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

जयपुर पोलो सीजन 2026 के हिस्से के रूप में, कोग्नीवेरा पोलो कप में लीग और नॉकआउट मैचों में सात टीमें खेलेंगी। इस टूर्नामेंट में भारत और विदेशों के प्रमुख खिलाड़ी एक हफ्ते तक जयपुर के प्रसिद्ध पोलो मैदानों पर 8-गोल पोलो का रोमांच दिखाएँगे।

टूर्नामेंट के शुभारंभ पर कोग्नीवेरा आईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ कमलेश शर्मा ने कहा, 'पोलो सटीकता, अनुशासन और टीम वर्क का प्रतीक है और ये मूल्य कोग्नीवेरा में हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। कोग्नीवेरा इंटरनेशनल पोलो कप की सफलता के बाद हमें गर्व है कि कोग्नीवेरा पोलो कप 2026 जयपुर में इतने उत्साह और समर्थन के साथ शुरू हो रहा है।'

# चार साल में ब्लैक बेल्ट बनी कराटे क्वीन जूही

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए कराटे क्वीन जूही कुमारी ने कराटे में ब्लैक बेल्ट (शोडान-हो) प्राप्त कर जयपुर और राजस्थान को गौरवान्वित किया है। मात्र चार वर्षों के खेल कॅरियर में यह उपलब्धि हासिल करना अपने आप में मिसाल है। जूही द पैलेस स्कूल, सिटी पैलेस जयपुर की कक्षा सातवीं की छात्रा हैं और बापू नगर, जयपुर में रहती हैं। उन्हें यह सम्मान सईगोकाई कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सिहान तरुण चक्रवर्ती एवं राहा मेमोरियल कराटे एकेडमी के कोच सेन्सई निर्मल बोहरा ने जूही को बधाई दी। जूही अब तक 6 बार राष्ट्रीय, 2 बार इंडिया ओपन इंटरनेशनल और 8 बार राजस्थान राज्य स्तरीय चैंपियन रह चुकी हैं। चार वर्षों में उन्होंने 72 पदक जीते हैं, जिनमें 50 स्वर्ण पदक शामिल हैं। जूही का लक्ष्य आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करना है।

# ऑल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

### राजस्थान की अन्वी राठौड़ को दूसरी वरीयता



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** योनेक्स सनराईज सब जूनियर रैंकिंग प्रतियोगिता बुधवार से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शुरू होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन योग्यता दौर के मैच खेले जाएंगे, जो 1 फरवरी तक चलेंगे। मुख्य ड्रॉ के मैच 2 से 5 फरवरी तक होंगे। प्रतियोगिता में एकल, युगल व मिश्रित युगल के मुकाबले खेले जाएंगे। राजस्थान के 169 खिलाड़ी भी अपना दमखम दिखाएंगे।

बालक एवं बालिकाओं के अंडर-15 व अंडर-17 प्रतियोगिता के मैच सवाई मानसिंह स्थित इण्डोर स्टेडियम एवं बैडमिंटन हॉल में खेले जाएंगे। मैचों के लिए कुल 16 कोर्ट तैयार किए गए हैं। पहले दिन करीब 500 मैच खेले जाएंगे। चीफ रेफरी महाराष्ट्र के मीलिंद देषमुख सोमवार रात जयपुर पहुंचे। उन्होनें मंगलवार को तैयारियों का जायजा लिया तथा तैयारियों से संतुष्ट नजर आए। प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की वरीयता भी घोषित की गई। अंडर-15 बालक एकल वर्ग में श्रीचेतनशौर्य शामला को प्रथम तथा आदित्य सिंह नेगी को द्वितीय वरीयता की दी गई है। अंडर-15 बालिका एकल वर्ग में हमसीनी चंदाराम को प्रथम तथा राजस्थान की अन्वी राठौड़ को द्वितीय वरीयता दी गई है।

अंडर-17 बालक वर्ग एकल में शषांक वनमला को प्रथम तथा विराज शर्मा को द्वितीय वरीयता दी गई है। अंडर-17 बालिका वर्ग एकल में हतेयीश्री एलराजेष को प्रथम तथा आक्या सेठी को द्वितीय वरीयता दी गई है।

# 'मातृ शक्ति के मजबूत होने से ही समाज मजबूत होगा'

### बीदाजी राठौड़ की 583वीं जयंती मनाई

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सुजानगढ़।** क्षेत्र के गोपालपुरा में रावश्री बीदाजी राठौड़ संस्थान की ओर से बीदाजी राठौड़ की 583वीं जयंती बीदा भवन में समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रावकरणी सिंह ने की। मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सरपंच संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सरपंचों ने राठौड़ का 21 किलो फूलों की माला से स्वागत किया। वहीं पार्वती सर को अलग पंचायत बनाए जाने पर महावीर सिंह के नेतृत्व में 51 किलो की माला से स्वागत किया। समारोह में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने समाज में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि मातृ शक्ति के मजबूत होने से ही समाज मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों के पास सबसे ज्यादा जमीनें थी, लेकिन जमीन बेचने की ऐसी होड़ हुई कि आज समाज भूमिविहीन होता नजर आ रहा है। यह चिन्ता की बात है। राठौड़ ने एसआईआर को भारत में ऐतिहासिक सुधार बताते हुए कहा कि इस पर सभी सतर्क रहकर जरूरी संशोधन करवाएं। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह को याद करते हुए कहा कि समाज में ऐसे वीर हुए हैं, जिन्होंने अपनी वीरता से दुनिया का भूगोल बदलते हुए देश के बड़े भू भाग को विदेशी कब्जे में जाने से बचाया। संस्थान अध्यक्ष राव करणी सिंह ने बताया कि रतनगढ़ में बने समाज के छात्रावास के उद्घाटन के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आएंगे। उनसे बात कर बीदाजी संस्थान में उनसे जुड़ा स्मृति चिन्ह लगवाने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम में संस्थान के महासचिव सुमेरसिंह ठठावता, नरपतसिंह राठौड़, एससी वित्त आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक, सविता राठी, संतोष मेघवाल, जयश्री दाधीच, रतनसिंह सांडवा, सुरेन्द्र सिंह, किशनजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह ने किया।

### गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह आदर्श स्टेडियम में आयोजित

# विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का संकल्प साकार करें: विश्नोई

### उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

महानगर टाइम्स संवाददात



**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले में सोमवार को गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान आदर्श स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर मंत्री विश्नोई ने कहा कि गणतंत्र दिवस एक संवैधानिक पर्व है, यह केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि संकल्प लेने का दिन भी है। संकल्प एक ऐसे भारत के निर्माण का जो विकसित हो, आत्मनिर्भर हो, आधुनिक हो तथा अपनी परंपराओं और संस्कृति की जड़ों से जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम वंदे मातरम के सृजन का 150वां वर्ष मना रहे हैं। एकता, त्याग और मातृशक्ति का यह गीत राष्ट्रवाद के पुनर्जागरण का माध्यम बना और स्वदेशी आंदोलन का अहम शस्त्र भी।

इससे पहले विश्नोई ने परेड का निरीक्षण करने के साथ सलामी गारद की ओर से प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में इस बार मार्च पास्ट में परेड कमांडर सीआई चैनप्रकाश के नेतृत्व में बीएसएफ, आरएसी, राजस्थान पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, अरबन होमगार्ड, एनसीसी सीनियर एवं रोवर रेंजर दल शामिल हुए। इसके पश्चात् अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। इसके बाद बालेरा विद्यालय की बालिकाओं ने सामूहिक योग का प्रदर्शन किया। अन्तराष्ट्रीय लोक कलाकार स्वरूप पंवार एवं बिहारी पंवार ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विश्नोई ने जिले के स्वतत्रंता सैनानियों एवं शहीदों के परिजनों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, जिला कलेक्टर टीना डाबी, जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य, उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर एवं समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, स्वरूपसिंह खारा समेत पुलिस, प्रशासन, बीएसएफ, सेना, वायुसेना के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, जिले के शहीदों एवं स्वतन्त्रता सैनानियों के परिजन तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रामगढ़ पचवारा में गणतंत्र दिवस पर 48 प्रतिभाएं सम्मानित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय विद्यालय के खेल मैदान पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण मीणा ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस जवानों ने अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एसडीएम बद्रीनारायण मीणा और पंचायत समिति प्रधान डॉ. कौशल्या मीणा को स्कूली बच्चों ने सलामी दी। बालिकाओं ने योग व्यायाम का प्रदर्शन किया। वहीं पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ने 'योद्धा बन गई' देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने 'है ठान लिया हमने', 'मां तुझे सलाम', 'ऑपरेशन सिंदूर, ''हम वक्त बदल देंगे,' 'मां भवानी' जैसे देशभक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। उपखंड स्तरीय समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 48 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर तहसीलदार रविप्रकाश गुप्ता, अधिशासी अधिकारी सुनील सोयल, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी पवन कुमार जैन, थानाधिकारी मदनलाल मीणा, प्रधानाचार्य रामाअतार मीना, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीफूल मीना, लक्ष्मीनारायण लखेरा, ललित गुप्ता, पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों का कॅरियर चुनाव को लेकर किया मार्गदर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीएम श्री योजना के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान गतिविधि के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय वार्ताकार के रूप में अंकित अनिल भार्गव फाउंडर इन्नोवेटिव भारत तथा राष्ट्रीय वार्ताकार के रूप में दीपक शर्मा अंग्रेजी भाषा में विशेषज्ञ नारायण इंस्टीट्यूट ने व्याख्यान दिए। गौरतलब है कि अंकित अनिल भार्गव, जो कोलंबिया यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए स्कॉलर हैं, ने विद्यार्थियों के कॅरियर मार्गदर्शन में स्पष्टता लाने एवं कॅरियर बनाने के क्षेत्र में 21वीं सदी की व्यापक संभावनाओं का सदुपयोग करने की दृष्टि से मार्गदर्शन किया। स्थानीय विद्यालय के कक्षा 9 से 12 के लगभग 400 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य रामअवतार मीणा ने बताया कि उक्त गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने कॅरियर चुनाव में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर पीएम श्री प्रभारी गोपीचंद जांगिड़, पुष्पा शर्मा उप प्रधानाचार्य, भोलाराम रैगर, छगनलाल मीणा, प्रभुलाल शर्मा, आलोक शर्मा एवं स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।



# एमएलडी केकड़ी में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**केकड़ी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** श्री मिश्रीलाल दुबे उच्च माध्यमिक अकादमी केकड़ी में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, केकड़ी के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा के प्रति युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद लोढ़ा के मार्गदर्शन एवं परिवहन निरीक्षक अतुल भारद्वाज के निर्देशन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में विद्यालय के 75 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति अपनी समझ और संदेश को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार पारीक ने सभी प्रविष्टियों का आकलन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरती शर्मा, द्वितीय स्थान पद्मिनी राठौर, तृतीय स्थान अखिलेश वैष्णव ने तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सूरज मीणा, द्वितीय स्थान लता शर्मा, तृतीय स्थान किस्मत जाट ने प्राप्त किया।

# पीएम श्री विद्यालय श्रीमाधोपुर में संविधान कक्ष का उद्घाटन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान कक्ष का उद्घाटन अजयसिंह खर्रा प्रतिनिधि यूडीएच मंत्री, हरिनारायण महंत नगर पालिका अध्यक्ष, अनिल कुमार उपखंड अधिकारी, स्नेहलता राजोरिया तहसीलदार द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मधु चौधरी ने बताया कि संविधान कक्ष का निर्माण पीएम श्री योजना के अंतर्गत बच्चों के बौद्धिक विकास, नागरिकता कौशल को बढ़ाने, संविधान के प्रति सम्मान के उद्देश्य से किया गया

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** खंडेला क्षेत्र में मंगलवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन तुरंत सरकारी अस्पताल श्रीमाधोपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान सोहनी देवी पत्नी हरिराम कुड़ी, निवासी कोठी इमरती रोल्या टीबा, तन निमेड़ा के रूप में हुई है। मृतका के भतीजे पवन कुमार ने बताया कि उनकी चाची सुबह भैंस को बांधने के लिए घर से निकली ही थी, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से यह हादसा हो गया। मृतका के पति की वर्ष 2007 में सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। मृतका के एक बेटा और एक बेटी हैं, जो वर्तमान में पढ़ाई कर रहे हैं।

# रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों के समाधान को लेकर आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को रोडवेज डिपो में प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया।

रोडवेज सेवानिवृत्त एसोसिएशन के हरिनारायण स्वामी के अनुसार ज्ञापन में बताया गया कि उच्च प्रबंधन द्वारा बार-बार स्पष्ट निर्देश जारी किए जाने के बावजूद कई इकाइयों में डीजल हायर पेंशन से संबंधित विकल्प पत्रों के निस्तारण में अनावश्यक देरी की जा रही है। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। एसोसिएशन ने इस लापरवाही के लिए संबंधित इकाई प्रभारियों की जवाबदेही तय कर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही जून 2025 से लंबित सेवानिवृत्ति परिलाभ, ग्रेच्युटी, उपार्जित अवकाश सहित अन्य देयों का भुगतान सर्वोच्च प्राथमिकता से कराने की मांग उठाई गई है। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने प्रबंधन से सभी मांगों का शीघ्र समाधान कर राहत देने की अपील की है।

# अजितनाथ भगवान का मनाया तप कल्याणक पर्व महोत्सव

महानगर टाइम्स संवाददाता



**फागी।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के जिनालयों में जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ भगवान का तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि कस्बे के प्राचीन मंदिर आदिनाथ जिनालय में प्रातः श्री जी का अभिषेक व सामूहिक शांतिधारा करने के बाद जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ भगवान का तप कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।

# विधायक रामविलास मीणा ने किया पशु चिकित्सालय का शिलान्यास

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के निर्झरना में राजकीय पशु चिकित्सालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 46 लाख की लागत से बनने वाले राजकीय पशु चिकित्सालय से पशुओं के इलाज में राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के किसी भी कोने में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इससे पूर्व ग्रामीणों ने लालसोट विधायक मीणा, भाजपा नेता शंभूलाल कुई वाला, समाजसेवी सोनू बिनोरी का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य रामखिलाड़ी मीना, अशोक हट्टिका, मंडल अध्यक्ष रामसिंह मीना, श्रीफूल मीना, सरपंच प्रद्युमन सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, मंडल महामंत्री चंद्रमल मीना, सत्यनारायण गुप्ता, भगवानसहाय मीना, मंडल उपाध्यक्ष पप्पुलाल मीना, आईटी संयोजक हरिओम योगी, डॉ. प्रहलाद मीना, हंसराज मीना, डॉ. रमेश मीना, रामनिवास मीना पशुधन निरीक्षक, डॉ. ममता बैरवा सहित कई लोग मौजूद रहे।



# आईएफडब्लूजे बैठक में संगठन हित के मुद्दों पर की चर्चा

### खण्डार में हुई बैठक में किए कई महत्वपूर्ण निर्णय

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सवाई माधोपुर (खण्डार)।** उपखण्ड मुख्यालय पर सोमवार देर शाम आईएफडब्लूजे संगठन की बैठक जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें संगठन हित के मुद्दों व पत्रकारों की समस्याओं के समाधान कराने के मुद्दों पर चर्चा की गई।

संगठन जिला महासचिव राजेश गोयल ने बताया कि कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की ओर से उखण्ड स्तरीय वार्षिक सदस्यता शुल्क रखने, प्राप्त राशि को संगठन कार्य जैसे बीमा, कन्या विवाह, पत्रकार वेलफेयर आदि कार्यों में खर्च करने पर चर्चा की। कार्यकारिणी की प्रत्येक माह बैठके आयोजित करने, लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले सदस्यों को नोटिस देकर जवाब मांगने तथा संतोषपूर्ण जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इससे पूर्व सर्व सम्मति से खण्डार उपखण्ड क्षेत्र की कार्यकारिणी के चुनाव हुए। इसमें निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए श्रीकांत शर्मा को मनोनीत किया गया। वहीं सलाहकार मण्डल में गिरधर गर्ग, नंन्दलाल तेहकरया, पारस जैन, उपाध्यक्ष प्रथम रूपसिंह गुर्जर, द्वितीय मनमोहन शर्मा, महासचिव सतवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष मेमराज गुर्जर, सचिव प्रथम रामअवतार मेरोठा, द्वितीय महेन्द्र चौधरी, तृतीय सागर सैनी, चतुर्थ दिनेश कण्डेरा को मनोनीत किया गया। वहीं प्रवक्ता के पद पर बृजेश त्रिवेदी को जिम्मेदारी सौंपी। कार्य समिति सदस्य के रूप में रणवीर माली, छैलबिहारी मथुरिया, विशाल आदि को मनोनीत किया है। इस दौरान मुकेश कुमार जैन, रोहित गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube X twitter



# मां-बेटियों को स्कूटी सहित घसीटता ले गया ट्रक, तीनों की मौत

## एक बेटी गंभीर रूप से घायल, लोगों के चीखने पर भी नहीं रुका ड्राइवर

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नागौर।** डीडवाना-कुचामन में एक ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी और करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में स्कूटी सवार मां और दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि एक बेटी गंभीर रूप से घायल है। उसका एक पैर कुचल गया और शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। हादसा लाडनूं थाना क्षेत्र के गोरेडी गांव के पास हुआ। जानकारी के अनुसार लाडनूं के सैनिक स्कूल के पास रहने वाली शारदा और उसकी दो बेटियों लाडा व अंकिता की एक्सीडेंट में मौत हुई है। वहीं, अक्षिता का पैर कुचल गया है। महिला अपनी तीन बेटियों साथ रिश्तेदारी में खाना खाने जा रही थी। घर से करीब तीन किलोमीटर दूर गोरेडी गांव के पास ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। स्कूटी ट्रक में फंस गई और घसीटती चली गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद लाडनूं के पार्षद इदरीश खान मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से सभी को लाडनूं के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां लाडा व अंकिता को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर हालत में मां शारदा व अक्षिता को जयपुर रैफर किया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान मां दम तोड़ दिया। वहीं बेटी अक्षिता का एक पैर कुचल गया है, जिसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार शारदा के पति गिरधारी लंबे समय से बीमार हैं। परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह शारदा पर ही थी, जो मेहनत-मजदूरी कर अपनी तीन बेटियों का पालन-पोषण कर रही थीं।

# हथियारबंद बदमाश पीछे पड़े तो थाने में जा घुसी ज्वेलर की पत्नी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में ज्वेलरी कारोबारी की पत्नी का पीछा करने का मामला सामने आया है। पीछा कर रहे बदमाशों के पास हथियार देखकर महिला बचने के लिए पुलिस थाने में घुस गई। पुलिसकर्मियों के बाहर आने पर बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर हथियारबंद बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि अशोक नगर थाने में ज्वेलरी कारोबारी की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि वह किसी काम से घर से बाहर निकली थी। कुछ देर बाद उसको एहसास हुआ कि कुछ लड़के उसका पीछा कर रहे हैं। पीछा करने वाले लड़कों पर शक गहराने पर ध्यान से देखा तो उनके पास हथियार दिखाई दिए। हथियारबंद बदमाशों के पीछा करने का पता चलने पर महिला घबरा गई और बचने के लिए वह अशोक नगर थाने के अंदर जा घुसी। पीछा करते हुए बदमाश भी थाने के बाहर तक पहुंच गए। पुलिस स्टेशन पहुंची महिला ने हथियारबंद बदमाशों के पीछा करने के बारे में ड्यूटी ऑफिसर को बताया। पुलिस अधिकारी ने तुरंत पुलिसकर्मियों को बाहर देखने को भेजा। पुलिसकर्मियों के बाहर निकलने पर बदमाश वहां से भाग छूटे। पुलिसकर्मियों ने पकड़ने के लिए उनका पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगे। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस की ओर से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। स्पेशल कमिश्नर राहुल प्रकाश ने बताया कि ज्वेलर कारोबारी की पत्नी की ओर से पीछा करने की शिकायत दी गई है। पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज कर फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।

# नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को देने लगे अंजाम

## दिन में रैकी कर रात को चुराते बाइक और सिलेंडर, तीन बदमाश गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की 3 मोटरसाइकिलें और 3 गैस सिलेंडर बरामद किए। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने मुरलीपुरा थाना क्षेत्र के अलावा विश्वकर्मा व बिंदायका थाना क्षेत्र में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की घटनाएं करते थे। यह कार्रवाई थानाधिकारी वीरेंद्र कुरिल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर की गई। थानाधिकारी वीरेंद्र कुरिल ने बताया कि मुरलीपुरा थाने में दर्ज मामले में चोरी हुई मोटरसाइकिल की तलाश के दौरान पुलिस टीम ने लगातार गश्त, निगरानी व मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद आरोपियों की पहचान की गई। मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरओबी पुलिया दादी का फाटक मुरलीपुरा से तीन युवकों को डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने तीन मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 गैस सिलेंडर भी बरामद किए। थानाधिकारी वीरेंद्र कुरिल ने बताया कि आरोपी पहले गलियों में घूमकर मोटरसाइकिलों की रैकी करते थे, फिर देर रात सुनसान स्थानों से चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। नशे की लत पूरी करने के लिए मोटरसाइकिल व गैस सिलेंडर चोरी करते थे।

पुलिस ने तीन आरोपी गजराज सिंह उर्फ राहुल उर्फ गंजा पुत्र गुलाब सिंह निवासी गांव सरगोठ रींगस हाल नारायण नगर विस्तार झोटवाड़ा, अंगद तिवाड़ी उर्फ राजू पुत्र गोरख तिवाड़ी निवासी सिवान बिहार हाल निवासी निवारू रोड झोटवाड़ा और मनीष कुमार दुबे उर्फ नेपी पुत्र राजेश कुमार निवासी सिवान बिहार हाल निवासी शक्ति नगर झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से अनुसंधान जारी है और अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना है।

# धमकी देकर व्यापारियों से पांच करोड़ वसूलने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** नीमकाथाना क्षेत्र के व्यापारियों और उनके व्यवसाय की रैकी कर धमकी देकर 5 करोड़ रुपए वसूलने के मामले में सीकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम रघुराज सिंह शेखावत उर्फ पम्मी और प्रवीण सिंह उर्फ सन्द्नी बताए गए हैं। यह दोनों नीमकाथाना निवासी हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने नीमकाथाना क्षेत्र के व्यापारियों, माइनिंग एक्सचेंजरों के मालिकों व उनके परिवारों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद आरोपियों ने व्यापारियों को व्हाट्सएप पर वॉइस मैसेज भेजकर धमकी दी और 5 करोड़ रुपए की रकम की मांग की। धन नहीं देने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों के शिकायत दर्ज कराने के बाद मामला सामने आया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राघवेंद्र सहास व पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में त्वरित कार्रवाई की गई।

# तेज रफ्तार थार ने चार वाहनों को मारी टक्कर, मची अफरा-तफरी

## विधानसभा के सामने की घटना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए गाड़ी चला रहा था चालक, जनहानि टली

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा के सामने एक तेज रफ्तार थार ने चार वाहनों को एक साथ टक्कर मार दी, इससे सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों और मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार थार चालक मोबाइल फोन पर बात करते हुए गाड़ी चला रहा था। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ गाड़ियां विधानसभा के सामने खड़ी थी, जबकि कुछ चल रही थी। वाइट कलर की थार राजस्थान यूनिवर्सिटी की ओर से आ रही थी। लोगों ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल किया है। सूचना मिलने पर ज्योति नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और थार को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस ने इस हादसे में क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को रास्ते से हटवाकर जाम खुलवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की



जांच कर रहे कांस्टेबल कैलाश ने बताया कि थार में 2 लोग सवार थे, जिनमें एक युवक भरत और एक महिला शामिल थी। जांच में सामने आया गाड़ी चला रहा युवक भरत अजमेर का रहने वाला है और राजस्थान यूनिवर्सिटी में पड़ता है। जिस गाड़ी को वह चला रहा था वह उसके परिवार की ही है। घटना की सूचना पर थार ड्राइवर का परिवार भी घटनास्थल पर आ गया। पुलिस ने बताया कि रात के समय विधानसभा अमर जवान ज्योति के सामने के इलाके में मेले जैसा माहौल था और कई लोग रील व वीडियो बना रहे थे। प्रारंभिक तौर पर एक गाड़ी को टक्कर लगी थी, जिस पर आपसी बातचीत के बाद समझौते से वाहन ठीक कराने की सहमति बन गई थी। ज्योति नगर थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त थार को जब्त कर लिया है। फिलहाल इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। बता दें कि पिछले एक महीने में थार गाड़ी से जुड़े चार हादसे सामने आ चुके हैं, जिससे शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार

# चार श्रद्धालुओं की गई जान

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, 12 किमी तक घिसटती गई गाड़ी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**दौसा।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पापड़दा इलाके में मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे आगे चल रहे ट्रक में पीछे से एक तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ट्रक में कार बुरी तरह फंस गई थी। इसकी वजह से करीब 12 किमी तक ट्रक के साथ कार घिसटती चली गई। गाड़ी में शव भी फंस गए थे। उन्हें निकालने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। नांगल राजावतान दौसा के डीएसपी दीपक मीणा ने बताया कि कार में 5 श्रद्धालु सवार थे। सभी उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर नोएडा लौट रहे थे। मृतकों में नोएडा के रहने वाले राहुल गुप्ता, पारस अग्रवाल, प्रिंस गुप्ता और विक्रम सिंह शामिल हैं। कार की सबसे पीछे की सीट पर बैठे



बृजमोहन गुप्ता को मामूली चोटें आई हैं। डीएसपी दीपक मीणा ने बताया कि हरियाणा नंबर की कार लालसोट दौसा से दिल्ली की ओर जा रही थी। इसी दौरान आलूदा गांव के पास कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। तेज गति के कारण कार ट्रक के पीछे फंस गई थी। कार के आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया, उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। पुलिस और एक्सप्रेसवे की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद कार को ट्रक से अलग किया गया और शवों को बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद ट्रक ड्राइवर को हादसे का तुरंत अंदाजा नहीं हुआ। इसकी वजह से ट्रक के साथ कार घिसटती चली गई। कार सवारों को बचने का भी कोई मौका नहीं मिला। कार में पांच लोग सवार थे। घायल युवक को दौसा के जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाया है, उनकी पहचान नहीं हो पाई है।

### उज्जैन महाकाल के दर्शन कर लौट रहे थे नोएडा

पापड़दा थाने के कांस्टेबल महेश ने बताया कि कार सवार सभी लोग उज्जैन महाकाल के दर्शन कर नोएडा लौट रहे थे। इस दौरान राहुवास थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसने के बाद फंस गई। इसके बाद कार घिसटती हुई पापड़दा थाना क्षेत्र में चली गई। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने के बाद यातायात को सुचारू किया गया।

# डमी कैंडिडेट और बैक डेट मार्कशीट से बन गए सरकारी पीटीआई

## एसओजी ने दो आरोपी और दो यूनिवर्सिटी के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सरकारी नौकरी पाने की चाहत में नियमों को रौंदने का बड़ा मामला सामने आया है। शारीरिक शिक्षा अध्यापक (पीटीआई) सीधी भर्ती-2022 में बैक डेट की फर्जी मार्कशीट लगाकर दो युवकों ने न सिर्फ परीक्षा पास की, बल्कि डमी कैंडिडेट बैठाकर सरकारी टीचर की कुर्सी तक पहुंच गए। अब इस हाई-प्रोफाइल फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच का दायरा और भी बढ़ा दिया है। दरअसल, दोनों आरोपियों ने डमी कैंडिडेट बैठाकर एग्जाम पास करने के साथ ही बैक डेट में बनवाई फेक मार्कशीट लगाकर गवर्नमेंट जॉब हासिल की थी। एसओजी की ओर से दोनों आरोपियों और बैक डेट में मार्कशीट जारी करने वाली दोनों यूनिवर्सिटी रविन्द्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी भोपाल और श्री सत्य सांई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मेडिकल साइंस भोपाल के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओजी के मुताबिक राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से शारीरिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती-2022 का एग्जाम आयोजित हुआ था। एसओजी की सूचना मिली कि एग्जाम में फर्जीवाड़ा कर कई कैंडिडेट ने गवर्नमेंट जॉब हासिल की है। एसओजी की ओर से जांच करने पर दो कैंडिडेट रडार पर चढ़े। जिन्होंने खुद की जगह डमी कैंडिडेट बैठाकर एग्जाम को पास की थी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर से संदिग्ध दोनों कैंडिडेट के एग्जाम डॉक्यूमेंट मंगवाकर जांच की गई, जिसमें सिग्नेचर मिसमैच होने पर डमी कैंडिडेट बैठाकर दोनों आरोपियों के एग्जाम पास करने का पता चला। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने आवेदन के समय बीपीएड कोर्स डिग्री में जिस कॉलेज का नाम भरा था, डॉक्यूमेंट चैकिंग के दौरान दूसरी यूनिवर्सिटी की मार्कशीट दी थी। मार्कशीट चैकिंग के दौरान पता चला कि दोनों आरोपियों की ओर से दो यूनिवर्सिटी से बैक डेट में फेक मार्कशीट जारी करवाई गई थी। एसओजी की ओर से दोनों आरोपी कैंडिडेट व दोनों यूनिवर्सिटी के खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है।

# एलडीसी ने अफसर को ऑफिस में बंद कर लात-घूंसों से पीटा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** जिला परिषद कार्यालय में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को एलडीसी और उसके बेटे ने लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान दोनों ने ऑफिस के गेट को अंदर से बंद कर दिया था। हमले में अफसर के सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल अधिकारी को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

वेतन संबंधी फाइल को लेकर मंगलवार शाम को यह मारपीट हुई। पीड़ित अफसर की तरफ से अरावली विहार थाने में राजकार्य में बाधा और मारपीट का मामला दर्ज कराया है। घायल अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि तिजारा पंचायत समिति में कार्यरत एलडीसी नाहर सिंह बेटे मनीष के साथ वेतन संबंधी फाइल के मामले को लेकर कार्यालय में आया था।

कर्मचारी की कई दिन से वेतन संबंधी फाइल जिला परिषद में थी। जब नाहर सिंह फाइल की नकल मांगने लगा तो कहा कि नकल नहीं दे सकते। आप आरटीआई से ले लो। इसके साथ ही उन्हें उच्च अधिकारियों से भी बात करने की सलाह दी। इसी बात से नाराज होकर पिता और बेटे ने ऑफिस का गेट बंद कर दिया और आक्रोशित बाप-बेटे ने लात-घूंसों से मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपी के बेटे ने जेब से लोहे की नुकीली चीज से हमला किया। जितेंद्र सैनी ने बताया कि हमले के दौरान सिर व मुंह पर गंभीर चोटें आई।

कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने मशक्कत के बाद बीच-बचाव कर बचाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर अरावली विहार थाना पुलिस भी नगर परिषद पहुंच गई, जहां से एलडीसी और उसके बेटे को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# स्पीड ब्रेकर पर बाइक जंप करने से उछलकर गिरी महिला की मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** कुंवारिया तहसील के बड़लिया गांव में बेटे के साथ बाइक पर जा रही महिला स्पीड ब्रेकर पर उछलकर गिर गई। महिला करीब 10 फीट तक फिसलती गई, सिर में चोटें आने से मौत हो गई। जागरण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद महिला पीहर में पिता से मिलने जा रही थी। घर से निकलने के बाद महज 7 किलोमीटर दूर ही यह हादसा हो गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार गोगाथला निवासी रतन कुमावत अपनी मां हमेरी बाई पत्नी गोपी लाल और 6 साल के बेटे के साथ इंदौर से 24 जनवरी को गांव आया था। गांव में भैंरूनाथ मंदिर के जागरण कार्यक्रम में शामिल के बाद पूजा-अर्जना कर धोक लगाई थी। महिला हमेरी बाई अपने बेटे रतन और पोते के साथ बाइक से अपने पीहर भांसोल जा रही थी। इस दौरान घर से करीब 7 किलोमीटर दूर बड़लिया गांव में अंधे स्पीड ब्रेकर की वजह से हादसा हो गया। स्पीड ब्रेकर पर बाइक के जंप करते ही महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ी। वह करीब 10 फीट तक फिसलती गई। सड़क पर गिरने के साथ ही महिला अचेत हो गई। घटनास्थल से बेटा करीब 10 मीटर 5आगे निकल गया था। बाइक रोककर वह तुरंत दौड़कर वापस आया। इससे पहले आसपास के लोग महिला के पास पहुंच चुके थे। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को हॉस्पिटल पहुंचाया, वहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें दूसरे हॉस्पिटल रैफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।



# पिकअप की टक्कर से पलटा पशु चारे से भरा ट्रक



महानगर टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय के लालसोट रामगढ़ पचवारा रोड के बिडोंली पर ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में पशुओं के चारे से भरा ट्रक पर पलट गया। थाना रामगढ़ पचवारा के हैड कांस्टेबल प्यार सिंह ने बताया कि ट्रक सवाई माधोपुर से जटवाड़ा की ओर जा रहा था, जबकि पिकअप चालक लालसोट की ओर से आ रहा था, जिसने शराब के नशे में पिकअप लहराते हुए पीछे से ट्रक में घुसा दी और कमानी टूटने से ट्रक पलट गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद मौके से पिकअप चालक फरार हो गया। हादसे के बाद करीब आधा घंटे तक सड़क मार्ग जाम रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और यातायात सुचारु करवाया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# रास्ते के झगड़े को लेकर चल रही पुरानी रंजिश में मां-बेटे और चाची को लाठी-डंडों से पीटा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** तिजारा थाना क्षेत्र के खलीलपुरी गांव में रास्ते के झगड़े में कुछ लोगों ने मां-बेटे व चाची को पीटा। महिला के सिर पर रॉड मार दी। महिला को तिजारा से अलवर रैफर किया गया। परिवार के लोगों ने बताया कि खलीलपुरी निवासी सीमा देवी और उनके बेटे चेतन जाट पर रास्ते को लेकर चल रही पुरानी रंजिश के चलते परिवार के ही उदयचंद, वीर सिंह, सुभाष और हेमंत सहित कई लोगों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया। अचानक हुए हमले में मां-बेटा बुरी तरह घायल हो गए। महिला के सिर पर रॉड लगने से खून से लथपथ हो गई। घायल चेतन जाट ने बताया कि पिछले तीन महीनों में उनके परिवार पर चार बार हमला हो चुका है। पिता की मृत्यु के बाद आरोपी पक्ष दबंगई दिखाते हुए बार-बार हमला करता है। चेतन का आरोप है कि हर बार शिकायत के बावजूद पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं करती। इससे आरोपियों के हौसले बढ़े हैं। फिलहाल पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तिजारा थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।

# बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस से टकराकर पलटी कचरे की गाड़ी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** स्कूल के बच्चों और एनसीसी कैडेट्स से भरी बस और ऑटो टिपर (कचरे वाली गाड़ी) के बीच टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कचरे वाली गाड़ी पलट गई। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जोधपुर के मंडोर इलाके में द उम्मेद स्कूल के बच्चों को लेकर बस निम्बा निंबड़ी इलाके से निकल रही थी। इसी दौरान मोड़ पर नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी निकल रही थी। कचरा उठाने वाली गाड़ी के मोड़ पर अचानक स्कूल बस के सामने आने से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ऑटो टिपर पलट गया। इधर हादसे के बाद बस में सवार स्कूली बच्चे रोने लगे। घटना के बाद आस पास के लोगों ने बच्चों को संभाला। बस में 7 स्कूली बच्चे और एनसीसी कैडेट भी थे। हादसे में स्कूली बस के ड्राइवर को भी पांव में चोट आई। इधर रोते हुए बच्चों को पास की दुकान में बैठाया गया। बच्चों के परिजनों को सूचित किया गया। इसके बाद दूसरी गाड़ी से घर भिजवाया गया।

## जमीन में गड़ा सोना मिलने का झांसा देकर लोगों को जाल में फंसाते थे आरोपी

# नकली सोना दिखाकर ठगने की फिराक में घूम रहे 3 दबोचे

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** खोरा बीसल थाना पुलिस ने नकली सोना दिखाकर आम लोगों से ठगी करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से करीब 2 किलो नकली सोना, चांदी जैसी धातु का एक सिक्का, एक मोबाइल फोन व 2 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। आरोपी 2 किलो नकली सोना देकर 15 लाख रुपए ठगने की फिराक में थे। तभी पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों दबोच लिया। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि सोमवार को थाना खोरा बीसल के थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि खोरा बीसल थाना क्षेत्र में बैनाड़ फाटक के पास ठगी करने वाली गैंग के बदमाश जमीन में गड़ा सोना मिलने का झांसा देकर लोगों को जाल में



फंसाते थे। आरोपी जेसीबी मशीन से खुदाई के दौरान गड़ा सोना मिलने की कहानी बनाकर भोले-भाले लोगों से ठगी करते थे। इसी तरीके से आरोपियों ने पीड़ित प्रकाश चंद मीणा से पहले नकली सोने का छोटा टुकड़ा देकर 10 हजार रुपए की ठगी की और बाद में 2 किलो नकली सोना देकर 15 लाख रुपए ठगने की फिराक में थे। तभी पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों दबोच लिया। मामले में पुलिस ने तीन आरोपी मालसिंह निवासी भट्टागांव उत्तर प्रदेश हाल निवासी खानाबदोश रेलवे स्टेशन, सूरज सोलंकी पुत्र देवेन्द्र सोलंकी निवासी सिकंदरा आगरा हाल निवासी खानाबदोश रेलवे स्टेशन और शांति देवी पत्नी मानसिंह निवासी कानपुर हाल निवासी खानाबदोश रेलवे स्टेशन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना खोरा बीसल में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है, आरोपियों से अन्य मामलों में वारदात का खुलासा भी हो सकता है।

facebook YouTube X twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।





# 'बॉर्डर 2' का बॉक्स ऑफिस पर धमाका, अमीषा पटेल बोलीं- तारा सिंह को पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं

**सिनेमाघरों** में रिलीज होने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 1997 की क्लासिक ड्रामा फिल्म की सीक्वल फिल्म कमाई के साथ दर्शकों का भी दिल जीतने में पीछे नहीं हट रही है। आम जनता से लेकर मनोरंजन जगत तक हर कोई फिल्म की तारीफ किए बिना नहीं रह पा रहा है। हाल ही में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'तारा सिंह को देखकर मैं बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। मैं मानती हूं कि फिल्म में वरुण, दिलजीत और अहान समेत सभी कलाकारों ने अच्छा काम किया होगा। मैं फिल्म और उसके गानों को फिर से महसूस करने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हूं।' अमीषा पटेल ने फिल्म की तुलना पर अपनी राय दी। उन्होंने कहा, 'मैंने अभी तक 'बॉर्डर 2' नहीं देखी है, लेकिन 1997 की 'बॉर्डर' देखी है। फिर भी, जिस तरह लोग इसे पसंद कर रहे हैं, लगता है कि टीम ने बहुत शानदार काम किया है। जैसे 'गदर 2' की तुलना 'गदर' से की गई थी, लेकिन 'गदर 2' के हिट होने के बाद सबने माना था कि यह अलग और शानदार फिल्म है, इसलिए मुझे लगता है कि तुलना नहीं करनी चाहिए। ये गलत इंप्रेशन डालती है।'

अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म में नई कहानियों के साथ नए कलाकार भी शामिल हैं, जिनमें वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे कलाकार सेना के जवानों के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं, मोना सिंह, सोनम बाजवा, मेधा राणा और अन्या सिंह जैसी अभिनेत्रियां हैं। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म के गाने दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं। वे उन्हें नॉस्टेल्जिया का अनुभव करवा रहे हैं।

'बॉर्डर 2' के निर्माता गुलशन कुमार और टी-सीरीज हैं। फिल्म के निर्देशक अनुराग सिंह हैं, जबकि भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी. दत्ता और निधि दत्ता इसके निर्माण में शामिल हैं। फिल्म को बिना किसी कट के यूए 13 प्लस के सर्टिफिकेट के साथ रिलीज किया गया है।

## 'बॉर्डर 2' में जैकी श्रॉफ और तब्बू को जगह नहीं मिलने पर डायरेक्टर अनुराग सिंह ने तोड़ी चुप्पी

**फिल्मों** के सीक्वल को लेकर दर्शकों की उम्मीदें हमेशा बहुत ज्यादा होती हैं। खासकर जब बात 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' की हो, तो सनी देओल, जैकी श्रॉफ और तब्बू जैसे कलाकारों ने उस फिल्म को खास बनाया था, लेकिन 'बॉर्डर 2' में जैकी श्रॉफ और तब्बू की कमी दर्शकों ने महसूस की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दोनों को फिल्म में शामिल न करने को लेकर कई सवाल किए। अब इन सभी सवालों का जवाब फिल्म निर्देशक अनुराग सिंह ने दिया है। उन्होंने कहा, 'किसी भी फिल्म की कास्टिंग भावनाओं या पुराने जुड़ाव के आधार पर नहीं, बल्कि कहानी की जरूरत के अनुसार होती है। फिल्म बनाते वक्त सबसे पहले कहानी पर ध्यान दिया जाता है, न कि इस बात पर कि किस अभिनेता को दोबारा लिया जाए। कहानी जिस तरह के किरदार मांगती है, कलाकारों का चयन उसी हिसाब से किया जाता है।' अनुराग सिंह ने कहा, 'कोई भी निर्देशक यह सोचकर स्क्रिप्ट नहीं लिखता कि उसे किसी खास अभिनेता को ही लेना है। पहले एक ऐसी कहानी लिखी जाती है, जो सच्ची लगे और दिल को छुए। उसके बाद यह सोचा जाता है कि उस किरदार को कौन सा कलाकार अच्छे से निभा पाएगा। कई बार ऐसा भी होता है कि किरदार लिखते समय किसी अभिनेता का चेहरा अपने आप दिमाग में आ जाता है, लेकिन यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया होती है, दबाव में लिया गया फैसला नहीं है।' सनी देओल को लेकर अनुराग सिंह ने कहा, 'बॉर्डर फ्रेंचाइजी को अगर किसी चेहरे से सबसे ज्यादा पहचाना जाता है, तो वह सनी देओल हैं। 'बॉर्डर' नाम आते ही दर्शकों के मन में सनी देओल की छवि उभर आती है। इसलिए अगर 'बॉर्डर' बनाई जा रही है, तो उसमें सनी देओल का होना जरूरी है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि सनी देओल और निर्देशक जेपी दत्ता की पहचान बन चुकी है।' अनुराग सिंह ने कहा, 'रचनात्मकता पर जोर डालकर किसी अभिनेता को कहानी में फिट नहीं किया जा सकता। कुछ फिल्मों में यह संभव हो सकता है, लेकिन 'बॉर्डर 2' जैसी गंभीर और भावनात्मक फिल्म में ऐसा करना सही नहीं होता। अगर कहानी किसी और दिशा में जा रही है, तो कलाकारों का चयन भी उसी रास्ते पर चलता।' निर्देशक ने कहा, 'पूरी स्क्रिप्ट, किरदारों की गहराई और कहानी की मांग को देखकर मुझे लगा कि जो कास्ट चुनी गई है, वही इस फिल्म के लिए सबसे सही है। इसलिए उसी फैसले के साथ आगे बढ़ा गया। किसी कलाकार को शामिल न करने का मतलब यह नहीं कि उनके काम या योगदान को कम आंका गया है।' 'बॉर्डर 2' में इस बार नई पीढ़ी के कलाकारों को अहम जिम्मेदारी दी गई है। फिल्म में वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे कलाकार सेना के जवानों के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं मोना सिंह, सोनम बाजवा, मेधा राणा और अन्या सिंह जैसी अभिनेत्रियां हैं। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।



# कंगना ने विक्टोरिया को कहा- 'रियल क्वीन'



**कंगना** रनौत कम ही लोगों को सपोर्ट करती हैं। हाल ही में वह हॉलीवुड सिंगर और फैशन डिजाइनर विक्टोरिया बेकहम की तारीफ करती नजर आईं। इन दिनों विक्टोरिया अपने एक पारिवारिक विवाद के कारण चर्चा में हैं। इन दिनों विक्टोरिया बेकहम का अपने बेटे ब्रुकलिन बेकहम और बहू से विवाद चल रहा है। यह पारिवारिक विवाद बढ़ता ही जा रहा है। बेटे ब्रुकलिन का कहना है कि मां विक्टोरिया ने उनके रिश्ते को खराब किया है। विक्टोरिया पर बेटे और बहू के आरोपों के बाद कंगना रनौत ने एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इसमें एक वीडियो है, जिसमें विक्टोरिया 2007 के लाइव रियलिटी शो में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए फोटो क्लिक करवाती हैं। कंगना ने इसी वीडियो पर कैप्शन लिखा है। वह लिखती हैं, 'किसी सास-बहू ड्रामा के कारण मैं विक्टोरिया से नफरत नहीं कर सकती हूं।' वह आगे पोस्ट में विक्टोरिया को 'रियल क्वीन' लिखती हैं।

## क्या है बैकहम परिवार से जुड़ा पूरा विवाद?


पिछले दिनों पूर्व फुटबॉलर डेविड बेकहम और सिंगर विक्टोरिया पर बेटे ब्रुकलिन बेकहम ने बड़ा आरोप लगाया। बेटे का कहना है कि पैरेंट्स ने उसके और पत्नी के रिश्ते को खराब किया है। ब्रुकलिन का कहना है कि शादी की शुरुआत से ही पैरेंट्स डेविड और विक्टोरिया उसकी मैरीड लाइफ में मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। साथ ही फैमिली फंक्शन में भी उन्हें इग्नोर किया जाता है। निकोल को वापस भेजने का दबाव बनाया गया। इन दिनों यह पूरा मामला खबरों में बना हुआ है। अब तक विक्टोरिया बेकहम ने इस पूरे मामले पर कुछ नहीं कहा है।

# सोशल मीडिया ने बदली मिथिला पालकर की जिंदगी, कभी नहीं की थी फिल्मों में आने की प्लानिंग



**'लिटिल थिंग्स'**, 'कारवां', 'चॉपस्टिक्स' और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री-गायिका मिथिला पालकर आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'हैप्पी पटेल' से सुर्खियां बटोर रही हैं। मिथिला फिल्मों से लेकर ओटीटी तक पर अपने अभिनय की कला को दिखा चुकी हैं। अब उन्होंने अपनी फिल्मी जर्नी शेयर की है और बताया है कि उन्होंने कभी भी एक्टिंग कॅरियर के लिए किसी तरह की प्लानिंग नहीं की, बल्कि सब कुछ अपने आप होता चला गया। अभिनेत्री मिथिला ने कहा, 'मैंने हमेशा यही कहा है कि अपने पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाने के लिए मैंने परिस्थितियों के अनुसार ही काम किया। एक एक्ट्रेस बनने के लिए मैंने इसे दोनों हाथों से अपनाया। मुझे क्या पता था कि इंटरनेट क्या कर देगा? 10 साल पहले, हम सभी इंटरनेट पर बस शुरुआत कर रहे थे। उस समय टीवी, थिएटर और फिल्में ही मुख्य थीं। रेडियो का भी अपना एक अलग ही प्रभाव था। इसलिए, हमें नहीं पता था कि इंटरनेट इस तरह से अपना प्रभाव डाल सकता है। इसलिए, मैं भी सोशल मीडिया पर एक्सपेरिमेंट कर रही थी। मैं हर उस चीज के साथ प्रयोग करने को तैयार थी जो मुझे एक कलाकार बनने में मदद करे।' उन्होंने कहा, 'मैंने हर चीज के लिए ऑडिशन दिया। मेरी जिंदगी जिस तरह से आगे बढ़ी है, मुझे नहीं लगता कि मैं इससे बेहतर योजना बना सकती थी। इसलिए मुझे खुशी है कि मैंने इसकी योजना नहीं बनाई, क्योंकि मैंने खुद को जिंदगी के फ्लो के साथ चलने की आजादी दी। मुझे फिल्टर कॉपी मिली, जिसने मुझे 'न्यूज दर्शन' दिया, जो एक नया व्यंग्य कॉमेडी शो था, जिसके बाद ध्रुव और मैंने दो कॉमेडी स्केच किए। उसके बाद, 'लिटिल थिंग्स' हुआ, 'गर्ल इन द सिटी' हुआ। तो, सब कुछ एक के बाद एक होता चला गया। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अगर मैंने इसकी योजना बनाई होती, तो मैं इसे इतनी अच्छी तरह से बना पाती।' कॅरियर की शुरुआत में मिथिला को कई लोगों से सहयोग मिला और वे खुद को लकी मानती हैं कि उनकी जर्नी में उन्हें अच्छे लोगों का साथ मिला। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मैं यह जरूर कहना चाहूंगी कि मैं भाग्यशाली थी कि सही समय पर सही लोगों से मिली। जिन लोगों से मैंने 8 साल पहले बात की थी, उसके बाद हमारी मुलाकात नहीं हुई, लेकिन 8 साल पहले, वे लोग मेरे जीवन में बहुत मायने रखते थे, मेरी यात्रा में उनका बहुत बड़ा योगदान था। और मैं उन लोगों को कभी नहीं भूलूंगी।'

## 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद कपूर, दिशा पाटनी ने लगाई आग, फिल्म 'ओ रोमियो' का नया गाना रिलीज



**विशाल** भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' जल्द ही रिलीज होगी। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं।

**शाहिद कपूर ने किया मून वॉक डांस:** 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं।

**कब रिलीज होगी 'ओ रोमियो':** 'ओ रोमियो' का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

# मॉडलिंग के लिए छोड़ी पढ़ाई, एक्टिंग के लिए घर से बगावत

## फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं 'पंजाब की कैटरीना' की कहानी



**हर** बड़े सपने की कीमत होती है और उसे पूरा करने के लिए कई मुश्किलों से गुजरना पड़ता है। सिनेमा की दुनिया में नाम कमाने के लिए 'पंजाब की कैटरीना' को भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जी हां, हम बात कर रहे हैं शहनाज गिल की, जो आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रहीं। शहनाज ने पढ़ाई छोड़कर मॉडलिंग की राह चुनी, परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग के लिए घर से भागीं। शुरुआती दिनों में घरवालों से नाता टूटा, अकेलेपन से जूझना पड़ा, लेकिन हिम्मत और लगन ने उन्हें सफलता भी दिलाई। संघर्ष, परिवार से बगावत और मेहनत से मिली सफलता की कहानी शहनाज गिल की है। पंजाबी सिनेमा और बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली शहनाज गिल ने 27 जनवरी को अपना जन्मदिन मनाया। उनकी जिंदगी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। मॉडलिंग के चक्कर में पढ़ाई छोड़ना, पिता से अनबन, घर से भागकर एक्ट्रेस बनने की ठानना और फिर बिग बॉस 13 से मिली शोहरत ने उन्हें 'पंजाब की कैटरीना' का खिताब दिलाया। शहनाज गिल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ। डलहौजी के डलहौजी हिलटॉप स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्हें मॉडलिंग का शौक हो गया। स्कूल के दिनों में ही उन्होंने छोटे-मोटे मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स शुरू कर दिए। स्कूलिंग पूरी होते ही उन्होंने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में बी.कॉम में दाखिला लिया, लेकिन मॉडलिंग की जिद में पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। इस फैसले से उनका परिवार उनसे नाराज भी रहा। मॉडलिंग से दूर रखने के लिए शादी की बात करने लगे, लेकिन शहनाज ने मना कर दिया। काम मिलता रहा, लेकिन पिता से अनबन बढ़ती गई। आखिरकार शहनाज ने घर छोड़ दिया और मॉडलिंग, एक्टिंग के लिए मुंबई की राह पकड़ ली। उन्होंने कसम खाई कि फेमस होने के बाद ही घर लौटेंगी। साल 2015 में एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट से उनके कॅरियर की शुरुआत हुई। इसके बाद उन्हें एक म्यूजिक वीडियो में काम मिला। फिर 'माझे दी जट्टी', 'पिंड दियां कुड़ियां' जैसे कई गाने आए। असली पहचान उन्हें गैरी संधू के 'येह बेबी रेफिक्स' से मिली। पंजाबी फिल्मों में भी उन्होंने 'सत श्री अकाल', 'काला-शा-काला' में काम किया। हिमांशी खुराना के साथ विवादों के बाद वह बिग बॉस 13 में पहुंची, जहां शहनाज ने खुद को 'पंजाब की कैटरीना कैफ' कहकर सबका ध्यान खींचा। उनकी हाजिरजवाबी, टूटी-फूटी इंग्लिश और सिद्धार्थ शुक्ला से बढ़ती नजदीकियां चर्चा में रहीं। शो के दौरान उनके पिता घर पहुंचे और उन्हें सपोर्ट किया। शहनाज शो की विनर तो नहीं बन पाईं, मगर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले प्रतिभागियों में से एक बनीं। बिग बॉस के बाद शहनाज का कॅरियर चमका। उन्होंने सिद्धार्थ शुक्ला के साथ 'भुला दूंगा','कह गई सॉरी', 'कुर्ता पजामा', 'वादा है', 'शोना शोना' जैसे कई हिट म्यूजिक वीडियोज किए। उन्होंने बॉलीवुड में सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान' से डेब्यू किया और 'थैंक यू फॉर कमिंग' में भी नजर आईं। फिलहाल शहनाज अपनी पंजाबी रोमांटिक कॉमेडी 'इक कुड़ी' से सुर्खियों में हैं।

## एक सप्ताह में आ जाएगी यूथ कांग्रेस की कार्यकारिणी

# नए कार्यकारिणी सदस्यों का इंटरव्यू के जरिए होगा चयन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस की यूथ कांग्रेस में रस्साकसी देखने को मिल रही है। हाल ही पिछले दिनों भंग हुई राजस्थान यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की नए सिरे से गठन की कवायद शुरू हो गई है। जिसकी आगामी सप्ताह तक घोषणा हो जाएगी, लेकिन इस बार आलाकमान ने यूथ कांग्रेस में सदस्यों की नियुक्ति के लिए इंटरव्यू प्रोसेस अपनाया है। इसके पदाधिकारी बनने के लिए अब तक करीब साढ़े पांच सौ से अधिक दावेदारों ने इंटरव्यू दिए। इंटरव्यू और संगठन के कामों की परफॉर्मेंस के आधार पर अब दावेदारों की 3 कैटेगरी बनेगी, फिर उसी आधार पर करीब 100 सदस्यों वाली पदाधिकारियों की पहली सूची जारी की जाएगी।

गौरतलब है कि विवादों और गुटबाजी की शिकार राजस्थान यूथ कांग्रेस की पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को पिछले दिनों भंग कर दिया था। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष



अभिमन्यु पूनिया ने बताया कि कार्यकारिणी भंग है और आगामी कुछ समय बाद ही पंचायतीराज और नगर निकाय के चुनाव होने हैं। ऐसे में संगठन को गतिशीलता देने के लिए कार्यकारिणी का गठन जरूरी हो गया था। ऐसे में संगठन ने इस बार बिना सिफारिश के मेरिट पर पदाधिकारियों के चयन का फैसला लिया है, इसके लिए पहली बार इंटरव्यू की कार्यप्रणाली शुरू की है, जिसके तहत प्रभारी और सह प्रभारी ने खुद जयपुर में दावेदारों के इंटरव्यू लिए। इस बार इंटरव्यू में संभाग वाइज दावेदारों के प्रभारी ने साक्षात्कार लिए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस में यूथ कांग्रेस अलग-अलग खेमों में बंटी हुई थी।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के फार्मूले से यूथ कांग्रेस में गुटबाजी हो रही है। जब पिछले दिनों संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा को राजस्थान दौरे के दौरान गुटबाजी का पता चला तो उन्होंने कार्यकारिणी को भंग कर दिया। अब वह प्रोसेस शुरू कर दिया गया हैं, लेकिन अब फिर सवाल वही खड़ा हुआ है कि तीन प्रदेशाध्यक्ष हैं तो फिर गुटबाजी होगी। इस समय यूथ कांग्रेस में एक प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया और दो कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र मूंड और यशवीर शूरा हैं, जो कि पिछले चुनाव से बने हुए हैं।

## सुगम रेल संचालन के लिए चूरू-सादुलपुर रेलखंड के हडयाल स्टेशन पर किया जा रहा सब-वे कार्य

# कई ट्रेनें रहेंगी आंशिक रद्द तो कई का होगा मार्ग परिवर्तित

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** रेलवे द्वारा चूरू-सादुलपुर रेलखंड के हडयाल स्टेशन पर सब-वे कार्य निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की गाड़ी संख्या 14897 बीकानेर-हिसार ट्रेन जो 27 जनवरी से 8 फरवरी तक बीकानेर से प्रस्थान करेगी, वह चूरू तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन चूरू-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14898 हिसार-बीकानेर ट्रेन 28 जनवरी से 9



फरवरी तक हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन हिसार-चूरू के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54604 लुधियाना-चूरू ट्रेन जो 27 जनवरी से 8 फरवरी तक लुधियाना से प्रस्थान करेगी, वह हिसार तक संचालित होगी। यह ट्रेन हिसार-चूरू के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54605, चूरू-लुधियाना ट्रेन 28 जनवरी से 9 फरवरी तक चूरू के स्थान पर हिसार से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन चूरू-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार ट्रेन जो 27 जनवरी से 8 फरवरी तक जोधपुर से प्रस्थान करेगी, वह चूरू तक संचालित होगी। यह ट्रेन चूरू-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर ट्रेन 28 जनवरी से 9 फरवरी तक हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन हिसार-चूरू के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर ट्रेन जो 28 जनवरी से 9 फरवरी तक रेवाड़ी से प्रस्थान करेगी, वह सादुलपुर तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन सादुलपुर-बीकानेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी ट्रेन 28 जनवरी से 9 फरवरी तक बीकानेर के स्थान पर सादुलपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बीकानेर-सादुलपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54604/54605 लुधियाना -चूरू- लुधियाना ट्रेन 1 दिसंबर से 23 फरवरी तक रद्द रहेगी।

### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं ( प्रारंभिक स्टेशन से)

- 20404 लालगढ़-सूबेदारगंज (प्रयागराज) ट्रेन जो 29, 31 जनवरी, 2, 5 व 7 फरवरी को लालगढ़ से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर होकर संचालित होगी। ट्रेन फतेहपुर शेखावाटी स्टेशन नहीं रुकेगी।
- गाड़ी संख्या 20497 रामेश्वरम्-फिरोजपुर ट्रेन जो 27 जनवरी व 3 फरवरी को रामेश्वरम् से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग सीकर, लोहारू, सादुलपुर होकर संचालित होगी। यह ट्रेन झुंझुनूं व लोहारू स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी।
- गाड़ी संख्या 19813 कोटा-सिरसा ट्रेन जो 29, 31 जनवरी, 2 व 5 फरवरी को कोटा से प्रस्थान करेगी, वह परिवर्तित मार्ग सीकर, लोहारू, सादुलपुर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन नवलगढ़, डूंडलोद मुकंदगढ़, झुंझुनू, चिड़ावा, सूरजगढ़ व लोहारू स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 20404, लालगढ़-सूबेदारगंज (प्रयागराज) ट्रेन जो 29, 31 जनवरी, 2, 5 व 7 फरवरी को लालगढ़ से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 45 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।

### रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी 2 जोड़ी एवं जयपुर-भिवानी जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का संचालन

**रेलवे** द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी 2 जोड़ी एवं जयपुर-भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09633 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 20 से 28 फरवरी तक (9 ट्रिप) रेवाड़ी से 22:50 बजे रवाना होकर 01:45 बजे रींगस पहुंचेगी।

- गाड़ी संख्या 09634 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 21 फरवरी से 01 मार्च तक (9 ट्रिप) रींगस से 02:05 बजे रवाना होकर 05:10 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में अटेली, नारनौल, डाबला, नीम का थाना, कावंट व श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में डेमू रैक के 16 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 09637 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 20 से 28 फरवरी तक (9 ट्रिप) रेवाड़ी से 11:00 बजे रवाना होकर 14:20 बजे रींगस पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 09638 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 20 से 28 फरवरी तक (0 ट्रिप) रींगस से 14:55 बजे रवाना होकर 18:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में कुंड, काठूवास, अटेली, नारनौल, अमरपुर जोरासी, निजामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कावंट व श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 8 साधारण श्रेणी एवं गार्ड श्रेणी के 2 डिब्बों सहित कुल 10 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 09733 जयपुर-भिवानी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 16 से 28 फरवरी तक (13 ट्रिप) जयपुर से 7:00 बजे रवाना होकर 14:20 बजे भिवानी पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 09734 भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 16 से 28 फरवरी तक (13 ट्रिप) भिवानी से 16:05 बजे रवाना होकर 23:25 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में ढेहर का बालाजी, नींदर बैनाड़, चौमूं सामोद, गोविंदगढ़ मलिकपुर, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, कोसली, झाडली व चरखी दादरी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में 9 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बे होंगे।


### तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी

**श्री कालुराम जी**

का देवलोक गमन दिनांक 26.1.2026 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक 28.1.2026 को निवास स्थान- चौधरियों की ढाणी, खोरा बिसल, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**

हनुमान सहाय (ताऊजी), बाबूलाल, रतनलाल, बंशीधर, बोदूराम, सुवालाल, गोपीराम, मुकेश, छोटूराम, दिनेश (भाई), प्रकाश, अमरचंद, भेरूराम, रोशन, अर्जुन, शैतान, विजय, सुमित, अजय, अरुण, रवि, नाथूराम, दिलखुश (पुत्र), हेमराज, बिटटू, हितेश, युवराज (पौत्र) समस्त दम्बीवाल परिवार

मो 9929680131,7742170029





स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25